जबलपुर
बुधवार 4 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 21, अंक : 181
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 19

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल
मैट्रो
14 भोपाल से अलग होगा पूर्वी....



जयस नेता पर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

बड़वानी। सेंधवा के सिविल अस्पताल में 17 वर्षीय किशोरी ने



मृत बच्चे को जन्म दिया। किशोरी ने जयस नेता राहुल सोलंकी पर दुष्कर्म करने और गर्भवती होने के बाद गर्भपात की गोलियां देने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी लोहानी का नामांकन रद्द

भोपाल। मप्र में राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच में



कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी का पर्चा निरस्त कर दिया गया। उन्होंने अनिवार्य फॉर्म-26 जमा नहीं किया था। वहीं, प्रत्याशी कांते सायन्ना का नामांकन भी प्रस्तावक नहीं होने के कारण खारिज हो गया।

सुजानिया ने इस्तीफे का कारण बताया निजी, कहा- पिछले डेढ़ साल से सोच रहा था

आईपीएस सुजानिया ने दिया इस्तीफा 5 दिन पहले ही सागर से हटाए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वे मुरैना के बाद सागर में भी शराब कांड के बाद हटाए गए थे। हालांकि, दोनों जिलों के शराब कांड में उनकी कोई संलिप्तता साबित नहीं हुई थी

मप्र कॉडर के 2014 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अफसर अनुराग सुजानिया (38) ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएस पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य सरकार ने अभी 5 दिन पहले ही उन्हें सागर एसपी के पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) पद पर पदस्थ किया था। सागर में वे महज छह महीने तक ही एसपी के पद पर पदस्थ रहे। सुजानिया दो जिलों मंदसौर और मुरैना के एसपी भी रह चुके हैं। वे सागर से वहां हुई अवैध शराब से हुई मौतों के बाद भोपाल भेजे गए थे। आईपीएस सुजानिया ने अपने इस्तीफे में निजी कारणों का उल्लेख किया है। उनका कहना है कि वे पिछले डेढ़ साल से सेवा मुक्त होने की सोच रहे थे। उन्होंने आईपीएस जैसे अति महत्वाकांक्षी पद से इस्तीफा क्यों दिया है, इसका असल खुलासा नहीं हो पाया है। उनका इस्तीफा स्वीकार हुआ है या नहीं, इस बारे में अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है। वे आगे क्या करेंगे और उनका क्या प्लान है? इसका भी खुलासा नहीं हो सका है। सुजानिया मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। वे तीन जिलों में एसपी के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। मुरैना में शराब कांड तथा सागर में भी शराब कांड के बाद हटाए गए थे। हालांकि दोनों जिलों के शराब कांड में उनकी संलिप्तता साबित नहीं हुई थी।

▶▶ छह महीने ही सागर में रह पाए थे



- सुजानिया मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले
- वे तीन जिलों में एसपी के पद पर सेवाएं दे चुके

देश के ये आईपीएस अफसर... जिन्होंने बीच सेवा छोड़ी नौकरी

1.	काम्या मिश्रा (बिहार)	5 साल की सेवा
2.	के. अन्नामलाई (तमिलनाडु)	8 साल की सेवा
3.	अजीत जॉय (पश्चिम बंगाल)	12 साल की सेवा
4.	सिद्धार्थ कौशल (आंध्र प्रदेश)	13 साल की सेवा
5.	शिवदीप वामनराव लांडे (बिहार)	18 साल की सेवा

मुख्यमंत्री ने ली पुलिस अफसरों की आपात बैठक

शराब माफिया पर सख्त कार्रवाई करें पुलिस संलिप्त तो कठोर कार्रवाई होगी

मप्र को वर्ष 2029 तक हर हर हाल में नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अचानक सभी पुलिस अफसरों को मुख्यमंत्री निवास तलब कर लिया। पहले वे खुद पुलिस मुख्यालय में पुलिस अफसरों की बैठक लेने वाले थे। सभी पुलिस अफसरों को अनिवार्य रूप से बैठक में मौजूद रहने के लिए कहा गया था। किंतु बाद में स्थान बदल दिया गया। मुख्यमंत्री ने पुलिस के आला अफसरों से साफ कर दिया कि हर हाल में प्रदेश में कानून का राज होना चाहिए। इसमें किसी भी तरह से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मैदानी अफसरों को दी हिदायत

मुख्यमंत्री ने पुलिस अफसरों के साथ बैठक में साफ कर दिया कि किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने मैदानी अफसरों को भी हिदायत दी कि कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। यदि कहीं से भी कोई गंभीर शिकायत मिली तो ऐसे अफसरों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा।

खातेगांव टीआई पुरी हत्याकांड केस

3 संदिग्धों से पूछताछ.... कांग्रेस नेता राहुल की संलिप्तता की पुष्टि

- राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष जायसवाल पार्टनर
- टिमरनी वाइन शॉप के मैनेजर भूपेंद्र राणा ने खोले राज
- डीजी उपेंद्र जैन जांच की कमान संभालेंगे वे देवास पहुंचे


राहुल जायसवाल

हरिभूमि न्यूज:भोपाल। इंदौर-बैतूल हाईवे पर अवैध शराब की चेकिंग के दौरान खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी को आयशर वाहन से बेरहमी से कुचलकर मार डालने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस पूरे तस्करी नेटवर्क में लिकर कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता पदाधिकारी राहुल जायसवाल की संलिप्तता सामने आई है, जिन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने खातेगांव विधानसभा का प्रभारी नियुक्त कर रखा था। जांच में सामने आया कि टिमरनी स्थित शराब दुकान में कांग्रेस नेता राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष जायसवाल पार्टनर हैं। पुलिस ने रेडगांव टिमरनी वाइन शॉप के मैनेजर भूपेंद्र राणा को हिरासत में लिया है, जिसने पुलिस के सामने कांग्रेस नेता व उनके भाई की पार्टनरशिप की पुष्टि की है। हरदा के शराब कारोबारी व लिकर कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जायसवाल का नाम आने के बाद शराब तस्करी नेटवर्क की जांच तेज हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजी उपेंद्र जैन जांच की कमान संभालेंगे।


दिलीप पुरी (मृतक)

कांग्रेस दे रही शराब माफिया को संरक्षण : भाजपा

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सोशल मीडिया पर जीतू पटवारी और राहुल जायसवाल के संबंधों पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस पर शराब माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया। तस्करी में प्रयुक्त आयशर वाहन खरगोन निवासी अकील कुरैली के नाम पर पंजीकृत पाया गया है। आबकारी निरीक्षक पूजा गेहलोत ने बताया कि जब्त वाहन में ऊपर नहीं, बल्कि नीचे एक विशेष गुप्त कंपार्टमेंट बनाकर बिना किसी वैध परमिट के 100 से 200 शराब की पेटियां तस्करी के लिए ले जाई जा रही थीं। टीआई द्वारा चेकिंग के लिए रुकवाते ही चालक ने उन पर वाहन चढ़ा दिया। वाहन में शराब परिवहन से संबंधित कोई भी वैध परमिट मौजूद नहीं था।



प्रधानमंत्री मोदी ने वीसी से किया पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन

2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क था, अब 1200 किमी हो गया, मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में थी अब 26 शहरों में चल रहीं

◆ भारत का मेट्रो नेटवर्क पिछले 12 वर्षों में 248 किमी से बढ़कर 1,200 किमी हुआ

भारत दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल

एजेंसी ▶▶ पुणे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है।

2014 में मेट्रो सेवाएं केवल 5 शहरों में उपलब्ध थीं जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चल रही है। हर दिन 1 करोड़ से अधिक लोग मेट्रो से यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया के शीर्ष 3 मेट्रो नेटवर्क वाले देशों में शामिल है।



केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ

मोदी ने कहा कि इस संकट के समय केंद्र और राजग सरकार पूरी मजबूती से किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस स्थिति से प्रभावित किसान और ग्रामीण परिवार भी दिवाली मना सकें।

देश सेवा का संकल्प पूरा कर रहा

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि जब देश ने सेवा करने का मौका दिया तो हमने मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया।

सरकार का जोर जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर

देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे में व्यापक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पूरे देश में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार यह दर्शाता है कि सरकार का जोर 'जन-केंद्रित' और 'सक्रिय सुशासन' पर रहा है। पुणे मेट्रो के विस्तार से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आने-जाने में लगने वाला समय बचेगा और शहर की उत्पादकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। उन्होंने कहा कि हिंजवाडी और शिवाजीनगर के बीच मेट्रो सेवा शुरू होने से पुणे के एक प्रमुख आईटी हब को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी

680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम चल रहा

मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में 2014 में सिर्फ 11 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जो अब बढ़कर लगभग 200 किलोमीटर हो गया है, जबकि 680 किलोमीटर से अधिक लंबी मेट्रो लाइन पर काम जारी है। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में अकेले मेट्रो बुनियादी ढांचे में 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आ रहा है। इससे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

लोगों को मिलेंगी कई सुविधाएं

यह कॉरिडोर हिंजवाडी आईटी हब को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलने, यातायात जाम कम होने और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

हरियाणा में बेरोजगारों को मिलेंगे 2000 रुपए

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत



आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 1200 रुपएऔर स्नातक या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं



एक्सपो-2026' के दौरान 'टीम यूरोप पवेलियन' पहुंचे। यह सम्मेलन 2 से 5 नवंबर तक हो रहा। भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा एवं जलवायु साझेदारी की सराहना की। स्वच्छ ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, स्मार्ट ग्रिड में सहयोग को मजबूत किया जा रहा है।

जयपुर में बड़ी कार्रवाई 35 हजार लीटर घी जब्त

जयपुर। यहां फूड सिक्योरिटी विभाग की टीम ने मिलावट के शक में करीब 35 हजार लीटर घी जब्त



किया। टीम ने एक मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग फैक्ट्री को भी सील कर दिया। यह कार्रवाई राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत की। खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री का निरीक्षण किया।

आज 'ई-फाइलिंग 3.0' पर कार्यशाला करेगी सरकार

नई दिल्ली। न्याय विभाग, कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से बुधवार को को 'ई-फाइलिंग 3.0: प्रक्रिया से व्यवहार तक' विषय पर कार्यशाला आयोजित होगी। ई-कोर्ट्स मिशन मोड परियोजना के तहत होने वाली यह कार्यशाला विज्ञान भवन स्थित हॉल नंबर-5 में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल होंगे।



अनिल ग्रुप की 510 करोड़ की संपत्ति कुर्क

मुंबई। ईडी ने बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में रिलायंस अनिल



अंबानी ग्रुप पर एक बार फिर बड़ा कानूनी शिकंजा कसा है। समूह से जुड़ी कंपनियों के बैंक फ्रॉड मामलों में 510.17 करोड़ मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। जब्त कुल परिसंपत्तियों का आंकड़ा 23,100 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में लखनऊ में बोले चौहान

कर्जन, जिन्ना के बाद राहुल गांधी तीसरी बार भारत को बांटने की साजिश रच रहे हैं

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर देश को विभाजित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने और देश को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को बांटने की पहली साजिश 1905 में लॉर्ड कर्जन ने की थी। दूसरी 1947

■ वोट चोरी पर वार पलटवार

में मोहम्मद अ ली जिन्ना ने की थी।

उन्होंने एसआईआर का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अवैध प्रवासियों ,फर्जी मतदाताओं के हितों की रक्षा के लिए इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। चौहान ने यहां 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की तथा कहा कि उनके नेतृत्व ने देश और राज्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने उत्तर प्रदेश में सचमुच कुछ असाधारण एवं ऐतिहासिक किया है।



कांग्रेस ने कई राज्यों में वजूद खोया

चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने कई राज्यों में अपना राजनीतिक असर खो दिया है, ऐसे में उसके साथ जुड़ने से उसके सहयोगी दलों को भी राजनीतिक नुकसान होगा। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र को हिंसा और अव्यवस्था वाले तंत्र में बदलना चाहते हैं क्योंकि वे चुनावी राजनीति के जरिए भाजपा और राजग को हरा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे लोगों के बीच हमें हरा नहीं पाए, तो उन्होंने दूसरे तरीके आजमाने शुरू कर दिए।

विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं

शिवराज ने आरोप लगाया कि आज, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन देश को बांटने एवं इसे अराजकता की आग में धकेलने की तीसरी साजिश की कोशिश कर रहे हैं। चौहान ने दावा किया कि विदेशी ताकतें ऐसे अभियानों को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी ताकतों के सहारे राहुल देश से खिलवाड़ कर रहे हैं।

करोड़ों लोग अपने पते पर नहीं मिले

चौहान ने वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर मरे हुए लोगों और अपने पंजीकृत पते से गए हुए मतदाताओं के नाम हटाने के लिए जरूरी था। उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ मतदाता अपने पंजीकृत पते पर नहीं मिले, जबकि 6.3 करोड़ अपनी पिछली जगहों से चले गए थे।

बरेली में नड्डा ने किया विपक्ष पर वार

चुनाव हारने पर विपक्ष ईवीएम को ठहरा रहा जिम्मेदार



बरेली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। नड्डा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार को बरेली में थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एकमात्र काम भ्रम फैलाना है। वह लगातार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाता है और चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है।

अनुराग का राहुल पर पलटवार

वोट चोरी नहीं हुई, कांग्रेस को जनता ने वोट देना ही बंद कर दिया



चंडीगढ़। भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर वोट चोरी के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी नहीं हुई, बल्कि जनता ने कांग्रेस को वोट देना बंद कर दिया है।कांग्रेस हार का ठीकरा कभी ईवीएम, चुनाव आयोग और कभी एसआईआर पर फोड़ रही है। राहुल के 13 करोड़ लोगों के वोट कटने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इतने बड़े स्तर पर वोट काटे गए हैं तो कांग्रेस नाम और प्रमाण दे।

राहुल के विदेशी मदद वाले बयान पर बोले रिजिजू

दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ा रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राहुल ने दावा किया कि मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और इसी के सहारे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती भी दी। अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने राहुल पर भारत के दुश्मनों का एजेंडा आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि यह वैसा ही है, जैसे इस्लामी कट्टरपंथी धर्मनिरपेक्षता की बात करें, अलगाववादी भारतीय झंडा लेकर चलें और अराजकतावादी संविधान की किताब दिखाएं।

भाटिया ने किया विपक्ष पर बड़ा हमला

राहुल सत्ता के लिए देश को जला रहे, अराजक बना रहे

हिंसक प्रदर्शन भारतीयों के स्वभाव में नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे नेता बन गए हैं, जो लोकतंत्र का गला घोंटकर अराजकता लाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल की राजनीति हिंसक विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने वाली है। भाटिया ने कहा कि भारत और भारतीय अराजकता तथा हिंसक प्रदर्शनों को पसंद नहीं करते। देश के लोगों का संविधान में विश्वास है और वे अराजकता को कुचल देते हैं। भाटिया ने राहुल पर निशाना साधते हुए एक लोकप्रिय वेब सीरीज के किरदार का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस किरदार की तरह राहुल भी सत्ता के प्रति जुनूनी हैं। भाटिया ने कहा कि वह सत्ता पाने के लिए पूरा देश जलाने तक को तैयार है और राख का राजा बनकर भी शासन करना चाहता है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च का किया जिक्र

भाटिया ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में हिस्सा लिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इन मार्चों का उद्देश्य देश में लोकतंत्र और सांविधानिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करना है। उन्होंने कहा कि हिंसक प्रदर्शन भारतीयों की प्रकृति और उनके मूल्यों का हिस्सा नहीं हैं।

यही चलता रहा तो लोग राहुल का विकल्प ढूंढ लेंगे: भाजपा ने एसआईआर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अभियान को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर हमला तेज करते हुए मंगलवार को कहा कि अगर राहुल गांधी सत्ता परिवर्तन के लिए अपने अराजकता के मॉडल को जारी रखते हैं, तो जनता विपक्ष में उनकी जगह कोई दूसरा विकल्प ढूंढ लेगी।

दम हो तो यह बोलकर दिखाएं नेहा

भाटिया ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर दम है तो नेहा बोरा यह भी बोलकर दिखाएं कि मस्जिदों और मदरसों में मौलवी मुस्लिम बच्चियों के साथ दुराचार करते हैं। नेहा इस तरह की बात नहीं कहेंगी। इस तरह का चुनिंदा विरोध गलत मंशा से किया जा रहा है।

निर्वाचन को चुनौती पर चुनौती दी

याचिका की सुनवाई में प्रारंभिक मुद्दा तय करने से किया इनकार,अर्जी रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नई याचिका खारिज कर दी। इसमें उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव में पाटन सीट से अपने निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान प्रारंभिक मुद्दा तय करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने 28 सितंबर को भी पूर्व मुख्यमंत्री की उस याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने भाजपा नेता विजय बघेल की ओर से उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका को लेकर हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मंगलवार को चुनाव याचिका की सुनवाई में देरी करने के प्रयासों पर नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि चुनाव याचिकाओं का निपटारा उचित समयसीमा के भीतर होना चाहिए।



लद्दाख विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव

अभाविप ने 8 में से 5 सीट जीतीं नामग्याल अध्यक्ष, त्सेरिंग उपाध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने लद्दाख विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में 8 में से 5 सीट जीती हैं। अभाविप ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छात्र शाखा अभाविप के अनुसार हाल में हुए इस चुनाव में दावा नामग्याल को अध्यक्ष, त्सेरिंग यांगडोल को उपाध्यक्ष, स्टैनज़िन रिग्डोल को महासचिव, राब्सकिट डोलमा को संयुक्त सचिव और तेनज़िन त्सेवांग को खेल सचिव चुना गया। परिषद की जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख इकाई के सचिव सन्नक



श्रीवत्स ने कहा कि यह जीत छात्र कल्याण, शैक्षणिक विकास और रचनात्मक नेतृत्व के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता में विद्यार्थियों के भरोसे को दर्शाती है। ऐसी जीत हासिल करना पूरे अभाविप परिवार के लिए गर्व की बात है। यह जनादेश एक स्पष्ट संदेश देता है कि 'जेन जी' अभाविप के साथ है और जिम्मेदार छात्र नेतृत्व के इसके दृष्टिकोण में विश्वास रखता है।

कर्नाटक लोक सेवा आयोग में भर्ती घोटाला

आंसर-की लीक कर वसूली रिश्वत, वे 35 करोड़ से बनवा रहे थे ड्रीम प्रोजेक्ट

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के गिरफ्तार चेयरमैन शिवशंकरप्पा साहूकार अपने गृहनगर में 35 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बनवा रहे थे। इस कॉम्प्लेक्स में स्कूल, हॉस्टल, खेल का मैदान, मॉल और कन्वेंशन हॉल बनाने की योजना थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह दावा किया। इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्चरल डिजाइन भी तैयार कराए गए थे। यह कॉम्प्लेक्स



कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर में साहूकार की पत्नी के नाम पर मौजूद जमीन पर बनाया जाना था। ईडी ने यह भी बताया कि जनवरी में हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में कथित तौर पर लीक हुई आंसर-की के बदले रिश्वत देने वाले एक उम्मीदवार के पिता को प्रस्तावित स्कूल का केयरटेकर बनाने की योजना थी।

9 उम्मीदवारों को आंसर-की लीक करने का आरोप

शिवशंकरप्पा साहूकार और केपीएससी सदस्य बीवी गीता पर 9 उम्मीदवारों को 9 जनवरी को हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की परीक्षा की आंसर-की उपलब्ध कराने और इसके बदले 10 लाख से 40 लाख रुपए तक रिश्वत लेने का आरोप है। साहूकार ने तीसरी रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार के पिता से 20 लाख की कथित डील में से 10 लाख रुपये लिए थे, जबकि गीता ने पहली रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार से 40 लाख की डील के तहत 20 लाख प्राप्त किए थे।

आंध्र प्रदेश में चक्रवात मुरासु ने बरपाया कहर, जनजीवन अस्त- व्यस्त

10,805 लोग 171 राहत शिविरों में शिफ्ट

एजेंसी ▶▶ अमरावती

त्वरित मदद के लिए नायडू ने केंद्र का आभार जताया

चक्रवात 'मुरासु' के कारण 15 जिलों में 30.661हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। सर्वाधिक प्रभावित जिलों में कृष्णा, बापटला और नंद्याल शामिल हैं। धान, कपास और मक्के की फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका है। 10,805 लोगों को चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया। राज्य सरकार ने 171 राहत शिविर स्थापित किए हैं और 14,810 भोजन के पैकेट वितरित किए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 'मुरासु' गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा। आंध्र प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अभी किसी की जान नहीं गई : एनडीआरएफ



नई दिल्ली। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने कहा कि आंध प्रदेश में चक्रवात 'मुरासु' के चलते किसी की जान नहीं गई है। एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मोहसिन शहीदी ने बताया कि इस संघीय आपातकालीन बल ने चक्रवात से 'सबसे अधिक प्रभावित' तटीय राज्य आंध्र प्रदेश में 14 दल तैनात किए हैं। लगभग 1.75 लाख लोग इस चक्रवात से प्रभावित हुए हैं करीब 10,000 लोगों को 171 राहत शिविरों में ठहराया गया है।

ओडिशा में भूस्खलन के बाद लापता 10 लोगों की तलाश तेज

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने गंजाम-कंधमाल सीमा पर पहाड़ी गांव में भूस्खलन के बाद लापता हुए 10 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया है। लोगों की तलाश के लिए जमीन के भीतर की वस्तुओं का पता लगाने वाले रडार (जीपीआर) और अन्य विशेष उपकरणों की मदद ली जा रही है। पिछले सप्ताह चक्रवात 'अनंब' के दौरान बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद ये 10 लोग लापता हो गए थे।

कई राज्यों में आंधी-बारिश होगी



बंगाल की खाड़ी से उठा 'मुरासु' अब आगे बढ़ चला है। आईएमडी के अनुसार यह सुबह 03:30 से 05:30 बजे के बीच नेल्लोर और नरसापुर के मध्य, ओंगोल के निकट तट को पार कर गया। अब एक गहन अवदाब में तब्दील हो जाएगा। इससे कई राज्यों में आंधी-बारिश होगी।

कश्मीर की सियासत में 'गरमी'

नेकां में बढ़ी दरार, रुहुल्ला ने पार्टी से कहा-अलविदा

एजेंसी ▶▶ लद्दाख



सांसद आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी ने समर्थकों की भारी मौजूदगी के बीच मंच से जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़ने का ऐलान कर दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अब पार्टी का हिस्सा नहीं हैं और खुद को नेशनल कॉन्फ्रेंस से अलग कर रहे हैं। रुहुल्ला ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि मैं आप सबका शुक्रगुजार हूं कि आप यहां आए। यहां कुर्सी संभालनी नहीं, बल्कि कुर्सी से उतरना था। उन्होंने कहा कि दोपहर 2:40 बजे तक वह नेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा थे, लेकिन अब वह खुद को पार्टी से आजाद करते हैं। उन्होंने कहा कि वह अब पार्टी का हिस्सा नहीं हैं और खुद को नेशनल कॉन्फ्रेंस से अलग कर रहे हैं।

यहां कुर्सी संभालनी नहीं, बल्कि कुर्सी से उतरना था। रुहुल्ला ने अपना इस्तीफा मोहम्मद अशरफ मट्टू को सौंपा और उनसे कहा कि वह इसे अपने हाथों से संबंधित लोगों तक पहुंचाएं।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी के सम्मान में भूटान में पवित्र स्तूप

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भूटान के राजा



जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति विशेष सम्मान के प्रतीक के रूप में गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में एक पवित्र स्तूप समर्पित किए जाने को अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानजनक कदम बताया। रिजिजू ने कहा कि पीएम मोदी ने गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना को लगातार समर्थन दिया है और इसी सम्मान में उनके नाम पर स्तूप समर्पित किया गया है।

भारत-यूएस के बीच टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास शुरू

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच पांचवें द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत



(एचएडीआर) अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ 2026' की शुरुआत हो गई है। इसका उद्घाटन समारोह 2 नवंबर को विशाखापत्तनम स्थित मैरीटाइम वारफेयर सेंटर में आयोजित किया गया। इस वर्ष यह अभ्यास टेबलटॉप एक्सरसाइज के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान दोनों देशों के बीच समन्वय स्थापित करना है।

नकली दवाओं के रैकेट पर ईडी की छापेमारी

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में ईडी की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत नकली दवाओं के रैकेट से जुड़े लोगों और कंपनी के पांच ठिकानों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। ईडी की ओर से यह कार्रवाई 18 अगस्त से चल रही मनी-लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई। यह केस तवरेकेरे पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई 18 अगस्त को एक प्रॉपर्टी पर की गई जॉइंट सर्च से जुड़ी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायवाल का खुलासा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान 23 भारतीयों की मौत, इनमें 15 नाविक



नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त दो हेलिकॉप्टर

यूरोप में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और अशांति को लेकर भारतीयों को सचेत रहने की सलाह

छात्रों का शोषण रोकने जारी की एडवाइजरी



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

रणधीर जायसवाल ने उज्बेकिस्तान मामले पर कहा कि ताशकंद में हमारे दूतावास और नेशनल मेडिकल कमीशन ने छात्रों के लिए कुछ दिशा-निर्देश या एडवाइजरी जारी की है। ये उन छात्रों के लिए है जो उज्बेकिस्तान या अन्य जगहों पर पढ़ाई करना चाहते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान भारत के 23 नागरिकों की मौत हुई है। इनमें 15 भारतीय नाविक थे। वहीं, काला सागर क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। दो भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं। नेपाल में दो हेलिकॉप्टरों के आपस में टकराने के मामले पर रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस घटना की खबरें और कुछ तस्वीरें भी देखी हैं। इसमें दो हेलिकॉप्टर शामिल थे। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है। हमारे दूतावास ने इसकी पुष्टि की है और शोक जताया है। हम जल्द से जल्द शव को भारत वापस लाने की कोशिश करेंगे। बता दें, नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया। दोनों हेलिकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे। हादसा सुबह 8:11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ। यहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलिकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक फिशटेल एयर के हेलिकॉप्टर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौत हुई है।



भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा

जायसवाल ने बताया कि जी20 बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इनमें से एक बैठक रूस के विदेश मंत्री के साथ थी। इस बैठक में भी रूस में फंसे भारतीय नागरिकों की रिहाई पर की चर्चा की गई। जहां तक उन भारतीय नागरिकों की रिहाई का सवाल है जो अभी भी रूसी पक्ष के पास हैं, तो यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे हम रूसी पक्ष के साथ अलग-अलग स्तरों पर लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस में नौकरी करने जाने वाले भारतीयों को भी इस बारे में सचेत रहना चाहिए कि वे नियोक्ता के बारे में अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

होर्मुज में भारतीय जहाज पर हमला

14 भारतीय नाविक सवार थे, 1 की मौत, भारत ने जताया दुख

एजेंसी ▶▶ ओमान



एआई इमेज

होर्मुज स्ट्रेट में 2 नवंबर को एक भारतीय जहाज पर हमला हुआ। इसमें गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई। जहाज पर सवार बाकी 13 भारतीयों को ओमान के तटीय सुरक्षा दलों ने सुरक्षित बचा लिया। मृतक की पहचान गांधार नाहीम अजीज के रूप में हुई है।

जहाज का नाम एमएसवी अल जुसुफी है। हमला कैसे हुआ और किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हमले के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की आवाजाही और कारोबार बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा एजेंसी (यूकेएमटीओ) के मुताबिक, इस साल अक्टूबर में होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास जहाजों पर 30 से ज्यादा हमले हुए।

विदेश मंत्रालय ने संवेदना व्यक्त की

भारत ने ओमान के समुद्री क्षेत्र में कमर्शियल शिप 'एमएसवी अल जुसुफी' पर हुए हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान जारी कर 14 में से एक भारतीय नाविक के मारे जाने पर दुख जताया। मंत्रालय ने कहा कि हम सोमवार शाम लिमाह (ओमान) के पास एक व्यावसायिक जहाज, 'एमएसवी अल जुसुफी' पर हुए हमले की निंदा करते हैं। जहाज पर सवार 14 भारतीय नागरिकों में से 13 को बचा लिया गया है, जबकि एक घायल भारतीय नागरिक की मृत्यु हो गई है। हम इस नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

सभी नागरिकों को लाने का प्रयास कर रहे

जायसवाल ने कहा कि उस जहाज पर भारतीय चालक दल के14 सदस्य थे। दुर्भाग्य से उनमें से एक की मौत हो गई है। अब हम वहां मौजूद 13 भारतीय नागरिकों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया सुनिश्चित कर रहे हैं। हम इस पर भी काम कर रहे हैं कि भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को भारत वापस कैसे लाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि हम ओमान के अधिकारियों को उनकी तत्काल कार्रवाई के लिए धन्यवाद देते हैं। अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्रों में कमर्शियल शिप और बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने का भारत विरोध करता रहा है। इस तरह के हमले बंद किए जाने चाहिए।

अंतरिक्ष मौसम के अध्ययन में मिलेगी मदद

आदित्य-एल1 ने सौर विस्फोटों के असमान विस्तार का लगाया पता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 ने सूर्य से निकलने वाले विस्फोटों यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के विस्तार को लेकर अहम जानकारी दी है। आदित्य-एल1 पर लगे विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) के आंकड़ों से वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि सौर विस्फोट का विस्तार सभी दिशाओं में एक समान नहीं होता, बल्कि इसका आकार असममित हो सकता है। इस खोज से अंतरिक्ष मौसम के अध्ययन और पृथ्वी पर उपग्रहों तथा संचार नेटवर्क पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को समझने में मदद मिल सकती है। अध्ययन में पहली बार सामने आया कि सीएमई सूर्य से किसी सामान्य गोलाकार बुलबुले की तरह समान रूप से बाहर नहीं फैलता। इसके बजाए इसका विस्तार अलग-अलग दिशाओं में असमान होता है, जिससे इसका आकार असममित बन जाता है। विस्तार में यह अंतर पृथ्वी की ओर बढ़ते समय सीएमई की गति को प्रभावित कर सकता है और अंतरिक्ष मौसम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है। आदित्य-एल1 सितंबर 2023 में लॉन्च किया गया था।

मॉस्को नहीं चाहता तनाव कम करना

दक्षिणी यूक्रेन में राहत केंद्र पर रूसी हमला, 29 लोगों की मौत, 20 लापता

एजेंसी ▶▶ कीव



बचाव अभियान में जुटे यूक्रेनी सैनिक

दक्षिणी यूक्रेन में मानवीय सहायता केंद्र और एक आश्रय स्थल पर सोमवार को रूस की ओर से किए गए हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि अब भी करीब 20 लोग लापता हैं ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि रूसी हमले में सबसे पहले मानवीय सहायता सामग्री वितरित करने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक स्कूल की इमारत को निशाना बनाया गया और इसके बाद पास स्थित एक आश्रय स्थल पर भी हमला किया गया। यह इस बात सबूत है कि रूस तनाव कम करना नहीं चाहता। दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र के कोमिशुवाखा गांव में ये हमले ऐसे समय हुए, जब सोमवार को देश के एक अन्य दक्षिणी क्षेत्र खेरसॉन में स्थानीय स्तर पर लागू युद्धविराम समाप्त हो गया। इस समझौते के तहत रूस के कब्जे वाले अग्रिम क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने और लोगों को सुरक्षित निकालने की अनुमति दी गई थी। जेलेंस्की ने कहा कि रूस शांति का समर्थन नहीं करता है।

संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में रक्षा मंत्री बोले

आज के समय में तकनीक युद्ध का अभिन्न अंग, निजी क्षेत्र आगे आएं

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

सेनाओं ने लगातार सुधार और बदलाव किए



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के बदलते समय में तकनीक युद्ध का अभिन्न अंग है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से नई-नई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। नए हथियारों, मिसाइलों और प्रणालियों का परीक्षण हो रहा है। इसके साथ ही सरकार ने निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया है और उसे समान अवसर उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने मंगलवार को जैसलमेर में रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि तीनों सेनाओं ने अपनी संरचनाओं और सैन्य गठन में लगातार सुधार और बदलाव किए हैं। उदाहरण के तौर पर, भारतीय सेना में असनी, भैरव और शक्तिबाण प्लाटून जैसी नई सैन्य टुकड़ियां आज की परिचालन संबंधी जरूरतों और युद्ध की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप काफी उपयोगी साबित हो रही हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से लेकर बड़ी कंपनियां तक आज रक्षा क्षेत्र में योगदान दे रही हैं।

रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपए किया

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आधुनिक उपकरण हासिल करना नहीं, बल्कि एक ऐसा रक्षा तंत्र तैयार करना है, जिसमें हमारी सेनाओं की जरूरतों के अनुरूप तकनीक का विकास हो, भारतीय उद्योग की भागीदारी बढ़े और देश की रणनीतिक निर्भरता कम हो। वित्त वर्ष 2026-27 में देश का कुल रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपए हो गया है। इसमें सैन्य उपकरणों के आधुनिकीकरण और खरीद के लिए 2 लाख 19 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

भारतीय नौसेना का समुद्र में दिखा शौर्य

समुद्री लुटेरों के चंगुल से 20 ईरानियों को बचाया, तेहरान बोला- शुक्रिया

एजेंसी ▶▶ तेहरान

- ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी कमांडो उतारे
- 48 घंटे तक चले अभियान में कोई हताहत नहीं

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर दूर सोमालिया के तट के पास समुद्री लुटेरों के कब्जे में पहुंचे ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को मुक्त करा लिया है। इस अभियान में जहाज पर सवार सभी 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने भी अहम भूमिका निभाई। करीब 48 घंटे तक चले इस अभियान में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। भारत की इस कार्रवाई के बाद ईरान ने आभार जताते हुए भारतीय नौसेना और वायुसेना के साहस, पेशेवर रवैये और आपसी तालमेल की सराहना की है।



भारतीय नौसेना के कब्जे में 'अजिनी' जहाज और समुद्री लुटेरे

सोमालिया के तट के पास किया था कब्जा

जानकारी के मुताबिक, मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी को पिछले महीने सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने अगवा कर लिया था। यह घटना सोमालिया के तटीय इलाकों बंदर बायला और हाफुन के बीच हुई थी। समुद्री सुरक्षा एजेंसियों को आशंका थी कि लुटेरे इस जहाज का इस्तेमाल बड़े व्यापारिक जहाजों पर हमले करने के लिए अपने अस्थायी ठिकाने यानी 'मदर शिप' के तौर पर कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए समुद्री क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई थी।

आईएनएस कोलकाता ने संभाला मोर्चा

भारतीय नौसेना ने जहाज को मुक्त कराने के लिए अभियान शुरू किया। इसके तहत मिशन पर तैनात युद्धपोत आईएनएस कोलकाता को कार्रवाई के लिए भेजा गया। समुद्री निगरानी विमान और अन्य निगरानी संसाधनों की मदद से जहाज की लगातार तलाश की गई। उसकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे आगे बढ़ने से रोकने के लिए कदम उठाए गए। इसके बाद भारतीय वायुसेना के सी-17 विमान से नौसेना के मरीन कमांडो को सटीक तरीके से जहाज तक पहुंचाया गया। कमांडो ने कार्रवाई करते हुए जहाज को अपने नियंत्रण में लिया और समुद्री लुटेरों के खतरे को खत्म कर दिया।



समुद्री लुटेरों से जब्त हथियार

ईरान ने कहा- यह दोस्ती और सहयोग का प्रतीक

नई दिल्ली स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर भारत सरकार, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि उन्होंने मछली पकड़ने वाले जहाज 'अजिनी' के 20 ईरानी चालक दल के सदस्यों को समुद्री लुटेरों से बचाने के लिए एक सफल अभियान चलाया। हम भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए पेशेवर रवैये, साहस और बेहतरीन तालमेल की भरपूर सराहना करते हैं। यह मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, और यह भी दिखाता है कि भारत सीमाओं के पार लोगों की जान बचाने में कितनी अहम भूमिका निभाता है। यह मानवीय अभियान ईरान और भारत के बीच दोस्ती, एकजुटता और सहयोग की भावना का एक बड़ा उदाहरण है। हम उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने ईरानी चालक दल को सुरक्षित बचाने में अपना योगदान दिया।



नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास

रक्षा मंत्री ने दी बधाई

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना को बधाई दी है। नौसेना ने अरब सागर में मुंबई से 3,000 किलोमीटर से अधिक दूर, समुद्री लुटेरों के कब्जे वाली मछली पकड़ने वाली नाव 'अजिनी' के सभी 20 चालक दल के सदस्यों को 48 घंटे चले एक समन्वित अभियान में सफलतापूर्वक बचा लिया।

अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन के लिए वोटिंग शुरू

8 राज्यों के पोलिंग बूथ खुले, निचले सदन की 435 और उच्च सदन की 35 सीटों पर मतदान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मिडटर्म चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शुरू हो गया। भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे सबसे पहले 8 राज्यों में पोलिंग बूथ खुले। इनमें कनेक्टिकट, इंडियाना, केंटकी, मेन, न्यू हैम्पशायर, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क और वर्जीनिया शामिल हैं। इन चुनावों में अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की सभी 435 सीटों और उच्च सदन सीनेट की 35 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के ठीक दो साल बाद मिडटर्म चुनाव कराए जाते हैं। इसमें संसद की सीटों और कुछ राज्यों में गवर्नर के पदों के लिए मतदान होता है। फिलहाल ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है। अगर पार्टी इनमें से किसी एक सदन में भी बहुमत खो देती है, तो ट्रंप के लिए कानून पास कराना मुश्किल हो जाएगा।



वोटिंग करते अमेरिका नागरिक

ट्रंप से नाराज 62% भारतीय-अमेरिकी

मध्यावधि चुनाव में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं का रुझान डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों की ओर बढ़ता दिख रहा है और एक नए सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है कि 62% भारतीय-अमेरिकी मतदाता डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट दे सकते हैं। सर्वेक्षण में इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मोहभंग होने का संकेत बताया गया है। 62% नागरिकों ने बताया कि वे डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट देंगे।

मतदान से कुछ घंटे पहले अमेरिका का ईरान पर हमला

केश्म द्वीप पर 5 धमाके, ईरान ने 2 यूएस ड्रोन मारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केश्म द्वीप और होर्मुज के आसपास अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। अमेरिका में मंगलवार को मध्यावधि चुनाव के लिए मतदान होने से पहले सोमवार को ईरान के केश्म द्वीप पर कम से कम पांच जोरदार धमाके हुए। कुछ दूर पर बंदर लेंगेह शहर में भी विस्फोट की खबर है। ईरानी मीडिया ने अमेरिका के दो एमक्यूएम-170 जासूसी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। ईरान ने अमेरिकी एमक्यूपी-170 जासूसी ड्रोन को मार गिराने का वीडियो जारी किया है। सरकारी चैनल आईआरआईबी ने फुटेज जारी किया है।

ईरान का 4 अमेरिकी ड्रोन पकड़ने का दावा



केश्म द्वीप पर हमले के बाद आग

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने मंगलवार को बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक आईआरजीसी की नौसेना ने केश्म द्वीप के ऊपर और होर्मुज के दक्षिण में दो अमेरिकी ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली की मदद से अपने नियंत्रण में लिया। ईरानी पक्ष का दावा है कि इन ड्रोन को मार गिराने के बजाय सुरक्षित उतारा गया। इसके साथ ही ईरान के कब्जे में आए ऐसे अमेरिकी ड्रोन की संख्या चार हो गई है।

गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमला किया

अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना ने हाल के सप्ताहों में ईरान के केश्म द्वीप पर गुप्त रूप से सीमित सैन्य हमले किए। रिपोर्ट के मुताबिक, ये हमले उन सीमित सैन्य अभियानों का हिस्सा थे, जिन्हें वॉशिंगटन ने पिछले कुछ सप्ताह के दौरान गुप्त रूप से अंजाम दिया। खास बात यह है कि ये कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ संभावित कूटनीतिक समझौते की बात कर रहे थे।

कूटनीतिक समझौते के भी संकेत

ट्रंप प्रशासन की ओर से कूटनीतिक समझौते की संभावनाओं के संकेत भी दिए जा रहे हैं। ऐसे में एक तरफ सैन्य अभियान और दूसरी तरफ बातचीत की उम्मीद दोनों देशों के बीच जारी तनाव की जटिल तस्वीर पेश करते हैं। केश्म द्वीप फारस की खाड़ी में ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित है और होर्मुज के बेहद करीब होने के कारण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ शाखा विस्तार विचार-विमर्श

आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में शुरू, 400 प्रतिनिधि हो रहे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक सोमवार से इंदौर स्थित डेली कॉलेज के संत श्री रविदास जी महाराज सभागार में शुरू हो गई है। इस बैठक का शुभारंभ संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह हदत्तात्रेय होसबाले ने किया।

बैठक में देशभर से लगभग 400 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। बैठक 4 नवंबर की सायंकाल तक चलेगी। इसमें संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। इन कार्यक्रमों के आगामी क्रियान्वयन, अनुवर्तन तथा उनके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने के विषय में विचार-विमर्श होगा। विशेष रूप से पंच परिवर्तन के विषयों को समाज के व्यवहार में प्रभावी रूप से उतारने तथा उनके निरंतर अनुवर्तन की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। शताब्दी वर्ष में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए शाखा विस्तार की भी समीक्षा की जाएगी। विस्तारित शाखाओं को अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने, उनका दृढ़ीकरण करने तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाएं प्रारंभ करने के संबंध में भी विचार-विमर्श होगा।



आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में आरंभ।

बैठक में 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक शामिल

सरसंघचालक, सरकार्यवाह, सभी सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय पदाधिकारी, संघ के सभी 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह एवं क्षेत्र प्रचारक तथा सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह, प्रांत प्रचारक एवं उनके सहयोगी कार्यकर्ता शामिल हैं। इसके साथ ही संघ प्रेरित कुछ विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं सह संगठन मंत्री भी बैठक में शामिल हो रहे हैं।

तीन प्रमुख व्यक्तित्वों पर सरकार्यवाह के वक्तव्य

बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की ओर से तीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के संबंध में वक्तव्य जारी किए जाएंगे। जिसमें राजनारायण बोस, स्वामी श्रद्धानंद, वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती शामिल हैं।

प्रमुख हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

बैठक के प्रारम्भ में सरकार्यवाह ने गत कुछ माह में दिवंगत हुए समाज की प्रमुख हस्तियों और कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें प्रमुख हैं फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर, आशा भोंसले, पूज्य संत पद्मश्री रमेश बाबा, विवेकानंद केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्णन, बलवीर पुंज, एस. वेदांतम - चेन्नई, पत्रकार विराग पाचपोर, पराग वेदिक-मुंबई, भूतपूर्व कुलपति देवेंद्र प्रताप सिंह एवं सच्चिदानन्द महंती, प्रसिद्ध गायिका एस. जानकी एवं सुमन कल्याणपुरीकर, संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे विनोद कुमार आदि।

संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रदर्शन

बैठक स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा तथा मालवा क्षेत्र में संघ कार्य के क्रमिक विकास को दर्शाने वाली विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

किसानों की सुविधा के लिए धान उपार्जन पंजीयन की तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार किसानों के कल्याण, उनकी आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहित करने तथा कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमने किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा भी किया। इन दिनों प्रदेश में किसानों को खेती-किसानी के कामों के लिए दिन में 10 घंटे बिजली दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय से सिवनी जिले की सिमरिया मंडी प्रांगण में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रबी फसलों की सिंचाई के लिए दिन के समय 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति से किसानों को रात में सिंचाई की मजबूरी से राहत मिलेगी। उन्होंने धान उपार्जन का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा और अधिकाधिक पात्र किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धान उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक बढ़ाई गई है। कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे, इस दिशा में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सीएम ने कहा कि जिले का जीराशंकर चावल अपनी विशिष्ट सुगंध और स्वाद के कारण अलग पहचान रखता है।

वाहन उपलब्ध कराने वाला आरोपी भी गिरफ्तार, टिमरनी से गुजरात ले जाई जा रही थी अवैध शराब

देवास की घटना का मुख्य आरोपी राहुल जायसवाल निकला अवैध शराब का तस्कर और मास्टर माइंड, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब के वाहन को रोकने के दौरान थाना प्रभारी दिलीप पुरी के निधन की घटना के बाद पुलिस की विभिन्न टीमों ने दबिश देकर अवैध शराब से भरे वाहन को पकड़ लिया है। इस घटना की एफआईआर थाना खातेगांव में आबकारी एक्ट के तहत दर्ज की गई है। अवैध शराब के नेटवर्क के मुख्य सरगना राहुल जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन चालक गजेन्द्र उर्फ अक्कू रावत निवासी अलीराजपुर है, जिसे वाहन केरम सिंह चांगोड़ निवासी अलीराजपुर ने उपलब्ध करवाया था। केरम सिंह को अभिरक्षा में लिया गया है। जांच में खुलासा हुआ कि यह अवैध शराब टिमरनी से गुजरात ले जाई जा रही थी। पिछले 2 नवंबर की रात को सूचना मिलने पर कि अवैध शराब की बड़ी मात्रा एक आयशर गाड़ी क्र. एमपी-43 एच 4786 से टिमरनी जिला हरदा से गुजरात ले जाई जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कन्नौद के निर्देशन में गठित चार टीमों द्वारा नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरी आयशर गाड़ी सांडलपुर फाटा नर्मदा ढाबा के सामने खड़ी दिखाई दी। थाना प्रभारी खातेगांव निरीक्षक दिलीप पुरी के द्वारा ड्राइवर को वाहन से नीचे उतरकर वाहन की तलाशी देने कहा गया, तब उक्त आयशर वाहन के ड्राइवर ने थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप पुरी को जान से मारने की नीयत से अपनी गाड़ी निरीक्षक दिलीप पुरी के ऊपर चढ़ा कर अवैध शराब से भरी गाड़ी लेकर वहां से भाग गया। उपचार के दौरान निरीक्षक दिलीप पुरी का दुखद निधन हो गया।

शहीद टीआई दिलीप पुरी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

देवास के खातेगांव में शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई के दौरान शहीद हुए थाना प्रभारी दिलीप पुरी का अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर उनके पैतृक गांव बरमण्डल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। शहीद टीआई को अंतिम विदाई देने के लिए प्रशासन के आला अधिकारी भी बरमण्डल पहुंचे। इंदौर जोन (ग्रामीण) के आईजी अनुराग, धार कलेक्टर राजीव रंजन मीणा, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित जिले के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और प्रशासनिक अधिकारी दिवंगत दिलीप पुरी के घर मौजूद रहे। शहीद पुरी को राजकीय सम्मान से तिरंगा ओढ़ाकर सम्मान दिया गया। श्मशान घाट पर पुलिस की विशेष टुकड़ी ने शस्त्र झुकाकर गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार (समाधि) किया गया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने हवा में फायर कर शहीद को सलामी दी। अंतिम यात्रा में अधिकारियों ने कंधा भी दिया। प्रदेश सरकार की ओर से राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त शिवाजी पाटिल पुरी को श्रद्धांजलि देने शमशान भूमि पहुंचे।



चंदाना शराब कांड में कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल गिरफ्तार



चंदाना जहरीली शराब कांड में कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही उनके बेटे अमन कासलीवाल को केमिकल सप्लाय के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था। पुलिस के अनुसार, जांच और अन्य आरोपितों से पूछताछ के बाद आनंद कासलीवाल की भूमिका सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है।कोतवाली टीआई शशिकांत चौरसिया ने बताया कि अमन के ऑफिस और गोदाम से संचालित कारोबार की देखरेख आनंद कासलीवाल करते थे। पुलिस ने मामले में एक रजिस्टर भी जब्त किया है, जिसमें स्टॉक संबंधी जानकारी दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस इन दस्तावेजों के आधार पर भी जांच कर रही है। बताया गया कि जेल भेजने के आदेश के बाद आनंद कासलीवाल का रक्तचाप अचानक बढ़ गया। इसके चलते पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

शराब कारोबार में कांग्रेस नेताओं के नाम बार-बार आना संयोग नहीं: सारंग

भोपाल। कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने अवैध शराब प्रकरण को दुःखद एवं गंभीर बताते कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मामले के तार कांग्रेस से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। टिमरनी की जिस शराब दुकान से इस मामले के तार जुड़े हैं, उसमें राहुल जायसवाल और उनके भाई मनीष पार्टनर हैं। दुकान मैनेजर भूपेंद्र राणा ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। राहुल कांग्रेस के खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हैं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के करीबी माने जाते हैं। पटवारी बताएं कि शराब तस्करी में बार-बार कांग्रेस नेताओं के नाम ही सामने क्यों आ रहे हैं। शराब कारोबार में कांग्रेस नेताओं के नाम बार-बार आना एक संयोग नहीं, बल्कि संरक्षण के गंभीर संकेत हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने थाना प्रभारी दिलीप पुरी के शहीद होने पर जताया शोक

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने देवास के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी के कर्तव्य निर्वहन के दौरान अप्रिय घटना में शहीद होने पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेवाल ने कहा कि इस कठिन घड़ी में मध्यप्रदेश भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शराब माफिया के खिलाफ जांच, सख्त कार्रवाई की मांग

खातेगांव टीआई की हत्या पर गरमाई सियासत, शिवराज ने जताया शोक, कांग्रेस का तीखा हमला

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश के देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब की तस्करी रोकते समय थाना प्रभारी (टीआई) दिलीप पुरी की ट्रक से कुचलकर हुई दर्दनाक मौत के बाद प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है। इस दुखद घटना पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए जांबाज पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि दी, वहीं कांग्रेस ने राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था और कथित शराब माफियाओं के बढ़ते हौसलों को लेकर तीखा हमला बोला है।

असामाजिक तत्व या माफिया को बख्शा नहीं जाएगा: शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले टीआई दिलीप पुरी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कानून का राज सर्वोपरि है और किसी भी असामाजिक तत्व या माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

यह बोले कांग्रेस नेता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस घटना को लेकर कहा कि यह घटना राज्य की लचर कानून-व्यवस्था और गृह विभाग की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वल्लभ भवन के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी घटना पर कहा कि खातेगांव में शराब माफिया द्वारा टीआई दिलीप पुरी को कुचलना प्रदेश की कानून-व्यवस्था की खुली हत्या है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश की पहचान शराब, ड्रग्स, भू और रेत माफिया से बन चुकी है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खाकी पर भी हमला करने से नहीं हिचक रहे।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में गंभीर गड़बड़ी का मामला

छत्तीसगढ़ के 16 निजी अस्पतालों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सभी पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छग में आयुष्मान योजना में गंभीर अनियमिताएं सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के 16 निजी अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने गड़बड़ी में शामिल इन अस्पतालों को एक से तीन साल की अवधि के लिए योजना से बाहर कर दिया है। स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने व्यापक अभियान चलाकर प्रदेश के 19 अस्पतालों में छापा मारा था। लंबी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन अस्पतालों को छोड़कर शेष 16 अस्पतालों पर निलंबन की गाज गिरी है। अकेले रायपुर जिले के आठ निजी अस्पताल आए हैं। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निर्धारित पैकेज का ज्यादा लाभ कमाने के लिए निजी अस्पताल कई तरह के हथकंडे अपना रहे थे। जांच में खुलासा हुआ कि अस्पताल प्रबंधन दूरदराज के इलाकों और पड़ोसी राज्यों से एजेंट के माध्यम से मरीजों को अपने यहां बुला रहे थे।

सामान्य रोगियों को गंभीर बता रहे थे संचालक

अस्पताल संचालक सामान्य रोगियों को गंभीर बताकर गहन चिकित्सा इकाई का पैकेज ब्लॉक कर रहे थे। सरकार की ओर से पूरी तरह निशुल्क घोषित इस योजना में कम पैकेज का बहाना बनाकर मरीजों और उनके परिजनों से अतिरिक्त धनराशि की वसूली भी की जा रही थी। विभागीय टीम ने जांच के दौरान रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर, कबीरधाम, कोंडागांव और कोरबा जिलों के अस्पतालों में दबिश देकर महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए थे।

केंद्रीय मंत्री शाह पहुंचे छत्तीसगढ़, मुख्यमंत्री साय ने किया स्वागत

केंद्रीय मंत्री शाह की छग की शांति और सुरक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता प्रदान करती है संकल्प शक्ति: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वागत किया। यह स्वागत स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय विमानतल, रायपुर में किया गया। अमित शाह राज्योत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की पावन भूमि और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री शाह के छत्तीसगढ़ के प्रति गहरे आत्मीय स्नेह की सराहना की। मुख्यमंत्री ने बताया कि शाह की प्रदेश की शांति और सुरक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है। उनका सतत सहयोग विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करता है। राज्योत्सव का समापन समारोह तीन नवंबर को विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कर रहे हैं। समारोह में प्रदेश की विभिन्न विधाओं और क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जा रहा है।



लोकसंगीत की प्रस्तुति देंगे सांस्कृतिक कलाकार

राज्योत्सव के अंतिम दिन मुख्य मंच पर शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कलाकार लोकसंगीत की प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद पद्मश्री उषा बारले शाम 6.30 से 7 बजे तक अपनी विशिष्ट प्रस्तुति देंगी। रात 9 बजे से बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक अभिजीत भट्टाचार्य दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उनकी प्रस्तुति तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का संगीतमय समापन करेगी। शिल्पग्राम मंच पर भी छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और शास्त्रीय कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकार प्रतिभा प्रदर्शन करेंगे। शिल्पग्राम में कुल दस सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इनमें पंथी नृत्य, आदिवासी लोकसंगीत, कथक, भजन और सूफी संगीत शामिल हैं। आस्था भट्ट, आरती बारले, राकेश सेन, दिनेश कुमार जांगड़े और पूर्णिमा साहू जैसे कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

भारत के गौरवशाली अतीत से परिचय कराना वीर भारत न्यास का उद्देश्य

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई वीर भारत न्यास कार्यसमिति की बैठक

मप्र में स्थापित होगी वीर भारत फैलोशिप, बैतूल में स्थापित होगा आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्राचीनतम से आधुनिक इतिहास के मुख्य आयामों और भारत का राष्ट्र स्वरूप स्थापित करने में अपना योगदान देने वाले चिंतकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों से जुड़ी गतिविधियों और देश-प्रदेश की संस्कृति पर कार्य के लिए 'वीर भारत' फैलोशिप प्रदान की जाएगी। प्रतिवर्ष दो फैलोशिप प्रदान की जाएंगी, फैलोशिप की राशि 12 लाख प्रति अध्येता होगी, यह फैलोशिप एक वर्ष की अवधि के लिए दी जाएगी। बैतूल में केन्द्र सरकार के सहयोग से आरण्यक युगयुगीन जनजातीय संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस आश्रय के प्रस्ताव को वीर भारत न्यास की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदित किया। बैतूल स्थित संग्रहालय में जनजातीय इतिहास गैलरी, जनजातीय स्वाधीनता आंदोलन, जनजातीय शोध केन्द्र और डिजीटल रिपॉजिटरी स्थापित होंगी। इस बैठक में भारतीय इतिहास, संस्कृति और वैभवपूर्ण विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से उज्जैन कोठी महल में स्थापित हो रहे वीर भारत संग्रहालय के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रालय में हुई इस बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी वर्चुअली शामिल हुए।



2024 से जारी हैं वीर भारत न्यास की सृजनात्मक गतिविधियां

बैठक में बताया गया कि न्यास की ओर से वर्ष 2024 से निरंतर सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्य, आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई। भोपाल में सदानीरा समागम, महाभारत समागम तथा उज्जैन में श्री महाकालेश्वर महोत्सव आयोजित किए गए। बैठक में न्यास की ओर से संचालित फिल्म समारोह, सांगीतिक प्रस्तुतियों और सोशल मीडिया संबंधित गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मनीष रस्तोगी, शिवशेखर शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भारत की आंतरिक शक्ति से विश्व का परिचय कराना आवश्यक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल युद्धों और योद्धाओं की कथा मात्र नहीं अपितु भारत की आंतरिक शक्ति, उसके सोचने-एकजुट होने-प्रश्न करने, रक्षा और त्याग करने तथा सृजन के सामर्थ्य से विश्व को अवगत कराना आवश्यक है। उज्जैन में स्थापित होने वाला वीर भारत संग्राहलय इस केन्द्रीय भाव को प्रतिपादित करेगा कि भारत के इतिहास में वीरता का अर्थ कभी केवल युद्ध के साहस तक सीमित नहीं रहा। संग्रहालय, योद्धा के साथ-साथ ऋषि, शिक्षक, गणितज्ञ, समाज सुधारक, विधि निर्माता और तीर्थ यात्रियों को भी प्रदर्शित करेगा। भारत के गौरवशाली और पराक्रमी अतीत से जनसामान्य का परिचय कराना वीर भारत न्यास का उद्देश्य है।

पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, नायब तहसीलदार प्रभारी तहसीलदार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगुजा

सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा ने सूरजपुर जिले के बिहारपुर क्षेत्र में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार करमचंद जाटवर को पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और उदासीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कुबेरपुर गांव में सड़क हादसे के बाद उपजे भारी बवाल में प्रशासनिक तत्परता न दिखाने पर की गई है। निलंबन अवधि में प्रभारी तहसीलदार करमचंद जाटवर का मुख्यालय संभागीय पटवारी प्रशिक्षण शाला, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा निर्धारित किया गया है। स्थिति का जायजा लेने पहुंची राज्य की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पुलिस द्वारा की जा रही एकतरफा कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई।

हृदय और लिवर अहमदाबाद रवाना, दोनों किडनियों का जबलपुर में होगा प्रत्यारोपण

अंगदान के लिए जबलपुर पुलिस ने बनाए 2 ग्रीन कॉरिडोर, कई मरीजों को मिलेगी नई जिंदगी

संस्कारधानी जबलपुर में मानवता और संवेदनशीलता की एक प्रेरणादायी मिसाल सामने आई है। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीय नरेंद्र कुमार रजक की ब्रेन स्टेम डेथ की पुष्टि होने के बाद उनके परिजनों ने अंगदान का निर्णय लेकर कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने की पहल की। परिजनों के इस फैसले को साकार करने के लिए जबलपुर पुलिस ने रातोंरात दो ग्रीन कॉरिडोर तैयार किए और अंगों को निर्धारित अस्पतालों एवं एयरपोर्ट तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जबलपुर। धनवंतरी नगर निवासी नरेंद्र कुमार रजक एचसीएल कंपनी में कार्यरत थे। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनकी ब्रेन स्टेम डेथ की पुष्टि की। इसके बाद उनकी पत्नी एवं परिवार के सदस्यों ने असहनीय दुख के बीच अंगदान की सहमति प्रदान की। मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के किडनी प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. राजेश पटेल के अनुसार, परिजनों की सहमति मिलने के बाद अंगदान और प्रत्यारोपण की आवश्यक प्रक्रिया शुरू की गई। इसके तहत हृदय एवं लिवर को अहमदाबाद भेजने तथा दोनों किडनियों का जबलपुर में ही प्रत्यारोपण करने की व्यवस्था बनाई गई।

रात में तैयार किए गए दो ग्रीन कॉरिडोर

अंगों को निर्धारित समय में सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 2 नवंबर की रात पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में पुलिस एवं यातायात विभाग ने विशेष व्यवस्था की। बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल से डुमना एयरपोर्ट तक लगभग 16-17 किलोमीटर लंबा पहला ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। वहीं, दूसरा ग्रीन कॉरिडोर मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल से नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज तक लगभग 8 किलोमीटर का तैयार किया गया। हृदय एवं लिवर को अहमदाबाद भेजने के लिए रात 3:50 बजे अंगों को मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल से रवाना किया गया। पुलिस द्वारा बनाए गए ग्रीन कॉरिडोर की मदद से सुबह 4:10 बजे उन्हें डुमना एयरपोर्ट पहुंचा दिया गया। इसके बाद सुबह 4:29 बजे एयर एम्बुलेंस ने अहमदाबाद के लिए उड़ान भरी।

दोनों किडनियों का जबलपुर में होगा प्रत्यारोपण

नरेंद्र कुमार रजक की दोनों किडनियों का प्रत्यारोपण जबलपुर में ही किया जाना है। इनमें से एक किडनी मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में और दूसरी नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में प्रत्यारोपित की जाएगी। इसके लिए मेडिकल कॉलेज तक अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। सुबह 4:28 बजे किडनी को मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल से रवाना किया गया और 4:48 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचा दिया गया।

पुलिस की तत्परता से समय पर पहुंचे अंग

अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में प्रत्येक मिनट महत्वपूर्ण होता है। इसे ध्यान में रखते हुए जबलपुर पुलिस ने दोनों मार्गों पर यातायात का विशेष प्रबंधन किया। पुलिसकर्मियों की तत्परता और आपसी समन्वय के चलते अंगों को निर्धारित गंतव्य तक कम समय में पहुंचाना संभव हो सका। जबलपुर पुलिस ने अंगदान का निर्णय लेने वाले नरेंद्र कुमार रजक के परिजनों के मानवीय एवं प्रेरणादायी कदम को नमन करते हुए आम नागरिकों से भी अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। यह घटना एक ओर जहां परिजनों के त्याग और मानवता के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह संदेश भी देती है कि पुलिस की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुलिस जीवन बचाने के ऐसे संवेदनशील और पुनीत कार्यों में भी पूरी तत्परता से सहभागी बनती है।





अंगदान के बाद नरेंद्र रजक को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी अंतिम विदाई, स्मृति में बनी 'नरेंद्र वाटिका'

मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में मानवता की मिसाल पेश करते हुए 40 वर्षीय ब्रेन डेड मरीज नरेंद्र रजक के परिजनों ने उनके अंगदान का निर्णय लिया। सड़क दुर्घटना के बाद भर्ती नरेंद्र रजक को चिकित्सकीय जांच के उपरांत ब्रेन डेड घोषित किया गया था। परिजनों की सहमति से उनका लिवर, दोनों किडनी एवं आंखें दान की गईं। अंगदान के बाद अस्पताल परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। प्रशासन की ओर से एडीएम रविशंकर राय, एसडीएम मदन रघुवंशी एवं गोहलपुर थाना प्रभारी रितेश पांडेय सहित अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक उपस्थित रहे। लिवर ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अहमदाबाद के **CIMS** हॉस्पिटल भेजा गया। एक किडनी मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल तथा दूसरी नेताजी मेडिकल कॉलेज में प्रत्यारोपण के लिए भेजी गई। आंखों का दान भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया। इस कार्य में डॉ. राजेश पटेल, डॉ. विशाल वडेरा, डॉ. शैलेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. राजीव सावंत, डॉ. प्राची शर्मा, डॉ. राहुल चतुर्वेदी, डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. प्रियंक दुबे, डॉ. अरविंद जैन एवं डॉ. अभिषेक दुबे सहित मेडिकल टीम का योगदान रहा। नरेंद्र रजक की स्मृति में अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर 'नरेंद्र वाटिका' बनाई गई। अस्पताल डायरेक्टर राजीव बडेरिया ने कहा कि अंगदान महादान है। नरेंद्र रजक के परिजनों का निर्णय समाज को मानवता और परोपकार का प्रेरक संदेश देता है।

लावारिस जीवनों को मिला राशन और जरूरत का सामान, मानव सेवा के लिए बढ़े मदद के हाथ



हरिभूमि, जबलपुर।

पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन ने मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति (मोक्ष सेवा संस्थान) पहुंचकर सेवा कार्य किया। इस दौरान संस्थान में आश्रय ले रहे विक्षिप्त, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के लिए राशन, ग्रोसरी, डायपर सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री भेंट की गई। मोक्ष सेवा संस्थान लंबे समय से लावारिस मृतकों के अंतिम संस्कार और बेसहारा, असहाय एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को आश्रय देने का मानवीय कार्य कर रहा है। एसोसिएशन के सदस्यों ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसके संचालक आशीष ठाकुर के समर्पण और सेवाभाव की प्रशंसा की। साथ ही भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस सेवा कार्य में एसोसिएशन के अध्यक्ष चरणजीत सिंह अरोरा, अरविंद पटेल, पूजा कोष्ठा, एसके कोष्ठा, राजेंद्र वर्मा, राजेश सोनी, संदीप गौर, सुरेंद्र वर्दे, पीएल शर्मा, आशीष सैनी और संतोष चौरसिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं मोक्ष सेवा संस्थान के संचालक आशीष ठाकुर एवं उनके सहयोगियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मोक्ष संस्थान की सहयोग की अपील

मोक्ष सेवा संस्थान ने समाज के संवेदनशील और सेवाभावी लोगों से अपील की है कि वे लावारिस मृतकों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार और बेसहारा जीवित लोगों के आश्रय, भोजन एवं उपचार जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति में आगे आएं। संस्थान का कहना है कि समाज के सहयोग से ही इन असहाय लोगों को सम्मानजनक जीवन और मानवीय सहारा दिया जा सकता है।

2 बाईकों में भिड़ंत, 2 घायल

जबलपुर। मझौली थाना अंतर्गत ग्राम खबरा तालाब के पास एक बाईक ने दूसरी बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तारा सिटी गोहलपुर निवासी 27 वर्षीय विनय मानिक गत दिवस अपने रिश्तेदार कार्तिक, रोमिल, दोस्त सिद्धांत के साथ दो मोटर सायकलों में विष्णु वराह मंदिर दर्शन करने के बाद सभी कटाव घूमने गये थे। वहां से वापस घर आ रहे थे। शाम लगभग 7.30 बजे ग्राम खबरा तालाब के पास पहुंचे, तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 8490 के चालक ने सिद्धांत सोनी की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे सिद्धांत एवं कार्तिक मोटर सायकल सहित गिर गये। दोनों को हाथ पैर व शरीर में चोटें आईं। दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

लारा परियोजना से 800 मेगावाट बिजली के लिए एनटीपीसी से करार
रबी सीजन के लिए केंद्र ने 250 मेगावाट का किया अतिरिक्त आवंटन

मध्यप्रदेश को मिलेगी 1,050 मेगावाट अतिरिक्त बिजली, दो बड़े फैसलों से मजबूत होगी ऊर्जा व्यवस्था

हरिभूमि, जबलपुर।



प्रदेश की बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए सरकार ने दीर्घकालीन और तात्कालिक जरूरतों के लिए दो अहम फैसले किए हैं। छत्तीसगढ़ की एनटीपीसी लारा चरण-III परियोजना से 800 मेगावाट बिजली खरीदने के लिए एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी और एनटीपीसी के बीच विद्युत क्रय अनुबंध (पीपीए) हुआ है। वहीं, रबी सीजन में सिंचाई और अन्य उपभोक्ताओं की मांग पूरी करने के लिए केंद्र सरकार ने 250 मेगावाट अतिरिक्त बिजली आवंटित की है। इस तरह प्रदेश के लिए कुल 1,050 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का इंतजाम किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रमुख सचिव ऊर्जा मनीष सिंह और एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले की मौजूदगी में लारा परियोजना के लिए अनुबंध निष्पादित हुआ। रायगढ़ (छत्तीसगढ़) स्थित इस परियोजना की कुल क्षमता 1,600 मेगावाट है। इसमें से मध्यप्रदेश को 800 मेगावाट बिजली मिलेगी। वर्ष 2031-32 तक आपूर्ति शुरू होने की संभावना है। परियोजना के नजदीक एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव कोयला खदान होने से ईंधन की उपलब्धता और परिवहन लागत नियंत्रित रखने में मदद मिलेगी।

रबी सीजन में तत्काल मिलेगी 250 मेगावाट बिजली

कृषि कार्यों के दौरान बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए केंद्र ने ईस्टर्न रीजन अनअलोकेटेड पावर पूल से मध्यप्रदेश को 250 मेगावाट बिजली आवंटित की है। यह बिजली एनटीपीसी के माध्यम से तत्काल प्रभाव से उपलब्ध होगी। इसकी अनुमानित दर करीब 4.50 रुपए प्रति यूनिट बताई गई है। इसके उपयोग के लिए पीपीए और अन्य व्यावसायिक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। सरकार का उद्देश्य कृषि, उद्योग और घरेलू उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना है।

फैक्ट फाइल

- कुल अतिरिक्त बिजली: 1,050 मेगावाट
- लारा परियोजना: 800 मेगावाट
- लारा बिजली दर: ₹4.97 प्रति यूनिट
- आपूर्ति का लक्ष्य: 2031-32
- रबी सीजन आवंटन: 250 मेगावाट
- रबी बिजली दर: लगभग ₹4.75 प्रति यूनिट



स्वामित्व योजना और सीएम हेल्पलाइन की कलेक्टर ने की समीक्षा

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने मंगलवार को स्वामित्व योजना एवं सीएम हेल्पलाइन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजना के क्रियान्वयन और सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्वामित्व योजना के कार्यों में तेजी लाने तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के निराकरण में गंभीरता बरतने और कार्यों की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया।



सिहोरा-पाटन में मिठाई और मावा दुकानों की जांच

खाद्य सुरक्षा टीम ने लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने, भोपाल प्रयोगशाला भेजे जाएंगे

जबलपुर। त्योहारों पर शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर मंगलवार को सिहोरा और पाटन में मिठाई एवं मावा की दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान सिहोरा की विजय स्वीट्स से मिल्क केक, शिवम स्वीट्स से सलोनी एवं बर्फी तथा बीकानेर स्वीट्स से मावा के नमूने लिए गए। वहीं पाटन की बड़ू खोवा से खोवा के 2, बीकानेर स्वीट्स से मिठाई एवं मावा के 4, नेमा स्वीट्स से मिठाई के 2 तथा कृष्णा स्वीट्स से मिठाई के 2 नमूने लिए गए। राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लिए गए सभी नमूने परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट में नमूने अमानक पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आलमारी का लॉकर तोड़ 22 लाख रुपये उड़ाए

स्नेहनगर में सूने मकान में चोरों का धमाल

जबलपुर। शहर में चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदाजा स्नेहनगर में हुई लाखों की चोरी से लगाया जा सकता है। बेखौफ चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए दरवाजे का कुंदा तोड़ा, घर के भीतर दाखिल हुए और बेडरूम में रखी लकड़ी की आलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे करीब 22 लाख रुपये नकद पार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि घर के मालिक को चोरी का पता तब चला, जब वह भोपाल से वापस जबलपुर लौटा। इतनी बड़ी रकम की चोरी से इलाके में सनसनी फैल गई है। मदनमहल पुलिस के अनुसार, स्नेहनगर निवासी 67 वर्षीय अजय कुमार मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने घर में केयरटेकर दुर्गा खत्री के साथ रहते हैं। गत 30 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे वह केयरटेकर के साथ अपने घर से भोपाल के लिए रवाना हुए थे। उन्हें उनके मुंशी प्रेम मिश्रा कार से जबलपुर रेलवे स्टेशन तक छोड़ने गए थे। अजय मिश्रा ट्रेन से भोपाल रवाना हो गए, जबकि प्रेम मिश्रा को कार वापस लाकर उनके घर खड़ी करने के लिए कहा गया था।



दरवाजे का कुंदा तोड़कर घर में घुसे चोर

2 नवंबर को सुबह करीब 10:30 बजे अजय मिश्रा भोपाल से वापस जबलपुर पहुंचे और सीधे न्यायालय चले गए। वहां अपना काम निपटाने के बाद दोपहर करीब 3:30 बजे अपने जूनियर देवांश के साथ स्नेहनगर स्थित घर पहुंचे। सामने के गेट का ताला खोलकर जब वह अंदर दाखिल हुए तो घर के साइड वाले दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ मिला। दरवाजा भी हल्का खुला था। यह देखते ही उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई।

बेडरूम में बिखरा पड़ा था सामान

घर के अंदर पहुंचने पर नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सोफे पर एक रॉड और खुरपी पड़ी हुई थी। बेडरूम का सामान अस्त-व्यस्त था और लकड़ी की आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। जब उन्होंने लॉकर की जांच की तो उसमें रखे करीब 22 लाख रुपये गायब मिले। साफ था कि अज्ञात चोरों ने घर में घुसने के बाद पूरी तैयारी के साथ आलमारी का लॉकर तोड़ा और नकदी समेटकर फरार हो गए।

सूने मकान की पहले की रेकी करने की आशंका

वारदात के तरीके से आशंका जताई जा रही है कि चोरों को मकान के खाली होने की जानकारी थी। उन्हें यह भी पता हो सकता है कि घर में नकदी रखी हुई है। दरवाजे का कुंदा तोड़ने के लिए औजारों का इस्तेमाल और सीधे बेडरूम में पहुंचकर आलमारी का लॉकर तोड़ना किसी सुनियोजित वारदात की ओर इशारा करता है। हालांकि, चोरी में कितने बदमाश शामिल थे और उन्हें घर की जानकारी कैसे मिली, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अजय मिश्रा की शिकायत पर मदनमहल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की आवाजाही और वारदात में शामिल लोगों का सुराग मिल सके। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि 30 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच मकान के आसपास कौन-कौन संदिग्ध नजर आया था।

स्नेहनगर जैसे रिहायशी इलाके में दिनदहाड़े सामने आई इस बड़ी चोरी ने मकानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने न केवल घर का दरवाजा तोड़ा, बल्कि आलमारी का लॉकर तोड़कर 22 लाख रुपये की बड़ी रकम भी साफ कर दी। अब पुलिस के सामने चुनौती है कि चोरों का पता लगाकर चोरी गई रकम बरामद की जाए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वीयू का 18 वां स्थापना दिवस मनाया गया

पशुओं की बेहतर देखभाल से ही एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव रखी जा सकती है: डॉ. खाड़े

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का 18 वां स्थापना दिवस 3 नवंबर 2026 को हर्षोल्लास से पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो मनदीप शर्मा ने की मुख्य अतिथि डॉ सुदामा पी. खाडे, सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्य प्रदेश शासन रहे, विशिष्ट अतिथि के रुप संस्थापक कुलगुरू डॉ गोविंद प्रसाद मिश्रा, साथ ही कुलसचिव डॉ राखी वैश्य तथा अधिष्ठाता डॉ एस एस तोमर मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगीत व विश्वविद्यालय गीत प्रस्तुत किया गया। कुलगुरु के द्वारा मंचासीन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ ,शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरू ने सभागार में उपस्थित सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत आनंद एवं उत्साह मनाने का है तथा अंतर मंथन करने का है कि हम और कैसे आगे राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को आगे बढ़ा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत - 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपने दायित्वों का निर्वाह करें। हम अपने कार्य कुशलता से भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी



देशमुख के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है । मुख्य अतिथि डॉ. सुदामा खाड़े ने अपने उद्बोधन में वन हेल्थ दृष्टिकोण की महत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मानव, पशु और पर्यावरण का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़ा हुआ है; पशुओं की बेहतर देखभाल से ही एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव रखी जा सकती है। अपने उद्बोधन भाषण में विशिष्ट अतिथि संस्थापक कुलगुरू डॉ गोविंद प्रसाद मिश्रा ने गत 17 वर्ष की किए गए कार्यों की उपलब्धि की सराहना करते हुए बधाई दी तथा आने वाले समय में विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करें यह कामना की। विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ राखी वैश्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियां की जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर के छात्रा अपूर्वा डे मजूमदार ने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के संस्मरण को बताया। साथी विश्वविद्यालय की संविदा कर्मी श्रीमती सपना श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय कि अब तक की यात्रा को एक सुखद व प्रगतिशील बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में वेटरनरी कॉलेज जबलपुर, महू, रीवा एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को योग्यता अनुसार मेरिट स्कॉलरशिप के चेक एवं पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में राहुल, अंशिका भदौरिया द्वितीय वर्ष में समृद्धि गुप्ता, अतिका मनोन एवं प्रियांशी अग्रवाल को तृतीय वर्ष में सोमेश्वर दास, देविका अनंत एवं दीप्तिशिखा सिंह को।चतुर्थ वर्ष में तृप्ति सिंह, श्रुति एस. नायर एवं आयुषी दुबे को प्रदान किए गए। मत्स्य विज्ञान स्नातक (बीएफएससी) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नीट-यूजी 2025 की मेरिट के आधार पर अंकुर पांडे को द्वितीय वर्ष के अमूल्या सोनी एवं तृतीय वर्ष की बुलबुल बेरेठा को।पशु चिकित्सा विज्ञान स्नातकोत्तर (एमव्हीएससी) पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर एनिमल साइंस विषय के महर्षि त्रिपाठी एवं वेटरनरी साइंस विषय की बम्मिडी स्पृहा को द्वितीय वर्ष में एनिमल साइंस के सोमेश डी. हराले एवं वेटरनरी साइंस के उन्मादी गिरि प्रकाश रेड्डी को इसी प्रकार, मत्स्य विज्ञान स्नातकोत्तर (एमएफएससी) पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्रा अलसीफा खान को प्रदान की गई।इस अवसर पर विश्वविद्यालय की छः पुस्तकों का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया जिसमें द बाईनियल मार्क 2024 -26- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट- अनुसंधान सेवाएं द्वारा,विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26, पशुपालन विस्तार पत्रिका विस्तार सेवाएं द्वारा, एनिमल हसबेंडरी डिप्लोमा की शैक्षणिक नियमावली आर वी सी मेरठ में प्री कमिश्नड प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमें लेफ्टिनेंट अंकुश किरण निरंजन लेफ्टिनेंट अपूर्व मिश्रा तथा लेफ्टिनेंट दीपिका हैं। गौरतलब है इस विश्वविद्यालय की नींव 2009 में रखी गई थी उसके बाद स्वतंत्र रूप से पशु चिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने नए आयाम हासिल किए हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के भूतपूर्व अधिकारी गण, प्राध्यापक गण वर्तमान पदाधिकारी डॉ आरके शर्मा,डॉ मधु स्वामी ,डॉ सुनील नायक, डॉ शशिकांत महाजन अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, डॉ अपरा शाही , डा दास,डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ मोहन सिंह ठाकुर डॉ आर वी सिंह ,डॉ घोष , डॉ सोना दुबे, डॉ रामकिंकर मिश्रा आदि, सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष, प्राध्यापक गण, कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गठित समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों का योगदान रहा। मंच संचालन डॉ पूनम शाक्य ने किया एवं आभार ज्ञापन अधिष्ठाता डा एस एस तोमर द्वारा दिया गया।



जनसुनवाई : कलेक्टर ने पार्वती कोल को तत्काल 4 लाख रूपये सहायता राशि स्वीकृत की

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में पहुंची सिहोरा के वार्ड नंबर 01 निवासी आवेदिका पार्वती कोल को उनके पति स्व. कमलेश कोल की 29 जनवरी 2026 को मुहारी डेम में डूबने से हुई अकाल मृत्यु पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम ग्रामीण को निर्देश दिए कि उन्हें नियमानुसार अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की जाए। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम ग्रामीण ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के प्रावधानों के तहत मृतक के परिवार को चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर दी है, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र पीड़ित परिवार के घर जाकर प्रदाय करें।

पमरे ने 33.91 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल परिवहन को प्रोत्साहित करने और माल लदान में निरंतर वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले सात माह (अप्रैल से अक्टूबर 2026) में पश्चिम मध्य रेल ने कुल 33.91 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग दर्ज की है, जो गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 31.46 मिलियन टन की तुलना में 7.78 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर 2026 में भी पश्चिम मध्य रेल ने माल लदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 4.98 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग दर्ज की, जबकि गत वर्ष अक्टूबर माह में यह आंकड़ा 4.32 मिलियन टन था। इस प्रकार अक्टूबर माह में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

दीपावली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को रोटरी क्लब ने किया पुरस्कृत

जबलपुर। रोटरी क्लब जबलपुर एक्सीलेंस द्वारा MD पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर दीया सजावट, दीपक एवं तोरण निर्माण तथा रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मिडिल सेक्शन में दीपक एवं तोरण निर्माण प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं की काजल रैकवार, 7वीं की स्वाति गिराय एवं 8वीं के योगेश सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं की कैफिया अलीशा लुईस प्रथम रहीं।



प्राइमरी सेक्शन की दीया सजावट प्रतियोगिता में सहज कुमार घसिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में रोटेरियन शैलेन्द्र जेठा, अखिलेश बादशा, आर.के. चौकसे, सुनील खत्री, विद्यालय प्राचार्य डॉ. अम्बा शर्मा एवं अरविंद माहेश्वरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान बढ़ाती हैं।

अलकनंदा अवस्थी की कृति का विमोचन आज

जबलपुर। पाथेय संस्था के तत्वावधान में साहित्यकार श्रीमती अलकनंदा अवस्थी की कृति का विमोचन समारोह 4 नवंबर 2026 को दोपहर 12 बजे अमोदा, मदनमहल थाना के समीप आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि एवं प्रज्ञापीठाधीश्वर श्रीमाँ साध्वी विभानंद गिरी के सानिध्य में होगा। मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू होंगे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर डॉ. स्वाति गोडबोले, अमरेन्द्र नारायण एवं डॉ. कृष्ण कुमार दुबे उपस्थित रहेंगे। स्वागताध्यक्ष राज अवस्थी होंगे। आयोजक संस्था की ओर से राजेश पाठक 'प्रवीण' ने साहित्यकारों एवं साहित्य प्रेमियों से समारोह में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

बच्चों को धन नहीं, धर्म की वसीयत दें : मुनि निष्कम्प सागर

जबलपुर। मुनि श्री निष्कम्प सागर जी महाराज ने कहा कि माता-पिता बच्चों को धन की नहीं, बल्कि धर्म की वसीयत दें, क्योंकि धन संसार का कारण है, जबकि धर्म जीवन की सच्ची संपत्ति है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म और मनुष्य जन्म मिलना अत्यंत दुर्लभ सौभाग्य है। आमनपुर स्थित श्री महावीर विद्यालय में प्रवचन देते हुए मुनि श्री ने कहा कि बच्चों को ऐसा संस्कार दें कि वे अपने घर को जिनेंद्र भगवान के अभिषेक और साधु-संतों के आगमन से पवित्र मानें। जीवन में धर्म के संस्कार ही सबसे बड़ी विरासत हैं।

मुनि श्री गढ़ा जैन मंदिर से विहार कर आमनपुर पहुंचे। यहां अभिषेक, शांतिधारा एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी तथा आचार्य श्री समयसागर जी की पूजन की गई। पी.सी. जैन, संकल्प जैन, मोनू पटेल, सुनील चड्ढा,



मोनू इंप्रेस सहित जैन समाज के गणमान्य श्रावक उपस्थित रहे। मुनि श्री का चातुर्मास शिवनगर में संपन्न हुआ। धर्म प्रभावना के लिए विभिन्न कॉलोनियों में प्रभु वंदना के पश्चात मुनि संघ का शिवनगर में प्रवेश निर्धारित है। इस अवसर पर जित्तू जैन परिवार को आहारचर्या का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

एसएफआरआई में बीज प्रक्षेत्र चयन का प्रशिक्षण शुरू

जबलपुर। राज्य वन अनुसंधान संस्थान (एसएफआरआई), जबलपुर में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 3 एवं 4 नवंबर 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का विषय 'बीज उत्पादन क्षेत्रों की स्थापना के लिए बीज प्रक्षेत्र की पहचान' है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संचालक प्रदीप वासुदेवा, आईएफएस ने किया। उन्होंने कहा कि टिकाऊ वानिकी के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज और बेहतर रोपण सामग्री आवश्यक हैं। इसके लिए उपयुक्त बीज प्रक्षेत्रों की पहचान एवं संरक्षण महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागियों को विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी जानकारी दी जा रही है। इनमें डॉ. अर्चना शर्मा, मनीष कुमार विजय, डॉ. सचिन दीक्षित, डॉ. ए.के. शर्मा एवं डॉ. उदय होमकर ने व्याख्यान दिए। इस अवसर पर सहायक संचालक सुरेंद्र कुमार शेंडे, वंदना ठाकुर, एस.एस. रघुवंशी, अमित पांडे, आनंद अग्रवाल, शुभम, मनीष, फरहत, भूपेंद्र एवं संतोष उपस्थित रहे।



मयंक के गोल से सेंट अलायसियस ने दर्ज की जीत

जिला स्तरीय अंतर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता

जबलपुर। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में शिवाजी मैदान, सदर में आयोजित जिला स्तरीय अंतर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में सेंट अलायसियस स्कूल ने स्टेमफील्ड को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम के लिए मयंक ने 30वें मिनट में निर्णायक गोल किया। दूसरे मुकाबले में सेंट थॉमस और लिटिल किंगडम के बीच मैच 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ।पहले मैच में सेंट अलायसियस ने शुरुआत से आक्रामक खेल दिखाया। मध्यांतर के बाद दोनों टीमों ने गोल के प्रयास किए, लेकिन कोई भी टीम सफल नहीं हो सकी। दूसरे मैच में लिटिल किंगडम के रमेश और उमेश कुमार ने 49वें एवं 52वें मिनट में गोल कर 2-0 की बढ़त दिलाई। सेंट थॉमस की ओर से मयूर सेन ने 60वें और यश खरे ने 70वें मिनट में गोल कर मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।

सीजीएचएस की मासिक बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा

जबलपुर। केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी क्रमांक 4 में प्रभारी अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ नागरिक संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधियों श्रीप्रसाद उपाध्याय, राजेश सोनी, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला, एस. बोस एवं समीर मजूमदार ने लाभार्थियों की स्वास्थ्य सुविधाओं, उपचार और दवा आपूर्ति संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। डॉ. रावत ने आश्वस्त किया



कि मरीजों को उचित चिकित्सकीय परामर्श, बेहतर उपचार एवं नियमित दवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर संतोष जताते हुए डॉ. रावत, डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस.के. राव एवं होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. यादव की कार्यशैली और सहयोग की सराहना की। बैठक के अंत में डिस्पेंसरी स्टाफ प्रभारी मनोज कुमार ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में लव डांगी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, गोपाल भट्ट एवं हेमराज आर्मो सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

पनागर में 11 नवंबर को होगा भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन

पनागर। कायस्थ समाज द्वारा दीपावली दूज के अवसर पर 11 नवंबर, बुधवार को आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन विधि-विधान एवं धूमधाम से किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त जी मानव जीवन के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं। इस अवसर पर समाजजन पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना करेंगे। कायस्थ सभा के संरक्षक आशुलेखक अवधेश खरे, अशोक श्रीवास्तव, जनपद के पूर्व सदस्य प्रियेश खरे 'मोनू' एवं सुलभ श्रीवास्तव सहित सभा के सदस्यों ने समाजजनों को दीपावली एवं दूज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने की अपील की है।





छठ पूजा के बेदी टोकन वितरण में उमड़े श्रद्धालु

जबलपुर। आधारताल तालाब में छठ पूजा के लिए मंगलवार को नगर निगम के आधारताल जोन कार्यालय में निशुल्क टोकन वितरण किया गया। बड़ी संख्या में छठ व्रतियों ने कतारबद्ध होकर टोकन प्राप्त किए। बेदी स्थल आवंटन की नई व्यवस्था का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। महापौर जगत बहादुर सिंह के निर्देश पर निगम प्रशासन ने तालाब घाट की साफ-सफाई कर बेदी स्थलों की मार्किंग एवं क्रमांक निर्धारित किए हैं। उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ की मांग पर शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत टोकन के माध्यम से निशुल्क बेदी आवंटित की गई। जोन के संभागीय अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने महासंघ, पुलिस एवं समाजसेवियों के सहयोग के लिए आभार जताया। क्षेत्रीय पार्षद शरद श्रीवास्तव बाबा ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे कैंट विधायक अशोक रोहाणी घाट का निरीक्षण करेंगे। निगम प्रशासन ने छठ पूजा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही है।

मझौली में आयोजित हुआ विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम



मझौली। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शासकीय महाविद्यालय, मझौली में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं से संवाद कर लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदाता जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की गई।जनभागीदारी समिति अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने SIR (विशेष गहन पुनरीक्षण) के महत्व, मतदाता जागरूकता तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों की जिम्मेदारी की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति सदस्य रोहित साहू, जिला मंत्री पलाश दुबे, अंचल साहू एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तथा मनोनीत पार्षद कपिल झरिया उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य, प्राध्यापकगण, स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में युवाओं के विचार एवं सुझाव भी सुने गए।

निधन

श्री सूरज सिंह ठाकुर- छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री सूरज सिंह ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गीता कौर बिल्खू- शोभापुर कॉलोनी मड़ई निवासी श्री परमजीत सिंह बिल्खू की धर्मपत्नी श्रीमती गीता कौर बिल्खू (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती पुष्पलता कर्ण- सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री सुरेंद्रनाथ कर्ण की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता कर्ण (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री डमरू चौधरी- बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री डमरू चौधरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रेम सुनीर शिंदे- राइट टाउन साईं मंदिर के पास निवासी श्री प्रेम सुनीर शिंदे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कान्ता प्रसाद विश्वकर्मा- प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री कान्ता प्रसाद विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती राम प्यारी रजक- पुराना बरगी हिल्स निवासी श्री बाबू लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती राम प्यारी रजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुरेश बाबू काछी- शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री सुरेश बाबू काछी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अनिल विश्वकर्मा- बिलहरी छोटे हनुमान के पास निवासी श्री अनिल विश्वकर्मा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री वंश द्विवेदी- चांदमारी लालमाटी निवासी श्री दीपक द्विवेदी के पुत्र श्री वंश द्विवेदी (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री दिलीप कोल- शिवाजी नगर छापर रामपुर निवासी श्री दिलीप कोल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दुर्गेश पांडे- महाराजपुर निवासी श्री राम मोहन पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गेश पांडे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री दत्तात्रय जयकृष्ण देशपांडे- साईं मंदिर के निकट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री दत्तात्रय जयकृष्ण देशपांडे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विकास मेहरा- गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री विकास मेहरा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री मदन लाल शिवहरे- प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री मदन लाल शिवहरे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राहुल कोरी- गोरा बाजार केंट निवासी श्री बबलू कोरी के पुत्र श्री राहुल कोरी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री अभिषेक चौबे- अंडर ब्रिज रोड मदनमहल निवासी श्री अभिषेक चौबे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती ए. कुट्टी- गायत्री नगर कटनी निवासी श्री सीके कुट्टी की धर्मपत्नी श्रीमती ए. कुट्टी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री संतोष कोरी- बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री संतोष कोरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रामजी कोरी- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री रामजी कोरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्यापन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x3 से.मी. रंगीन 1300/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप



जायडस वेलनेस घाटे से उबरी 5.1 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। जायडस वेलनेस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 5.1 करोड़ रुपये रहा है। आमदनी बढ़ने की वजह से कंपनी मुनाफे में आई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में जायडस को 52.8 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 1,126.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 650.5 करोड़ रुपये थी।

एसएफसी का शेयर पहले दिन 29% बढ़त लेकर बंद



नई दिल्ली। अपशिष्ट जल शोधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने 330 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 29 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर निर्गम मूल्य से 7.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 354.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 28.74 प्रतिशत उछलकर 424.85 रुपये पर पहुंच गया।

सऊदी अरामको के लाभ में 35 फीसदी का उछाल



फ्रैंकफर्ट। प्रमुख तेल कंपनी सऊदी अरामको ने मंगलवार को कहा कि तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 36.3 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 26.9 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। सऊदी अरब की कंपनी ने एक बयान में कहा कि मलेशिया की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोनास को अपनी रिफाइनिंग एवं पेट्रोरसायन कंपनी पीआरईएफकेम में हिस्सेदारी बेचने से भी उसे लाभ हुआ। इस हिस्सेदारी बिक्री के एकमुश्त प्रभाव को हटाने पर कंपनी का समायोजित शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 31.2 अरब डॉलर रहा।

बजाज फिनसर्व का मुनाफा 25 फीसदी बढ़ 5,952 करोड़



नई दिल्ली। बजाज फिनसर्व का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 5,952 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,746 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बजाज फिनसर्व ने शेयर बाजार को दी सूचना में मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 43,416 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 37,403 करोड़ रुपये थी।

वाणिज्य मंत्री ने दोनों मुद्दे देश के लिए 'बहुत संवेदनशील' बताए

भारत ने कभी जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दी, डेयरी क्षेत्र भी नहीं खोलेगा: गोयल

किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के हितों की रक्षा की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत ने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है और आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) उत्पादों के आयात की अनुमति भी नहीं देगा। उन्होंने इन दोनों मुद्दों को देश के लिए बहुत संवेदनशील बताया। राष्ट्रीय राजधानी में किरोड़ीमल कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत ने किसी भी संवेदनशील वस्तु पर ''कभी भी'' समझौता नहीं किया है और व्यापार समझौतों में हमेशा अपने किसानों, मछुआरों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा की है।''

भारत ने किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर कभी समझौता नहीं किया

समुद्री उत्पाद में हमारी स्थिति मजबूत

गोयल ने व्यापार समझौतों से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम कुछ कृषि उत्पादों और कुछ ऐसी वस्तुओं के मामले में बाजार खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं जिनमें हमारी मजबूत स्थिति है, जैसे समुद्री उत्पाद। हम अपना डेयरी क्षेत्र खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं। वास्तव में, आज तक हमने किसी के लिए भी डेयरी क्षेत्र नहीं खोला है।



हमारा प्रयास रोजगार के अवसर बढ़ाना

'रेनेट' पनीर बनाने में इस्तेमाल होने वाला एक एंजाइम है, जिसे परंपरागत रूप से छोटे बछड़ों के पेट की अंदरूनी परत से निकाला जाता है। मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ अपने उन उत्पादों के लिए नए बाजार खोलना है, जिनमें हम प्रतिस्पर्धी हैं और जिनसे भारत के बड़े हिस्से, हमारे एमएसएमई, कृषि क्षेत्र के किसानों तथा सभी को बड़े पैमाने पर लाभ मिल सकता है।''

विदेशों के डेयरी उत्पाद में 'रेनेट' का उपयोग

वाणिज्य मंत्री ने कहा, हम भारत में किसी भी जीएम उत्पाद को आने देने के मामले में बहुत संवेदनशील हैं। हमने कभी इसकी अनुमति नहीं दी है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। हम अपनी धार्मिक संवेदनशीलताओं को लेकर भी सतर्क हैं। अक्सर विदेशों में डेयरी उत्पाद बनाने के दौरान बछड़े के मांस या 'रेनेट' का इस्तेमाल किया जाता है...हम भारत में इसकी अनुमति नहीं देते।

आबादी का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर

ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है और इनमें ज्यादातर छोटे तथा सीमांत किसान हैं। नीति-निर्माताओं को आशंका है कि जीएम फसलों का सस्ता और बड़े पैमाने पर आयात, खासकर विकसित देशों की अत्यधिक मशीनीकृत और सब्सिडी वाली कृषि प्रणालियों से होने वाला आयात, घरेलू कीमतों को नीचे ला सकता है और ग्रामीण आय को नुकसान पहुंचा सकता है।

तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास

गोयल ने कहा कि भारत हमेशा कपड़ा, दवा, कृषि उत्पादों तथा रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों के लिए तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा, ''ये सभी हमारे हित के क्षेत्र हैं, जिनके लिए हम तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करते हैं। भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने वाले शुल्क हमारी प्रतिस्पर्धी देशों- इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम, चीन और फिलिपीन...की तुलना में कम हों।''

विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा

वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले तरजीही दर मिले।'' रोजगार के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार देश में विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। गोयल ने कहा, हम विनिर्माण और अधिक सरकारी नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। नियमित रोजगार तलाशने वालों के लिए अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं

फाइजर के लाभ में 65.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। दवा कंपनी फाइजर लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 65.72 प्रतिशत बढ़कर 313.25 करोड़ रुपये हो गया। विशेष मद से प्राप्त लाभ इसकी वजह रही। फाइजर ने मंगलवार को शेयर बाजारों यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसे 189 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने कहा कि उसने मिनिप्रेस एक्सएल की बिक्री के बाद अपनी मूल कंपनी फाइजर इंक, अमेरिका से समीक्षाधीन तिमाही में 132.06 करोड़ रुपये का विशेष लाभ दर्ज किया है। इस निर्णय के बाद फाइजर लिमिटेड ने सात सितंबर, 2026 से मिनिप्रेस एक्सएल का विनिर्माण बंद कर दिया।

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं : 1 **निविदा सूचना कमांक** : डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी पी–211–2026 दिनांक : 27/10/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्रअधिकार में टीटीआर (एफएस टीडब्लूएस डब्लूसीएमएस) – 37 संख्या (1 में 12), टीटीआर (एफएस टीडब्लूएस, डब्लूसीएमएस) – 24 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर (एफएस, सीएस सीएमएस) 30 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर–(टीडब्लूएस, डब्लूसीएमएस) 13 संख्या (1 में 12), टीटीआर (टीडब्लूएस डब्लूसीएमएस) 18 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर (सीएस सीएमएस) 2 संख्या (1 में 12), टीटीआर (सीएस, सीएमएस) 8 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर (डीएस) 13 और टीटीआर (केवल डीएस रेल कॉम्पोनेन्ट)–14 का कार्य ।, **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 4,03,71,617/–**बयाना राशि रूपये** : 8,07,400/–, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 20/11/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 20/11/2026

क्र.सं : 2 **निविदा सूचना कमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–212–2026 दिनांक : 27/10/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : झुकेही–कैमोर खंड में स्थित पुल क्रमांक 1111/2 (स्पैन 1 x 3.58 मीटर) के स्टील गर्डर पुल के स्थान पर 1.00 x 2.70 x 2.00 मीटर आकार के आरसीसी बॉक्स से प्रतिस्थापन कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य** : 57,10,684/–, **बयाना राशि रूपये** : 1,14,200/–, **समापन अवधि** : 10 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** : 20/11/2026, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि** : 20/11/2026

उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। (हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

टाटा मोटर्स ने इवेको में 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने इटली की कंपनी इवेको में 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3.43 अरब यूरो में खरीद ली है। इस अधिग्रहण के बाद दोनों कंपनियों का संयुक्त कारोबार 2.28 लाख करोड़ रुपये (21 अरब यूरो) का होगा और यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी बनेगी। टाटा



मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि नकद निविदा पेशकश के शुरुआती निपटान के बाद इवेको में उसकी हिस्सेदारी 89.42 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, अधिग्रहण की प्रक्रिया अभी जारी है। अधिग्रहण पूरा होने के बाद इवेको, टाटा मोटर्स की एक परोक्ष अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। यह 2008 में फोर्स से जगुआर लैंड रोवर खरीदने के बाद टाटा मोटर्स का सबसे बड़ा अधिग्रहण है।

इवेको समूह में करीब 33,000 कर्मचारी हैं। इसके 16 औद्योगिक संयंत्र और 22 शोध एवं विकास केंद्र हैं। यह सौदा निपटान स्वैच्छिक निविदा पेशकश की स्वीकार्यता अवधि पूरी होने के बाद हुआ है।

सूचीबद्धता समाप्त करने की प्रक्रिया जल्द

टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गिरीश वाघ ने इटली के शेयर बाजारों से इवेको की सूचीबद्धता समाप्त करने की समयसीमा बताने से इनकार किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	न.नि.ज./प्रकाश/2026 27/43/पी.आर.ओ./730 दिनांक 03/11/2026	External Electrification work at Ward No. 57 Jabalpur	06 माह एवं 397884/-	2000/- एवं 4000/-	16/11/2026 1st Call

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय) नगर पालिक निगम जबलपुर

ईंधन आयात में कमी से 100 अरब डॉलर की बचत: आईईए

नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 300 गीगावाट के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में नवीकरणीय ऊर्जा के तेजी से विस्तार से पिछले 15 साल में कोयले और प्राकृतिक गैस के आयात पर 100 अरब डॉलर से अधिक की बचत हुई है। इससे देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई है और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा बाजार में भारत की भूमिका भी लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में देश की नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता करीब चार गुना हो गई है और 2026 में यह 300 गीगावाट के पार पहुंच गई। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे तेजी से बढ़ता नवीकरणीय ऊर्जा बाजार और सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माता बन गया है। नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन में 'भारत का नवीकरणीय ऊर्जा बाजार' शीर्षक से जारी रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि भारत ने 2025 में ही अपनी स्थापित बिजली क्षमता में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी गैर-जीवाश्म ईंधन यानी स्वच्छ ईंधन स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य पूरा कर लिया, जबकि इसे 2030 तक हासिल किया जाना था। रिपोर्ट के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार से आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भी ठोस लाभ मिले हैं। 2011 से 2025 के बीच नवीकरणीय बिजली उत्पादन के कारण भारत को कोयले और प्राकृतिक गैस के आयात पर 100 अरब डॉलर से अधिक की बचत हुई। वर्ष 2030 तक कुल बचत दोगुने से अधिक होने का अनुमान है।

■ ऊर्जा बाजार में भारत की भूमिका भी लगातार महत्वपूर्ण

2030 तक क्षमता 530 गीगावाट पहुंच जाएगी: एजेंसी का अनुमान है कि 2030 तक भारत की नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता करीब 530 गीगावाट पहुंच जाएगी। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि सौर पीवी से होने की उम्मीद है। इससे गैर-जीवाश्म स्रोतों पर आधारित बिजली क्षमता और मजबूत होगी।

होंडा पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करने की तैयारी में जुटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वाहन विनिर्माता होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि वह अगले महीने भारतीय बाजार में अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) पेश करेगी। भविष्य में भारत इस मॉडल के लिए उसका वैश्विक उत्पादन केंद्र भी होगा।

कंपनी ने बयान में कहा कि इस इलेक्ट्रिक एसयूवी का वैश्विक अनावरण दो दिसंबर को भारत में किया जाएगा। इस मॉडल का नाम 'होंडा अल्फा' रखा गया है। होंडा कार्स इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशियुकी यानागिसावा ने कहा, /"भविष्य में भारत इस मॉडल का वैश्विक उत्पादन केंद्र होगा। यह होंडा के इलेक्ट्रिक सफर में एक अहम कदम है और भारतीय बाजार के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।/"

बामर लॉरी का लाभ 40% बढ़कर 67.66 करोड़ रुपए

कोलकाता। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 39.56 प्रतिशत बढ़कर 67.66 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 48.48 करोड़ रुपये रहा था। मिनीरत्न श्रेणी की कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसकी कुल आय जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में 26.34 प्रतिशत बढ़कर 818.04 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 647.48 करोड़ रुपये थी।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER MUNICIPAL COUNCIL KANKER

S.No. 1046/PWD/ONLINE TENDER Kanker/Dated 03.11.2026
E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

S. No.	NIT. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor	Last Date and Time For Downlode Tender
1	1040	203327 (1st Call)	Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Dudhawa Talab, at Ward No. 19 Kanker, Chhattisgarh under AMRUT 2.0.	Rs. 427.38	Rs. 2.14	In Class B or Above	25.11.2026 till 5.30 pm
2	1042	203356 (2nd Call)	Construction of CC Top And RCC Drain on bus stand at Nagar pali-ka kanker under Adhosarchna Budget	Rs. 125.82	Rs. 0.95	In Class C or Above	25.11.2026 till 5.30 pm

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 03.11.2026 at 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
Chief Municipal Officer
Municipal Council KANKER
District- North Bastar Kanker (C.G.)

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)
website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in
phone no. 07662-255200, Fax: 255380

निविदा सूचना क्र. 13/सा./ 2026-27 // निविदा आमंत्रण सूचना // रीवा दिनांक 28.10.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्रं	टेन्डर क्रं.	संभाग का नाम	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	कार्य की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)	निविदा फार्म (रूपये में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_545885_1	शहडोल	गोहपारू रसमोहनी भटिया मार्ग लंबाई 27.50 कि.मी. का निर्माण कार्य ।	द्वितीय	24 माह वर्षाकाल सहित	5741.91	2870955/-	50000/-
					Total	5741.91		

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 04.11.2026 से अंतिम तिथि 25.11.2026 सायं 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।
मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा
G-20964/26 "स्वच्छता ही सेवा"

सोना 700 रुपए टूटकर 1.41 लाख रुपए पर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच निवेशकों के द्वारा सतर्क रुख अपनाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।



अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार के 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में स्थिर रही चांदी की कीमत में भी गिरावट दर्ज की गई। चांदी 2,000 रुपये टूटकर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेतों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी का रुख कमजोर पड़ गया।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, त्योहारी सत्र नजदीक आने से घरेलू सर्राफा कीमतों को सहारा मिल सकता है। धनतेरस और दिवाली से पहले सोने की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इन त्योहारों के दौरान सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म.प्र.
क्रमांक 800/निर्वाह/26 कटनी, दिनांक 27/10 /26

षठम वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण वर्ष 2026-27 (आमंत्रण)

जिला जेल कटनी में परिरूदव बंदियों के उपयोग हेतु खण्ड -1 खादयानसामग्री एवं सब्जी एवं फल की व्यवस्था के लिए ई-निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार है :-

क्र.	विवरण	दिनांक/समय	स्थान
1	प्री-बिड मीटिंग	11/11/2026 प्रात: 11:00 बजे	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र
2	ऑनलाईन फार्मजमा करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपए 05.00 लाख तक रुपए 500.00 एवं रुपए 05.00 लाख से अधिक रू. 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 - 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी)	16/11/2026 सायंकाल 5:30 बजे तक	https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
3	नमूने जमा करने की तिथि	16/11/2026 सायंकाल 5:30 बजे तक	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र
4	तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण	दिनांक 18/11/2026 प्रात: 11.00 बजे	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र
5	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 19/11/2026 प्रात: 11.00 बजे	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है । निविदा फार्म दर्शित वेवसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।
जेल अधीक्षक
जिला जेल कटनी म.प्र.
G-20952/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग शहडोल
कार्यालय पता-तहसील आफिस के बगल में तह. सोहागपुर जिला शहडोल ईमेल आई.डी. - eeressdl@g,mail.com

क्रमांक/2552/ई-निविदा/ग्रायांसेवा/2026 शहडोल, दिनांक 29/10 /2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08/2026-27

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover - 2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्र.	ग्रायांसेवा सभाग	सिस्टम टेण्डर आईडी नंबर	कार्य का नाम	विकास खण्ड	निविदा लागत (PAC) (रू. लाख में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में)	समया वधि (वर्षा काल सहित)	आमंत्रण का क्रम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	शहडोल	2026_RES_546536	बायोगैस सयंत्र निर्माण गौशाला परिसर के पास खन्नौधी	गोहपारू	13.51	27020	2000	90 दिन	द्वितीय
2	शहडोल	2026_RES_546538	कम्प्यूटर कक्ष निर्माण शास. एम. एस. स्कूल देवरी नं. 1 विद्युतीकरण सहित	गोहपारू	13.14	26280	2000	180 दिन	द्वितीय

उपरोक्त निविदा के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेबसाईट http://mptenders.gov.in पर आनलाईन भुगतान कर कय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र कय करने की दिनांक 12.11.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 21.11.2026 समय 6.00 बजे सायं तथा निविदा प्रपत्र आनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.11.2026 समय 6.00 बजे सांय तक निर्धारित है। निविदा Cover लिफाफा - A (Cover - 1) एवं निविदा Cover लिफाफा - C (Cover - 3) आनलाईन ही जमा / अपलोड (Submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नही की जावेगी । संशोधन संबंधी सूचनायें केवल बेबसाइट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें। बेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नही होगा ।
कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग शहडोल म.प्र.
G-20974/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

चिंतन

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं

लोकतंत्र में असहमति और प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों के अधिकारों को कुचलने की छूट भी नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा जमाकर बैठ जाना और आम लोगों की जिंदगी को बाधित करना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इसी संतुलन की जरूरत को रेखांकित करती है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन को किसी सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन करने का हक नहीं है। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार किसी एक संगठन की स्थायी संपत्ति नहीं हो सकता। दरअसल, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय तक चलने वाले धरने-प्रदर्शनों का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहता। इससे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों तक को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने अदालत में दावा किया कि त्योहारों के सीजन में प्रदर्शनों के कारण कारोबारियों को करीब दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। किसी के विरोध के अधिकार की कीमत दूसरे नागरिकों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर नहीं चुकानी चाहिए। हालांकि, पूरे मामले का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस कार्रवाई, हिरासत और निगरानी के नाम पर मनमानी का सामना नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने और प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल उठाए गए। सरकार और पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किस कानून और किन परिस्थितियों में की गई। यही कारण है कि प्रदर्शन के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध करवाएं। इन स्थानों का निर्धारण पारदर्शी नियमों के आधार पर हो और सभी संगठनों को समान अवसर मिले। दूसरी ओर, पुलिस को भी कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसक या अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन आयोजित करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ सामाजिक दायित्व भी जुड़े हैं। यदि किसी आंदोलन के कारण सड़कें बंद होती हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है या कारोबार ठप पड़ता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार लंबे समय तक चलने वाले धरने इस बात का संकेत होते हैं कि संबंधित पक्षों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। प्रशासन को समय रहते बातचीत करनी चाहिए, ताकि असंतोष टकराव में न बदले। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का व्यापक संदेश यही है कि लोकतंत्र में अधिकार एकतरफा नहीं हो सकते। किसी एक वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए दूसरे वर्ग की आवाजाही और आजीविका बाधित करना लोकतांत्रिक भावना के अनुकूल नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि असहमति को जगह मिले और आम जनजीवन भी निर्बाध चलता रहे।



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल

राजनीति का नया शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हसरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्न से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..!

मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हसरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी



पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि वे किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन मेवा के लिए और सिर्फ अपनी नेम प्लेट के लिए दलबदल कर बैठा है। चुनाव आएगा तो जनता इन दुकानों का शटर खुद ही गिरा देगी।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आध्यात्मिक

विवेक मिश्रा



33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सानिध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी राममयी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्ज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया'नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतको ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए , जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है । इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं ₹पर्व₹ अर्थात जोड़ने वाले और 'उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं:- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित **दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

मूर्ख साधू और ठग



संकलित **प्रेरणा**

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

- राजेश शर्मा, हिसार

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत



अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 साल में राज्य में खसरे से मौत का यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरैक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ''यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।

ऑफ बीट

अब बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत



क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।

ट्रेंड

पिंक लाइन



पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवडी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं



तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया! त्योहारी सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी खुद अराजक



बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई अपराधी नहीं पकड़ा जाएगा, क्योंकि अपराधी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में कहीं न कहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

महंगाई मुक्ति यात्रा



भ्रष्टाचार और आसमान छूती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और परखी हुई गारंटियां सरल और सीधा समाधान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

किसान रथ, जागरूकता कार्यक्रम और कृषि यंत्रों के प्रदर्शन से किसानों को किया जा रहा जागरूक

पराली प्रबंधन के साथ उठाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें : नीता राठौर

जबलपुर। पराली प्रबंधन को लेकर अपर कलेक्टर श्रीमती नीता राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए जागरूक करने के साथ खेतों से पराली उठाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को परेशानी न हो।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, किसान रथ, स्कूलों में शिविर और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से एसएमएस भेजकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, बेलर एवं जीरो ड्रिल मशीनों का लाइव प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

कृषि यंत्री सौरभ पटेल ने मशीन संचालक किसानों से आसपास के किसानों को भी कृषि यंत्र उपलब्ध कराने की अपील की। वहीं एडीएम रविशंकर राय ने सुझाव दिया कि खेतों से एकत्रित पराली गोशालाओं तक पहुंचाई जाए, जिससे पशुओं के चारे की उपलब्धता बढ़े और पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगाने में मदद मिले।



बैठक में कृषि यंत्रों की उपलब्धता बढ़ाने तथा उनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष सुपर सीडर मशीनों की संख्या में वृद्धि हुई है और विकासखंडवार इनकी आवश्यकता का आकलन किया जा रहा है।

नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचे 30 आवेदन

निगमायुक्त ने सुनीं समस्याएं, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के प्रकरणों का मौके पर किया निराकरण

जबलपुर। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में निगमायुक्त अग्रिम कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। प्राप्त आवेदनों में अतिक्रमण एवं भवन शाखा के 4-4, स्वास्थ्य एवं पेंशन के 3-3, लेखा, स्थापना, लोक निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 2-2 तथा जल, प्रकाश, कॉलोनी सेल, विधि और राजस्व विभाग के एक-एक आवेदन शामिल रहे। संभाग क्रमांक 4, 11 एवं 15 से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। निगमायुक्त के निर्देश पर राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष प्रकरण संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के साथ सौंपे गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, विद्यानंद बाजपेई, उपायुक्त वेद प्रकाश चौधरी, देवेंद्र सिंह चौहान, अंकिता जैन, नवीन लोनारे, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, इंद्रकुमार वर्मा, देवेंद्र पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में जबलपुर नोडल का शानदार दबदबा

जबलपुर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल कैलेंडर के अनुसार 31 अक्टूबर 2026 को ज्ञानसागर कॉलेज, सागर में आयोजित राज्य स्तरीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में जबलपुर नोडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 7 नोडल टीमों ने हिस्सा लिया। जबलपुर नोडल ने अपने पहले मुकाबले में इंदौर नोडल को 09-06 से पराजित किया। सेमीफाइनल में भोपाल नोडल को 10-04 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जबलपुर नोडल ने ग्वालियर नोडल को 14-08 से शिकस्त देकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पूरी प्रतियोगिता में जबलपुर नोडल की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए तीनों मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। इस उपलब्धि से जबलपुर का नाम खेल जगत में गौरवान्वित हुआ।



कलचुरी फैमिली ने दीपावली मिलन समारोह में दिया सामाजिक एकता का संदेश

जबलपुर। कलचुरी फैमिली क्लब द्वारा आगामी दीपावली के उपलक्ष्य में मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक गीतों के साथ हुई। इस अवसर पर सदस्यों ने दीपावली की तैयारियों, सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सामूहिक दायित्वों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही त्योहारों के महत्व एवं सुरक्षा को लेकर भावपूर्ण चर्चा की गई।कार्यक्रम का संयोजन कौशलेंद्र महाजन ने किया तथा संचालन राजीव चौकसे ने किया। समारोह में रवींद्र-शशि चौकसे, राजेंद्र-सीमा राय, श्रीचंद-कल्पना चौकसे, देवेंद्र-आशा चौकसे, कौशलेंद्र-कल्पना महाजन, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोरमा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, केएस-रेखा राय, राजकुमार-अर्चना जायसवाल, संतोष-ज्योति जायसवाल, राजेश-अर्चना जायसवाल, आनंद-नीता महाजन, नीरज-कविता चौकसे, सागर-रुचिका महाजन, सिद्धार्थ-अंजलि राय, श्रेया महाजन एवं रुशांक महाजन सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

1101 युवक-युवतियों के परिचय से जुड़ेगा ब्राह्मण समाज

22 नवंबर को मानस भवन में होगा 27वाँ वैवाहिक परिचय सम्मेलन

जबलपुर। ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा द्वारा 22 नवंबर 2026, रविवार को मानस भवन, जबलपुर में 27वाँ वार्षिक युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें 1101 विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा से सुसज्जित 'नव जीवन' वैवाहिक पत्रिका का विमोचन होगा। महासभा संस्थापक पं. वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि संस्था 27 वर्षों से समाज को वैवाहिक परिचय का साझा मंच उपलब्ध करा रही है।

अध्यक्ष पं. मुन्नालाल दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती भारद्वाज एवं महासचिव पं. दिलीप दुबे ने अभिभावकों से बायोडाटा शीघ्र जमा करने की अपील की है। इस अभियान में श्रीमती प्रमीता शर्मा, पं. डॉ. अरुण मिश्रा, विनय मिश्रा, पं. शिवगणेश गौतम, श्रीमती मीरा दुबे, श्रीमती रेणुका तिवारी, श्रीमती जागृति शुक्ला, शोभना तिवारी, एड. विवेक दुबे एवं पं. अभ्युत बाजपेई ने भी सहभागिता की अपील की है। महासभा ने विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा युवक-युवतियों के परिचय हेतु भी बायोडाटा आमंत्रित किए हैं। बायोडाटा महासभा कार्यालय, गांधी भवन के सामने, विक्टोरिया अस्पताल रोड, ओमती, जबलपुर में जमा किए जा सकते हैं।





पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के अध्यक्ष बने नरेश ग्रोवर, डॉ. ओबेराय सचिव निर्वाचित

जबलपुर। पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा बैठक नेपियर टाउन स्थित संस्था भवन में आयोजित हुई। इसमें वर्ष 2026-28 के लिए सर्वसम्मति से नरेश ग्रोवर को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व वित्त मंत्री तरुण भानोट ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में प्रमोद मरवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज सेठी उपाध्यक्ष, डॉ. राजीव ओबेराय सचिव, भारत कुमार कपूर एवं दीपक वर्मा सहसचिव, सुशील आनंद कोषाध्यक्ष, उमेश शर्मा (पप्पू) जनसंपर्क अधिकारी तथा सुधीर मेहता आंतरिक लेखा परीक्षक नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में तरुण भानोट, इंदर कुमार विरमानी, रघुवर कपूर, धनवंतराय सेठी, डॉ. सुनील बहल, गुलशन माखीजा, उमेश खुराना, नरेंद्र धमीजा, नीरज ब्योत्रा, संजय अरोरा, प्रदीप वाधवा, संजीव मलिक, मनमोहन कोचर, अजीत मिनोचा, दीपक चंडोक एवं संदीप सेठी शामिल हैं। सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

30 नवंबर तक चलेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और साइबर जागरूकता शिविरों का आयोजन

रेल पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर शुरू

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल प्रशासन द्वारा रेल पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की सुविधा के लिए 1 से 30 नवंबर 2026 तक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (DLC 5.0) विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों में विभिन्न रेलवे स्टेशनों, मंडल कार्यालयों और चिकित्सा संस्थानों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

शिविरों में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने का लाइव डेमो, तकनीकी सहायता, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी जा रही है। आधार आधारित डिजिटल प्रक्रिया से पेंशनर घर बैठे भी जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।



जबलपुर मंडल में उमंग सामुदायिक भवन, समाधान केंद्रों सहित कटनी, सतना, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, ब्यौहारी, पिपरिया आदि स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। भोपाल एवं कोटा मंडलों में भी निर्धारित केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध है।

पेंशनरों से आधार कार्ड, मूल PPO, बैंक पासबुक और आधार से लिंक सक्रिय मोबाइल साथ लाने की अपील की गई है। रेल प्रशासन ने सभी पेंशनरों से निकटतम शिविर पहुंचकर अभियान का लाभ लेने का आग्रह किया है।

पेंशनरों का 17 नवंबर को हल्ला बोल आंदोलन

कोष एवं लेखा विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में 5 नवंबर को सौंपेंगे ज्ञापन

जबलपुर। संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, जबलपुर की कार्यप्रणाली के विरोध में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने आंदोलन का निर्णय लिया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 17 नवंबर को संयुक्त संचालक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना एवं हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए 5 नवंबर को जिला, तहसील एवं ब्लॉक शाखाओं द्वारा सक्षम अधिकारियों के माध्यम से संचालक/आयुक्त, कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश भोपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन सचिव एवं जिलाध्यक्ष रामगोपाल तिवारी तथा महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पेंशनरों के लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं होने से असंतोष व्याप्त है। संगठन का आरोप है कि संयुक्त संचालक रोहित सिंह कौशल की हठधर्मिता के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरण लंबित हैं। लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त राजनारायण दीक्षित सहित 14 पेंशनरों के मामलों के निराकरण के लिए संगठन लगातार प्रयास कर रहा है। वरिष्ठ सलाहकार प्रीतम प्रसाद शुक्ला, पं. हीरालाल दुबे, विनोद अवधिया, राममूरत सिंह ठाकुर, राजनारायण दीक्षित, गुरु प्रसाद मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, केशव प्रसाद पांडेय, प्रभात सोनी, बृजमोहन शुक्ला, श्यामलाल साहू, श्रीमती भागवती मरकाम, सावित्री नामदेव, कीर्ति कछवाहा, संदीप चौरसिया, उदयवती धुर्वे तेकाम, संतोष उयके, ऊषा मरावी, अंजोरा तेकाम सहित अन्य पदाधिकारियों ने आंदोलन में सहभागिता की अपील की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन के दूसरे चरण में डिंडोरी कलेक्टर कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

रादुविवि में दीपावली महोत्सव कार्यशाला

विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ कला कौशल भी जरूरी : प्रो. राजेश वर्मा

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान द्वारा आयोजित चार दिवसीय दीपावली महोत्सव कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को डेकोरेटिव आइटम्स, वॉल हैंगिंग, तोरण एवं रंगोली निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में अध्यापन के साथ कला एवं कौशल का विकास भी आवश्यक है। भारतीय संस्कृति में त्योहारों से जुड़ी कलाओं का विशेष महत्व है। विशिष्ट अतिथि प्रो. राकेश बाजपेयी ने विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना की। संस्थान की निदेशक प्रो. अलका नायक ने बताया कि कार्यशाला विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आयोजित की जा रही है, जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। उन्होंने इसी अवसर पर संस्थान के निदेशक का पदभार भी ग्रहण किया। पूर्व निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह की सेवानिवृत्ति के बाद यह पद रिक्त था।



संयोजक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी 4 एवं 5 नवंबर 2026 को पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में लगाई जाएगी, जहां सामग्री बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेगी। सुश्री श्रेया जैन, श्रीमती रिया ओबेरॉय एवं सुश्री मौसमी गौतम ने दीप सज्जा, रंगोली, तोरण, वंदनवार, दीपक निर्माण, पूजन थाली सज्जा, मेहंदी एवं वेस्ट टू बेस्ट का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में डॉ. मीनल दुबे, सुश्री जोफिजा मनसब, रविता सिंह, आर्किटेक्ट गुणित वैद्य, सविता पहारिया सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/194/2026-27/ दिनांक 02/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रेखा पटैल पति श्री सुरेन्द्र पटैल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. ख.नं. K 35/1, 35/2,36/1 का भाग संपत्ति के पिन क्रमांक 1002958075 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1111 वर्गफुट भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुशांत सोनकर पिता श्री अंचल सोनकर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/195/2026-27/ दिनांक 02/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रेखा पटैल पति श्री सुरेन्द्र पटैल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. ख.नं. E 35/1, 35/2,36/1 का भाग संपत्ति के पिन क्रमांक 1003029916 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1111 वर्गफुट भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुनीता कोहली पति श्री राकेश कोहली का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/187/2026-27/ दिनांक 02/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मानसी कुमारी पति श्री जितेन्द्र कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 08 मां नर्मदे प्राइम कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 2000110264 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1269.17 वर्गफुट भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राकेश कुमार तिवारी पिता शिवदयाल तिवारी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

In The Court Of XXI Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer:राहुल क्षत्री
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/ 0000140/ 2021)
श्रीमती रज्जो बाई....आवेदक Vs आम जनता....अनावेदक
Process Id-/2026 पेशी दिनांक :-27/11/2026
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र. (1) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रज्जो बाई पता 206, ग्राम सिहोढ़ा, मजीठा सिहोढ़ा तहसील शहपुरा,जिला-जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक छोटेलाल यादव निवासी 206, ग्राम सिहोढ़ा, मजीठा सिहोढ़ा तहसील शहपुरा,जिला-जबलपुर (म.प्र.) की सेंट्रल रेलवे इम्प्लॉई को. ऑप. क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड, DRM ऑफिस कैम्पस के अंदर जबलपुर में जमा समस्त राशि प्राप्ति हेतु संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 November 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 November 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 31 October 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
(राहुल छत्री)
इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश
(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
न्यायालय की मुद्रा

कृपया ध्यान दें :-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

पेंशनरों को जनवरी से नहीं, जुलाई 2026 से मिली 2% महंगाई राहत

कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए अलग-अलग तारीख तय करने पर विरोध

जबलपुर। मध्यप्रदेश के पेंशनरों को 2 प्रतिशत महंगाई राहत जनवरी 2026 के बजाय जुलाई 2026 से दिए जाने के निर्णय पर विरोध शुरू हो गया है। म.प्र. विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ (पेंशनर महासंघ) ने इसे पेंशनरों के साथ भेदभाव बताते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने उपमुख्यमंत्री एवं जबलपुर के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से हस्तक्षेप की मांग की है। संघ के अनुसार, शासन ने 30 अक्टूबर 2026 को सेवारत कर्मचारियों को जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा नौ माह का एरियर तीन किस्तों में देने का आदेश जारी किया है, जबकि पेंशनरों को जुलाई से महंगाई राहत देने का निर्णय लिया गया है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संगठन ने मांग की है कि पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को भी जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ दिया जाए।



संघ का कहना है कि कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए अलग-अलग प्रभावी तिथि निर्धारित करना न्यायसंगत नहीं है। संगठन ने सरकार से संशोधित आदेश जारी कर लंबित राहत का एरियर देने की मांग की है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/196/2026-27/ दिनांक 03/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री महेन्द्र लालवानी (2)श्री अतुल लालवानी पिता स्व. श्री प्रीतम लालवानी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक हाउसिंग बोर्ड कालोनी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000398020 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 5610 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1996 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दान पत्र/ शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ अनु. विक्रय पत्र / वसीयतनामा / त्यागपत्र / रिलीज डीड / बंटवारानामा के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रीतम लालवानी पिता उत्तम चंद लालवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/193/2026-27/ दिनांक 02/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अलंकार दीपक श्रीवास पिता जगदीश प्रसाद श्रीवास ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 1457 बचऊ का बाडा संपत्ति के पिन क्रमांक 1000429417 पर निर्मित भूतल 123 व्यवसायिक वर्गफुट भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री जितेन्द्र खत्री पिता श्री जोगेन्द्र खत्री का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.स.क्रं /11/एम/186/2026-27/ दिनांक 02/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्नेहलता यादव पति श्री जगदीश यादव ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक ख.नं. पी-5/2बी17 ब्लाक नं. 26 का हिस्सा संपत्ति के पिन क्रमांक 1000429992 पर निर्मित भूतल 450 वर्गफुट, प्रथम तल 450 वर्गफुट भूमि विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती वंदना यादव पति श्री आनंद यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

क्या कोई ऐसी दुकान हो सकती है जहां न तो कोई सामान बेचने वाला हो और न ही चोरी रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगा हो? शायद देश के बाकी हिस्सों में ऐसा सोचना भी मुश्किल है, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड में यह हकीकत है।

नागालैंड में गरीब किसान का भरोसा नहीं तोड़ता ग्राहक

बिना दुकानदार की दुकान पर खुद देकर जाता है पैसा

कोहिमा। नागालैंड के पर्यटन मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग ने सोशल मीडिया पर इन अनोखी 'ऑनेस्टी शॉप्स' (ईमानदारी की दुकानों) की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। यह दुकानें किसी आधुनिक तकनीक से नहीं, बल्कि सिर्फ और सिर्फ आपसी भरोसे और ईमानदारी की नींव पर चल

कैसे काम करता है यह अनोखा बाजार?

पहाड़ी रास्तों के किनारे बनी इन छोटी-छोटी दुकानों या स्टालों पर ताजी सब्जियां, मौसमी फल, घर के बने अचार और जूस करीने से सजाकर रख दिए जाते हैं। हर सामान के साथ उसकी कीमत लिखी होती है। ग्राहक वहां रुकते हैं, अपनी पसंद का सामान उठाते हैं, लिखी हुई कीमत देखते हैं और पास में रखे गल्ले (कैश बॉक्स) में पैसे डाल देते हैं। कमाल की बात यह है कि बदलते वक्त के साथ अब यहां ऑनलाइन भुगतान के लिए यूपीआई क्यूआर कोड भी लगे हुए हैं।



खेत में किसान, दुकान पर सिर्फ भरोसा

दरअसल, इन दुकानों को चलाने वाले स्थानीय किसान हैं। वे सुबह-सुबह अपने खेतों का ताजा उत्पाद यहां रख देते हैं और खुद खेतों में काम करने या अपने दूसरे कामों में व्यस्त हो जाते हैं। उन्हें पूरा यकीन होता है कि उनकी गैरमौजूदगी में भी कोई उनका हक नहीं मारेगा। नागालैंड के पफुत्सेरो इलाके में महिला किसान ऐसी करीब 20 दुकानें संभाल रही हैं।

व्यापार सिर्फ लेन-देन नहीं, संस्कृति है

मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग ने बिल्कुल सही बात कही है कि व्यापार सिर्फ पैसों के लेन-देन का नाम नहीं है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि हम रोजमर्रा की आम जिंदगी में एक-दूसरे के प्रति कितने ईमानदार हैं। यह दुकानें नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और वहां के लोगों के ऊंचे नैतिक मूल्यों का जीता-जागता सबूत हैं।

रोचक खबरें

पत्थर बन चुका था बच्चा! 3 साल तक पेट में लेकर घूमती रही महिला

मोगादिशु। सोचिए एक महिला मां बनने वाली हो, लेकिन अंदरूनी दिक्कतों की वजह से गर्भ में ही बच्चे की मौत हो जाए, और शरीर उसे बाहर निकालने के बजाय उसे कैल्शियम जमा करके पत्थर जैसा बना दे। सोमालीलैंड में ऐसा ही एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां 42 साल की एक महिला के पेट से करीब 3 साल बाद 'पत्थर का बच्चा' निकाला गया है। सोमालीलैंड की रहने वाली इस महिला को पिछले 3 साल से पेट के नीचे के हिस्से में बहुत तेज दर्द और भारीपन था। पहले उसने इसे आम दर्द समझा, लेकिन धीरे-धीरे दर्द बढ़ता गया। जब दर्द बर्दाश्त नहीं हुआ तो वह डॉक्टर के पास गई। डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन किया तो वे भी हैरान रह गए। महिला के पेट के अंदर एक भ्रूण का कंकाल मिला, जो पूरी तरह कैल्शियम जमने से पत्थर जैसा सख्त हो चुका था। यह जानकारी लाइव साइंस ने 'इंटरनेशनल मेडिकल केस रिपोर्ट्स जर्नल' में छपी एक स्टडी के हवाले से दी है। डॉक्टरों के मुताबिक, इस दुर्लभ स्थिति को लिथोपेडियन या स्टोन बेबी कहा जाता है। यह तब होता है जब गर्भ में पल रहा बच्चा गर्भाशय के बाहर पेट में बनने लगता है और किसी वजह से उसकी मौत हो जाती है। भ्रूण का आकार बड़ा होने से शरीर उसे सोख नहीं पाता। इसलिए शरीर खुद को बचाने के लिए मृत भ्रूण के चारों ओर कैल्शियम की परत जमा करने लगता है। धीरे-धीरे वही भ्रूण पत्थर जैसा सख्त हो जाता है। पिछले 400 सालों में दुनिया भर में ऐसे सिर्फ 330 से 340 मामले ही दर्ज हुए हैं।



आंखों पर पट्टी बांधकर बनाते हैं मिट्टी के बर्तन, दूर-दूर से देखने आते लोग

बुरहानपुर। दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। घरों की सजावट से लेकर पूजन सामग्री की खरीदारी तक के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। इसी बीच मध्य प्रदेश के बुरहानपुर के खैराती बाजार क्षेत्र में रहने वाले सुरेश प्रजापति अपनी अनोखी कला और पारंपरिक हुनर के चलते आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सुरेश आंखों पर पट्टी बांधकर मिट्टी के बर्तन बनाते हैं। उनकी इस कला को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। सुरेश प्रजापति ने एक बातचीत में कहा कि वह मिट्टी के बर्तन बनाने में माहिर हैं। उनकी खासियत यह है कि वह आंखों पर पट्टी बांधकर भी अपने हाथों से मिट्टी को आकार देते हुए बर्तन तैयार कर लेते हैं। उनके हाथों का हुनर और मिट्टी पर पकड़ इस कला को खास बनाती है। उनकी इस अनोखी प्रतिभा को देखने के लिए लोग उत्सुक रहते हैं। मिट्टी से विभिन्न आकार के बर्तन तैयार करना उनकी मेहनत, अनुभव और वर्षों के अभ्यास को दर्शाता है। सुरेश प्रजापति के परिवार में मिट्टी के बर्तन बनाने का काम लंबे समय से किया जा रहा है। खास बात यह है कि परिवार की दूसरी पीढ़ी भी इस पारंपरिक व्यवसाय को आगे बढ़ा रही है। आज के आधुनिक दौर में जहां बाजारों में कई तरह के सजावटी और कृत्रिम सामान उपलब्ध हैं, वहीं मिट्टी के बर्तनों की अपनी अलग पहचान बनी हुई है। दीपावली जैसे त्योहारों पर इनकी मांग और बढ़ जाती है। दीपावली पर पूजन में उपयोग होने वाले मिट्टी के दीये और अन्य बर्तन लोगों की जरूरत का अहम हिस्सा हैं। सुरेश प्रजापति भी त्योहार को देखते हुए विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन तैयार कर रहे हैं। वह इन बर्तनों को कम कीमत पर बेचते हैं, ताकि आम लोग भी आसानी से खरीदारी कर सकें. यही कारण है कि खैराती बाजार क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन खरीदने के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ रही है। सुरेश प्रजापति जैसे कारीगर अपनी कला और मेहनत के दम पर न केवल पारंपरिक विरासत को जीवित रखे हुए हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी तक इस हुनर को पहुंचाने का काम भी कर रहे हैं।



नेचुरल जीवन

एग्रो टूरिज्म के तहत इस होटल को चलाना शुरू किया

100 बीघे में गोबर से बना देसी होटल, प्रकृति के बीच अद्भुत सुकून

सीकर। जिंदगी की भागदौड़ से थका हुआ इंसान सुकून की तलाश में प्रकृति के बीच जाता है। प्रकृति के बीच अगर कोई वैदिक कुटी बनी हो और वहां पर ठहरने का मौका मिल जाए तो शरीर में ताजगी आ जाती है। गोमाता की सेवा, चूल्हे की रोटी और देसी साग-सब्जी का स्वाद रोमांचित कर देता है। इसी सोच के साथ राजस्थान के सीकर में एक देसी होटल शुरू किया गया, जहां दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। गोबर से बना यह होटल करीब 100 बीघा में फैला हुआ है। घुड़सवारी करते हैं, गाय के सेवा करते हैं और प्रकृति के बीच रहकर नेचुरल जीवन का आनंद उठाते हैं गोबर से 100 बीघे में बने इस होटल का नाम 'जोर की ढाणी' है। सुशील राठौर इसकी मालिक है। 2005 में उन्होंने खेतों में अपना घर बनाया। 2007 में एग्रो टूरिज्म के तहत इस होटल चलाना शुरू किया। सुशीला राठौर बताती हैं कि जमीन उनकी पुश्तैनी थी।



खूबसूरत घर

गांव से दूर जो मकान बनते हैं, उन्हें राजस्थान में ढाणी कहा जाता है। 'जोर की ढाणी' का मतलब गांव से दूर बने ऐसे घर जो बहुत ही खूबसूरत और सबसे अच्छे हैं। इस देसी होटल में करणी माता का भी एक कमरा है। इन घरों में पंखे चलाने भर से ठंड का अहसास होता है। मिट्टी के बने ये कमरे ठंड के सीजन में गर्माते हैं और गर्मियों में ठंडक देते हैं। सुशीला राठौर बताती है कि सबसे पहले गेस्ट यूएस से आए थे। 7 दिन रुके थे। अब हर साल 15-17 देशों से गेस्ट जोर की ढाणी में आते हैं।

1200 से लेकर 4000 रुपए तक रूम का रेंट

सुशीला बताती हैं कि उनके पास दिल्ली से करीब 150 परिवार हर छह माह में आते हैं। 7 दिन रुकते हैं। इस देसी होटल में रूम का किराया अलग-अलग है। 1200 से लेकर 4000 रुपए तक रूम का रेंट है। प्रतिदिन 700 रुपए खाने का चार्ज है। पूरा होटल 100 बीघे में है। 12x10 फीट का रूम रेंट 2000 रुपए प्रति रात्रि है। चार लोगों के ठहरने के लिए 28 फीट लंबा और 23 फीट चौड़ा रूम बनवाया हुआ है। इसका किराया 3200 रुपए है। इसमें डबल बेड हैं। इसमें एसी नहीं है और ना ही इसकी जरूरत है।

कमरों में जमीन पर बैठकर खाने की व्यवस्था

इतना ही नहीं, इसी होटल में एक कृत्रिम झरना भी बनाया गया है। ओखल-मूसल, हल जैसे किसानों की चीजें भी इस होटल में रखी हुई हैं। सर्दियों में योग करने के लिए मिट्टी के मंच की व्यवस्था है। सुशीला राठौर ऑर्गेनिक खेती करती हैं। उन्हें 2018 में भारत सरकार की ओर से अवॉर्ड भी मिल चुका है। सुशीला बताती हैं कि कमरों में जमीन पर बैठकर ही खाने की व्यवस्था है। इसी होटल में कई तरह के मसाले तैयार होते हैं। ऑर्गेनिक आइटम तैयार किए जाते हैं। खेतों में बने इस होटल में देश-दुनिया से लोग आते हैं। प्रकृति के बीच रहते हैं। सुकून

इस देश में मिल रही रोबोट डॉग घुमाने की नौकरी, 4 से 6 घंटे की होगी ड्यूटी



वॉशिंगटन। आज के समय में टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से बदल रही है कि कई ऐसे काम भी सामने आ रहे हैं, जिनके बारे में पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा। अब तक आपने लोगों को कुत्तों को टहलाने के बदले पैसे कमाते हुए देखा या सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि किसी रोबोट डॉग को घुमाने के भी पैसे मिल सकते हैं? अमेरिका में एक कंपनी ने लोगों को ऐसा ही अनोखा काम करने का मौका दिया है। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक स्टार्टअप कंपनी ने रोबोट डॉग ऑपरेटर रखने की शुरुआत की है। इस काम के लिए कंपनी लोगों को हर घंटे करीब 20 डॉलर यानी लगभग 1,700 रुपए दे रही है। इस नौकरी में लोगों को रोबोट डॉग के साथ सैन फ्रांसिस्को की सड़कों पर घूमना होगा। रिपोर्ट के अनुसार ऑपरेटर को रोजाना करीब 4 से 6 घंटे तक रोबोट के साथ समय बिताना पड़ सकता है। आमतौर पर लोग अपने पालतू कुत्तों को सुबह या शाम टहलाने के लिए बाहर ले जाते हैं। इसके बदले कई जगहों पर डॉग वॉकर को पैसे भी दिए जाते हैं। ऐसे रोबोट को चलाने और संभालने के लिए तकनीकी जानकारी के साथ सावधानी भी जरूरी होती है। सड़क पर चलते समय आसपास के लोगों, वाहनों और रास्ते में आने वाली दूसरी चीजों का ध्यान रखना पड़ता है। रोबोट के बंद हो जाने या चलते समय किसी तरह की परेशानी आने पर ऑपरेटर को स्थिति संभालनी पड़ सकती है। इसलिए, यह काम केवल रोबोट के साथ टहलने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल और निगरानी करना भी इसका हिस्सा है।

बदल रही है काम करने की दुनिया

टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल के साथ दुनियाभर में नौकरियों के तरीके भी बदल रहे हैं। पहले रोबोट का इस्तेमाल ज्यादातर फैक्ट्रियों और बड़े संस्थानों तक सीमित माना जाता था, लेकिन अब वे आम लोगों के बीच भी दिखाई देने लगे हैं। रोबोट डॉग को सड़कों पर घुमाने के लिए लोगों को नौकरी देना इसी बदलाव का एक दिलचस्प उदाहरण है। इस तरह की नौकरियां दिखाती हैं कि आने वाले समय में लोगों को तकनीक से जुड़े कई नए तरह के काम करने का मौका मिल सकता है। हालांकि, रोबोट डॉग को घुमाने वाली यह नौकरी अपने आप में काफी अनोखी है। जहां लोग आमतौर पर कुत्तों को टहलाने के लिए डॉग वॉकर रखते हैं, वहीं अब एक रोबोट को सड़क पर घुमाने के लिए भी लोगों को पैसे दिए जा रहे हैं। यही वजह है कि अमेरिका की यह नौकरी लोगों का ध्यान खींच रही है।

3300 साल तक पानी में डूबी रही और आज भी नहीं गई धार, इटली की झील से निकली कांसे की तलवार

रोम। इटली की एक प्राचीन ज्वालामुखी झील से पुरातत्वविदों ने 3300 साल पुरानी कांस्य की तलवार खोजी है। रोम और एट्रस्कन सभ्यताओं के उदय से सदियों पहले की यह तलवार पानी के भीतर पूरी तरह सुरक्षित मिली है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि 33 सदियां बीत जाने के बाद भी इसकी धार आज भी तेज बनी हुई है।



पुरातत्वविदों का अनुमान है कि इसे किसी देवता को भेंट चढ़ाने या किसी उच्च दर्जे के योद्धा के सम्मान में पानी में विसर्जित किया गया था। राजधानी रोम से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित मेजानो झील में यह दुर्लभ खोज हुई है। पिछले 50 सालों में इस झील से मिलने वाली यह तीसरी प्राचीन तलवार है।

तलवार सुरक्षित कैसे रह गई?

मेजानो झील एक प्राचीन और शांत ज्वालामुखी के क्रेटर में स्थित है। विशेषज्ञों के अनुसार यह तलवार लेट ब्रॉन्ज एज यानी ईसा पूर्व 14वीं से 13वीं शताब्दी के बीच की है। झील के गहरे पानी और तलछट के खास रासायनिक माहौल ने धातु को सड़ने या जंग लगने से बचाए रखा। इस वजह से तीन हजार साल बाद भी तलवार का ब्लेड और उसकी धार जस की तस बनी हुई है। विटर्बो और दक्षिणी एट्रुरिया के पुरातत्व विभाग ने इस खोज की पुष्टि की है। वैज्ञानिकों की टीम को झील के तल से पानी में डूबी हुई प्राचीन बस्ती के अवशेष भी मिले हैं।

ओडिशा के समंदर किनारे दुर्लभ कछुओं का प्रजनन शुरू

160 किमी में 7 महीने के लिए मछली पकड़ने पर बैन

पुरी। 'ओलिव रिडले' कछुओं के प्रजनन काल को सुरक्षित बनाने के लिए ओडिशा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 1 नवंबर से 31 मई तक धामरा से देवी मुहाने के बीच 160 किलोमीटर के समुद्री दायरे में मछली पकड़ने और मशीनीकृत नावों के चलने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दुनियाभर में प्रसिद्ध गहिरमथा अभयारण्य सहित तटीय इलाकों से 20 किलोमीटर अंदर तक का क्षेत्र पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कछुओं की सुरक्षा के लिए तटों पर 14 विशेष शिविर बनाए गए हैं और सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया गया है। हालांकि, विभाग के पास गश्ती बोट खराब होने जैसी संसाधनों की कमी एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद, वन विभाग तीन नए ट्रॉलरों के जरिए गश्त मजबूत कर मेहमान कछुओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है।



कछुओं के अंडों और उनकी सुरक्षा के लिए तट पर 14 विशेष सुरक्षा कैंप बनाए जा रहे हैं। बाबूबाली और शासनपेटा जैसे संवेदनशील इलाकों में सशस्त्र पुलिस बल भी तैनात रहेगा। वन विभाग अवैध शिकार को रोकने के लिए समुद्री गश्त तेज करने का दावा कर रहा है।

क्यों जरूरी है यह पाबंदी?

गहिरमथा समुद्री अभयारण्य दुनिया में ओलिव रिडले कछुओं का सबसे बड़ा आशियाना माना जाता है। कछुओं की सुरक्षा के लिए गहिरमथा में तो सालभर पाबंदी रहती है, लेकिन अब प्रजनन काल को देखते हुए तट से 20 किलोमीटर अंदर तक के इलाके को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। इस दौरान ट्रॉलरों और नावों का शोर या उनकी आवाजाही इन मेहमानों के जीवन को खतरे में डाल सकती है।

अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा : हालांकि, जमीनी हकीकत थोड़ी चिंताजनक है। कछुओं की सुरक्षा में तैनात वन विभाग खुद संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। विभाग को मिली दो मुख्य स्पीड बोट लंबे समय से खराब पड़ी हैं और फिलहाल उनके पास सिर्फ एक ट्रॉलर ही चालू हालत में है। इसके बावजूद, डीएफओ भरतराज गांवकर का कहना है कि तीन नए ट्रॉलरों को गश्त पर लगाकर अवैध गतिविधियों को पूरी तरह रोका जाएगा।

शादी में बुलाने के लिए नहीं थे रिश्तेदार, दूल्हे ने सोशल मीडिया पर अजनबियों को दे दिया न्योता

बीजिंग। चीन का एक युवक शादी कर रहा था। पर उसके घर में कोई नहीं था, ऐसे में उसे लगा कि उसकी शादी में कोई नहीं आएगा। इसलिए उसने सोशल मीडिया पर अजनबियों को शादी में आने का न्योता दे दिया। उसे लगा कि इससे शायद कुछ लोग उसकी शादी में आ जाएं। पर शादी के दिन जो नजारा दिखा। वह एकदम से हैरान करने वाला रहा। उसकी शादी में न सिर्फ बड़ी संख्या में लोग आए, बल्कि खाने-पीने का सामान और गिफ्ट लेकर भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह एक अनाथ हैं और बचपन से ही उन्हें तिरस्कार का सामना करना पड़ा है। उनके पिता की उस समय मौत हो गई, जब वह बहुत छोटे थे। वहीं, उनकी मां ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद जू और उनके बड़े भाई को एक-दूसरे के सहारा बनना पड़ा। घर में किसी के न होने के कारण शियाओ जू ने सोशल मीडिया पर लोगों को अपनी शादी में आने के लिए न्योता दे दिया। रेडिट पोस्ट में एक यूजर ने लिखा कि यह पूरी तरह से सच्ची घटना है।

नासा का वॉयजर 1 बना सकता है अनोखा रिकॉर्ड, पृथ्वी से एक प्रकाश दिन की दूरी के करीब



वॉशिंगटन। नासा का 'वॉयजर 1' अंतरिक्ष यान एक अहम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। 5 सितंबर 1977 को लॉन्च किया गया ये स्पेसक्राफ्ट इस महीने, 18 नवंबर को एक बड़ा रिकॉर्ड कायम कर सकता है। प्लूटोनियम-रेडियोआइसोटोप से चलने वाला यह अंतरिक्ष यान ना केवल इंसानों की बनाई अब तक की सबसे दूर स्थित वस्तु बन जाएगा, बल्कि यह एक प्रकाश-दिन (लाइट डे) की दूरी यानी 16.09 अरब मील (25.89 अरब किलोमीटर) तक भी पहुंच जाएगा।

नासा के मुताबिक, 'वॉयजर 1' के पृथ्वी से एक लाइट-डे (प्रकाश की एक दिन में तय की गई दूरी) की दूरी तक पहुंचने में बस कुछ ही हफ्ते बचे हैं। यह वह बिंदु है, जहां से रेडियो संदेशों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने में पूरे 24 घंटे का समय लगेगा। यह अंतरिक्ष यान अभी पृथ्वी से तकरीबन 16 अरब मील (24 अरब किलोमीटर) दूर है।

वॉयजर 1 साल 1977 से सोलर सिस्टम को एक्सप्लोर कर रहा है। यह इंटरस्टेलर स्पेस में है, जो हेलियोपॉज का बाहरी इलाका है या सूरज से निकलने वाले एनर्जेटिक पार्टिकल्स और मैग्नेटिक फील्ड का बबल है। वॉयजर 1 को वॉयजर 2 के बाद लॉन्च किया गया था लेकिन तेज रास्ते की वजह से यह अपने ट्विन से पहले एस्टेरॉयड बेल्ट से बाहर निकल गया। यह 15 दिसंबर, 1977 को वॉयजर 2 से आगे निकल गया। वॉयेजर 1 ने जुपिटर के चारों ओर एक पतली रिंग और दो नए जोवियन चांद-थेबे और मेटिस की खोज की। शनि पर वॉयेजर 1 को पांच नए चांद और एक नया रिंग मिला जिसे G-रिंग कहा जाता है। वोएजर 1 पहला स्पेसक्राफ्ट है, जिसने हेलियोस्फीयर को पार किया। यह वह बाउंड्री है, जहां हमारे सोलर सिस्टम के बाहर का असर हमारे सूरज के असर से ज्यागा होता है।

23 करोड़ साल पहले समंदर में राज करता था ये अनोखा जीव!

बीजिंग। डायनासोर के धरती पर आने से भी पहले समंदर में एक ऐसा खौफनाक जीव रहता था, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। चीन में वैज्ञानिकों को करोड़ों साल पुराना एक जीवाश्म मिला है, जिसने समंदर की गहराइयों के एक बड़े राज से पर्दा उठा दिया है।

यह खोज मशहूर साइंस जर्नल 'नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' में छपी है। मुख्य वैज्ञानिक यूसी डेविस के रयोसुके मोटानी और पेकिंग यूनिवर्सिटी के लिपिन डियाओ हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वैज्ञानिकों को चीन के गुइझोउ प्रांत में एक प्राचीन जीव के दो कंकाल मिले हैं। ये कंकाल लगभग पूरे सुरक्षित हैं। इस जीव का नाम 'गेरोथैरेक्स मैरिटिमस' है। यह आज से करीब 23.7 करोड़ साल पहले धरती पर रहता था, उस वक्त को ट्राइऐसिक काल कहा जाता है। इसे अब तक का पहला ऐसा उभयचर माना जा रहा है, जो जमीन या मीठे पानी में नहीं, बल्कि पूरी तरह समंदर की गहराई में रहता था।

डायनासोर से भी पुराना...



क्यों है ये खोज इतनी बड़ी?

आज दुनिया में मेंढक और सैलामेंडर जैसे 8,000 से ज्यादा उभयचर जीव हैं, लेकिन एक भी समंदर के खारे पानी में जिंदा नहीं रह सकता। वजह है उनकी पतली और नम चमड़ी। खारे पानी में जाते ही उनका शरीर सूख जाता है और वे मर जाते हैं। लेकिन, यह प्राचीन जीव इस नियम से बिल्कुल अलग था। यही कारण है कि इस खोज को साइंस की दुनिया में बहुत बड़ा माना जा रहा है।

इमारतें-झील-चर्च देख वैज्ञानिक दंग

700 साल से पाताल में छिपी दूसरी दुनिया, नमक से बना शहर

वारसॉ। पोलैंड के दक्षिणी हिस्से में क्राको शहर के पास स्थित विएलिज्का नाम की खदान किसी रहस्यमयी दुनिया से कम नहीं है। बाहर से देखने पर यह एक सामान्य ऐतिहासिक खदान लगती है, लेकिन जमीन के नीचे उतरते ही नजारा पूरी तरह बदल जाता है। यहां लंबे गलियारे, विशाल कमरे, मूर्तियां और धार्मिक स्थल मौजूद हैं। सदियों तक यहां नमक निकाला जाता रहा और इसी काम ने धीरे-धीरे एक अद्भुत भूमिगत दुनिया का निर्माण कर दिया।एक वक्त में इस खदान में मजदूर दिन-रात नमक निकालने का काम करते थे। अंधेरे में भारी औजारों के साथ काम करना आसान नहीं था। खदान के कई हिस्सों में पुराने उपकरण और मशीनें आज भी सुरक्षित रखी गई हैं। ये चीजें बताती हैं कि पुराने समय में नमक निकालने का काम कितना कठिन होता था। फिलहाल ये जगह पर्यटन और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए जानी जाती है।





यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल

विएलिज्का में नमक निकालने का काम 13वीं शताब्दी में शुरू हुआ था। उस दौर में नमक केवल खाने का स्वाद बढ़ाने की चीज नहीं था, बल्कि भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए इसका इस्तेमाल होता था। इसी वजह से नमक की इस खदान का पोलैंड की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान रहा। यहां पीढ़ियों तक मजदूरों ने मेहनत की और जमीन के अंदर सैकड़ों साल पुरानी विरासत छोड़ गए। साल 1978 में इस जगह को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल किया गया।

दीवारों पर अलग-अलग आकृतियों की नक्काशी

आमतौर पर नमक का इस्तेमाल खाने में किया जाता है, लेकिन यहां के खनिकों ने इसे अपनी कला का माध्यम बना दिया। खदान की दीवारों पर धार्मिक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और अलग-अलग आकृतियों की नक्काशी की गई है। कई जगह नमक को तराशकर मूर्तियां भी बनाई गई हैं। इन कलाकृतियों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि खनिकों के लिए यह जगह सिर्फ काम करने का स्थान नहीं, बल्कि कला को दिखाने का भी जरिया था। इस खदान में केवल अंधेरे गलियारे और पत्थर की दीवारें ही नहीं हैं।

101 मीटर नीचे है विशाल धार्मिक स्थल : इस खदान की सबसे बड़ी खासियत सेंट किंगा चैपल है। जमीन से करीब 101 मीटर नीचे मौजूद यह विशाल धार्मिक स्थल देखने वालों को हैरान कर देता है। इसकी दीवारें, फर्श और सारी सजावट नमक से तैयार की गई हैं। यहां तक कि इसके खूबसूरत झूमर भी नमक से बने हुए हैं। यहां बने चैपल को बनाने में खदान में काम करने वाले खनिकों ने ही अपनी कला और हुनर का इस्तेमाल किया था। आज भी यहां धार्मिक कार्यक्रम और संगीत समारोह आयोजित किए जाते हैं।

खबर संक्षेप

जीएसएमए बोर्ड के गोपाल विट्टल फिर बने चेयरमैन

नई दिल्ली। भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल को ग्लोबल मोबाइल इंडस्ट्री संगठन जीएसएमए के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 2027-2028 कार्यकाल के लिए दोबारा चेयरमैन चुना है। उनका कार्यकाल दिसंबर 2028 तक रहेगा। वे 2025 से इस पद पर कार्यरत हैं और पिछले 10 वर्षों से जीएसएमए बोर्ड के सदस्य हैं। बोर्ड ने राल्फ मुपिता को दोबारा को-डिप्टी चेयर चुना है, जबकि मार्गेरिटा डेल्ला वाल्ले भी उनके साथ यह जिम्मेदारी संभालेंगी।

लैंक्सेस और बीपीसीएल के बीच साझेदारी

मुंबई। लैंक्सेस और महारत्न सार्वजनिक उपक्रम भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उन्नत इंडस्ट्रियल लुब्रिकेंट और स्पेशियलिटी फ्लुइड टेक्नोलॉजी के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में तकनीकी नवाचार, उत्पाद विकास और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देना है। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां ओईएम अप्रूवल वाले हाई परफॉर्मेंस लुब्रिकेंट्स और स्पेशियलिटी ग्रीस के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशेंगी।

'पारिवारिक मनोरंजन' का डिजिटल प्रीमियर 13 को

मुंबई। ओरिजिनल फिल्म 'पारिवारिक मनोरंजन' का डिजिटल प्रीमियर 13 नवंबर 2026 को होगा। फिल्म में पहली बार पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी की जोड़ी साथ नजर आएगी। रोमांस, हास्य और पारिवारिक रिश्तों पर आधारित यह फिल्म दिवाली के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। पंकज त्रिपाठी ने फिल्म की सादगी और सहज हास्य को इसकी खासियत बताया, वहीं अदिति ने पंकज के साथ काम करने का अनुभव शानदार बताया। फिल्म का निर्देशन वरुण वी. शर्मा ने किया है।

मंडी सचिव उमेश बसेडिया ने दी औषधीय उपजों और मंडी की गतिविधियों की जानकारी

औषधीय उपजों के प्रदर्शन में नीमच मंडी ने दिखाई अपनी ताकत, कृषि मंत्री ने किया स्टॉल का अवलोकन, की चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के 71वें वर्ष के उपलक्ष्य में राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय औषधीय उपज प्रदर्शनी एवं सेमिनार में नीमच मंडी ने अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई। कृषि उपज मंडी समिति नीमच की ओर से लगाए गए स्टॉल पर जिले की औषधीय उपजों का प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना ने स्टॉल का अवलोकन कर वहां प्रदर्शित उपजों की जानकारी ली। इस दौरान मंडी समिति के सचिव उमेश कुमार बसेडिया शर्मा ने उन्हें औषधीय उपजों और मंडी की गतिविधियों से अवगत कराया।



विविधता और महत्व को सामने रखा

प्रदर्शनी में नीमच मंडी की सहभागिता जिले की कृषि और औषधीय उपजों को प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। स्टॉल के माध्यम से औषधीय उपजों की विविधता और उनके महत्व को सामने रखा गया। कृषि मंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रस्तुत की गई जानकारी प्राप्त की।

कृषि और मंडी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में कृषि एवं मंडी बोर्ड के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें कृषि सचिव निशांत बरबड़े (आईएएस), मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक राघवेंद्र सिंह (आईएएस), कृषि संचालक उमाशंकर मार्गव (आईएएस), मंडी बोर्ड के अपर संचालक अनुराग सक्सेना (आईएएस), अपर संचालक श्रीमती सविता झानिया और मंडी बोर्ड के उप संचालक योगेश नागले शामिल रहे। नीमच मंडी समिति की ओर से सचिव उमेश कुमार बसेडिया शर्मा, लेखापाल अमरनाथ सराफ, नंदकिशोर सोलंकी और दीपक डगवार ने सहभागिता की।

औषधीय उपजों की संभावनाओं पर केंद्रित आयोजन

प्रदर्शनी का उद्देश्य औषधीय उपजों के महत्व, उनकी संभावनाओं और कृषि क्षेत्र में उनकी उपयोगिता को रेखांकित करना है। ऐसे आयोजनों के जरिए किसानों, मंडियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े संस्थानों को अपनी उपज और कार्यों को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। नीमच मंडी समिति की भागीदारी से जिले की औषधीय उपजों को राजधानी में आयोजित प्रदेशस्तरीय आयोजन में प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कृषि मंत्री सहित शासन और मंडी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्टॉल का अवलोकन किए जाने से नीमच मंडी की सहभागिता को विशेष महत्व मिला।

भोपाल के थोक बाजार में चीनी 6200 रुपए क्विंटल

शक्कर में कड़वाहट आई, हफ्तेभर में 1200 रुपए क्विंटल का उछाल!

मिठाई कारोबारियों से लेकर आम आदमी तक की जेब पर पड़ेगी मार

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

धनतेरस और दीपावली पर मिठास घोलने की तैयारी कर रहे लोगों को शक्कर की महंगाई ने जोरदार झटका दे दिया है। त्योहार से ठीक पहले चीनी के दामों में ऐसी तेजी आई है कि बाजार में मिठास से ज्यादा महंगाई की कड़वाहट महसूस होने लगी है। भोपाल के प्रमुख थोक जिंस बाजार हनुमानगंज और जुमेराती में शक्कर के भाव सप्ताहभर के भीतर करीब 1200 रुपए प्रति क्विंटल उछल गए हैं। जो चीनी सप्ताहभर पहले 4800 से 5000 रुपए क्विंटल बिक रही थी, उसके भाव अब बढ़कर 6100 से 6200 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। थोक बाजार में चीनी 62 रुपए किलो के भाव बिक रही है। शक्कर के भाव में आई इस अचानक तेजी ने व्यापारियों को भी चौंका दिया है।



बाजार में मांग का दबाव

शक्कर ब्रोकर रमाकांत तिवारी के मुताबिक, सप्ताहभर के भीतर चीनी की कीमतों में करीब 1200 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। त्योहारों के नजदीक आते ही बाजार में मांग का दबाव बढ़ रहा है और इसका असर सीधे कीमतों पर दिखाई दे रहा है। महज सात दिनों में आई इस तेजी ने चीनी के कारोबार का पूरा गणित बदल दिया है।

गुड़ की मिठास पर महंगाई का वार, 15 फीसदी तक महंगा

त्योहारों के मौसम में महंगाई आम आदमी का पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। पहले शक्कर के दामों में उछाल ने मिठास कम की और अब गुड़ भी महंगाई की मार से महंगा हो गया है। मध्य प्रदेश के 'चीनी के कटोरे' के नाम से मशहूर नरसिंहपुर जिले में गुड़ की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह गन्ने की खेती में इस्तेमाल होने वाले उर्वरकों की आसमान छूती कीमतें बताई जा रही हैं। मध्य प्रदेश में गन्ने को लेकर कोई घोषित राज्यस्तरीय नीति नहीं होने से किसानों की मुश्किलें भी कम नहीं हो रही हैं। गन्ने की कीमतों के निर्धारण में सरकारी नियंत्रण और स्पष्ट व्यवस्था का अभाव किसानों को मिल मालिकों पर निर्भर बनाता है।



मिठाई की लागत बढ़ी, त्योहार का बजट बिगड़ना तय

कुंदन नकीन एंड स्वीट्स के प्रेमनारायण यादव ने कहाकि दीपावली पर मिठाइयों की मांग सबसे ज्यादा रहती है। मिठाई निर्माताओं की उत्पादन लागत बढ़ना तय है। इसका असर मिठाइयों के दामों पर भी पड़ सकता है। मिठाई कारोबारियों को अब बढ़ी हुई लागत के हिसाब से कीमतें तय करनी पड़ सकती हैं। नतीजतन, त्योहार पर मिठाई खरीदने वाले ग्राहकों को ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी।

एफसीआई का बड़ा कदम, नीलामी की मात्रा दोगुनी

मप्र का आवंटन 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार टन किया, आज होगी नीलामी



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

गेहूं की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने और बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने नीलामी की मात्रा लगभग दोगुनी करने का फैसला किया है। 4 नवंबर को होने वाली साप्ताहिक नीलामी में एफसीआई 1.99 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए पेश करेगा। इससे पहले 28 अक्टूबर को हुई नीलामी में 1.01 लाख टन गेहूं रखा गया था। इस बार मात्रा में करीब 98 हजार टन की बढ़ोतरी की गई है। मध्य प्रदेश के लिए भी आवंटन 6 हजार टन से बढ़ाकर 10 हजार टन कर दिया गया है।

पिछली नीलामी में 98 फीसदी से ज्यादा गेहूं बिका

28 अक्टूबर को हुई नीलामी में एफसीआई ने 1.01 लाख टन गेहूं बिक्री के लिए पेश किया था। इसमें से 99,316 टन गेहूं बिक गया। यानी कुल उपलब्ध मात्रा का लगभग 98.3 प्रतिशत उठाव हुआ। कई राज्यों में नीलामी के लिए रखी गई पूरी मात्रा खरीदारों ने उठा ली। इससे बाजार में गेहूं की मांग और उपलब्धता के बीच दबाव का संकेत मिलता है। इसी को देखते हुए अगली नीलामी में बिक्री की मात्रा बढ़ाई गई है।

मध्यप्रदेश को अतिरिक्त 4 हजार टन गेहूं मिलेगा



भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता और गेहूं कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि नई व्यवस्था में मध्य प्रदेश का आवंटन 6 हजार टन से बढ़ाकर 10 हजार टन किया गया है। यानी प्रदेश को अब 4 हजार टन अतिरिक्त गेहूं मिलेगा। इससे आटा मिलों और प्रोसेसिंग यूनिट्स को कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। कारोबारियों का मानना है कि अतिरिक्त आपूर्ति से बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, उनका कहना है कि प्रदेश की मांग के अनुपात में आवंटन और बढ़ाने की जरूरत है।

राहत की उम्मीद, लेकिन कारोबारियों में असंतोष भी



आटा मिल संचालक प्रमोद जैन हिमांशु के अनुसार नीलामी की मात्रा बढ़ाना बाजार के लिए राहत भरा कदम है, लेकिन केवल आवंटन बढ़ाने से कीमतों पर स्थायी नियंत्रण मुश्किल है। इसके लिए नियमित आपूर्ति और पर्याप्त मात्रा में गेहूं उपलब्ध कराना जरूरी है। कारोबारियों के मुताबिक, गेहूं की कीमतों में तेजी का सीधा असर आटे की लागत पर पड़ता है। ऐसे में एफसीआई की बढ़ी हुई नीलामी से बाजार को कितनी राहत मिलती है, यह आने वाले दिनों में गेहूं के उठाव और कीमतों के रुख से स्पष्ट होगा।

व्यापारियों को नीलामी में शामिल होने की अनुमति नहीं

एफसीआई की इस नीलामी में सामान्य व्यापारियों को भाग लेने की अनुमति नहीं है। गेहूं की बिक्री मुख्य रूप से वास्तविक उपयोगकर्ताओं, जैसे आटा मिलों और प्रोसेसिंग यूनिट्स को की जाती है। इसका उद्देश्य सरकारी भंडार से गेहूं सीधे उन इकाइयों तक पहुंचाना है, जहां उसका उपयोग आटा और अन्य खाद्य उत्पाद बनाने में होता है।

मुख्यमंत्री ने किया 'आधुनिक एनीमिया विज्ञान' पुस्तक का विमोचन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा लिखित पुस्तक 'आधुनिक एनीमिया विज्ञान : समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण' का भोपाल में आयोजित समारोह में विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने पुस्तक का अवलोकन कर एनीमिया जैसे महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य विषय पर डॉ. द्विवेदी के लेखन एवं जागरूकता प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना समाज की बड़ी सेवा है।पुस्तक में एनीमिया के विभिन्न प्रकारों, जैसे आयरन की कमी, थैलेसीमिया, सिकल सेल, अप्लास्टिक एनीमिया, विटामिन की कमी तथा कैंसर एवं अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से संबंधित रक्त विकारों का समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण से वर्णन किया गया है। डॉ. द्विवेदी लंबे समय से स्वास्थ्य शिविरों, हीमोग्लोबिन जांच, पोषण जागरूकता कार्यक्रमों एवं व्याख्यानों के माध्यम से एनीमिया के प्रति जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनीमिया के उपचार के लिए उसके मूल कारण की पहचान, उचित जांच, संतुलित पोषण और चिकित्सकीय



परामर्श आवश्यक हैं। पुस्तक के सह-लेखक डॉ. अथर्व द्विवेदी भी विमोचन समारोह में उपस्थित रहे। अन्य सह-लेखकों में डॉ. वैभव चतुर्वेदी एवं डॉ. कनक चतुर्वेदी का महत्वपूर्ण योगदान है। पुस्तक का उद्देश्य एनीमिया की रोकथाम, सही निदान और जनस्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है।

इनफिनिक्स ने लांच किया जीटी 50 प्रो

मुंबई। इनफिनिक्स ने भारतीय बाजार में नया गेमिंग स्मार्टफोन जीटी 50 प्रो लांच किया है। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8400 अल्टीमेट प्रोसेसर और हाइड्रोफ्लो तरल शीतलन तकनीक दी गई है। कंपनी के मुताबिक, चुनिंदा गेम में फोन 144 फ्रेम प्रति सेकंड तक की गति से प्रदर्शन कर सकता है। इसमें 6.78 इंच की 1.5के एमोलेड स्क्रीन, 144 हर्ट्ज की ताज़ा दर और 6500 एमएएच की बैटरी है।

सोना 137524 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 179900 रुपए किलो पहुंची

सोना-चांदी धड़ामः सोना 2530 और चांदी 1,372 रुपए हुई सस्ती

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोना 2,530 रुपए प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 1,37,524 रुपए पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमत में भी 1,372 रुपए की गिरावट आई और यह 1,79,900 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार की परिस्थितियां भी अहम भूमिका निभा रही हैं। अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता, डॉलर की चाल और वैश्विक आर्थिक हालात का असर कीमती धातुओं पर पड़ रहा है।

निवेशक फिलहाल बाजार के रुख पर नजर बनाए हुए हैं। लगातार ऊंचे स्तर पर कारोबार करने के बाद कीमतों में आई इस गिरावट से आभूषण खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों को राहत मिली है। अग्रवाल के अनुसार सराफा कारोबारियों की नजर आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय संकेतों और घरेलू मांग पर रहेगी। कीमतों में आगे भी उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। राजधानी भोपाल के सराफा बाजार में मंगलवार को 24 कैरेट सोने का भाव करीब



1,39,690 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। वहीं 22 कैरेट सोना 1,28,050 रुपए और 18 कैरेट सोना 1,04,780 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा। स्थानीय बाजार में चांदी का भाव करीब 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम बताया गया। ये सांकेतिक बाजार दरें हैं। वास्तविक खरीदारी में जीएसटी और मेकिंग चार्ज के कारण कीमत अलग हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर बनी अनिश्चितता, बॉन्ड यील्ड और डॉलर की चाल तथा वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों का असर कीमती धातुओं पर पड़ रहा है। निवेशक फिलहाल बाजार के संकेतों पर नजर बनाए हुए हैं।

बैंक ऑफ इंडिया ने बढ़ाईं एफडी की ब्याज दरें, मिलेगा 7.5 फीसदी तक रिटर्न

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। बैंक ने चुनिंदा अवधि की जमा पर ब्याज दरें संशोधित करने के साथ 500 दिन की विशेष एफडी योजना 'स्टार अक्षय फिक्स्ड डिपॉजिट' भी शुरू की है। इसमें सुपर वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम 7.5 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा। बैंक के मुताबिक, इस विशेष योजना के तहत सामान्य ग्राहकों को 6.85 फीसदी सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों को 7.35 फीसदी और सुपर वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। बैंक की संशोधित ब्याज दरें 2 नवंबर 2026 से प्रभावी हो गई हैं। इस योजना के जरिए बैंक अलग-अलग आयु वर्ग के जमाकर्ताओं को आकर्षक ब्याज दरों का लाभ दे रहा है।



सोनालीका ने बनाया नया रिकॉर्ड, बेचे 1.21 लाख से अधिक ट्रैक्टर

नई दिल्ली। भारत से ट्रैक्टर निर्यात में नंबर-1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल से अक्टूबर 2026 के दौरान 1,21,148 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने घरेलू बाजार में भी बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सबसे कम समय में एक लाख ट्रैक्टरों की बिक्री का आंकड़ा पार किया है। कंपनी की 30वीं वर्षगांठ के वर्ष में हासिल यह उपलब्धि किसानों के बीच बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाती है। कंपनी के एकीकृत ट्रैक्टर विनिर्माण संयंत्र से उत्पादन क्षमता को मजबूती मिल रही है। कंपनी के ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि 1,21,148 ट्रैक्टरों की बिक्री कंपनी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

राशिफल

मेष — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

वृष — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

मिथुन — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

कर्क — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

सिंह — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

कन्या — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

तुला — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

वृश्चिक — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

धनु — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

मकर — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

मीन — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

शब्द पहेली - 6398



बाएँ से दाएँ
1. उपासना करना-6
5. अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9. चाह, इच्छा-3
10. अधिकार, आरोप-2
11. निर्दय, हिंसक-4
12. आंदोलन-2
14. सज्जन, सभ्य-4
15. स्मृति, अविस्मरण-2
17. रूखा, रसहीन-3
19. गुप्तचर-4
21. संकट मोचक, नाविक-5
24. चुगली करना-5
27. नेता पथ प्रदर्शक-4
29. प्रेम, चाहत-3
31. एक ग्रह-2
32. अनर्गल प्रलाप-4
33. नौकर, सेवक-2
35. उद्विग्न, आतुर-4
36. श्रवणेंद्रिय-2
38. दीपक, दिया-3
39. बोलने के लिये कहना-2
40. एक मुस्लिम महीना-4
41. सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे
1. सहिष्णुता, उदारता-6
2. थोड़ा, कम-2
3. कपड़ों के टुकड़े-4
4. असफल-5
5. राजी करना-3
6. वजन, वायदा-2
7. अनाथ, बेवारिस-4
11. वैधव्य-4
13. राजा की पत्नी-2
16. टूटना-4
18. धावक (अंग्रेजी-3)
19. खबरी, खबर देने वाला-4
20. हमारा पड़ोसी देश-2
22. घूमना-3
23. पराजय-2
25. खतरनाक, खौफनाक-4
26. पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28. अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29. हमले का जवाब देना, प्रतिशोध-4
30. कभी-2
32. जब्त, प्राप्त होना-4
34. मास्टर ब्लास्टर-3
37. भीगा हुआ-2
39. टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली- 6397 का हल

	ब	ल	शा	ली		रु	ख	सा	र	
अ	न		ली		प	त	न		जा	न
न		ज	मा	दा	र		न	म		फा
म	ग	रु	र			आ		द	र	स
ना		र		अ	ज	ग	र		वा	त
	मि	त	वा		ही		स	प	ना	
म	ल		दा	वा	न	ल		स		फि
त	न	य		ल			ह	ज	र	त
ल		म	त		का	र्थी	ल	य		र
बी	ज		म	का	न		च		सा	त
	य	ल	गा	र		ब	ल	शा	ली	

सूडोकु नवताल - 6408

कठिनतम

	9				4			7
					7	9		
8								
4		5	8					
3				1				2
					9	7		6
								4
		3	5					
2			6				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6407 का हल

7	8	5	2	6	3	1	4	9
4	3	1	9	7	5	8	2	6
2	6	9	1	4	8	7	5	3
3	1	4	6	8	9	5	7	2
9	5	8	7	2	4	6	3	1
6	7	2	5	3	1	9	8	4
5	2	7	3	9	6	4	1	8
1	4	6	8	5	2	3	9	7
8	9	3	4	1	7	2	6	5

MANGAL SENACHA BANGALORE



काली खेती का टीजर जारी, गांव की जमीन में दफन हैं खौफनाक राज

नई दिल्ली। किसी गांव की पहचान उसकी मिट्टी, खेतों और वहां के लोगों की जिंदगी से होती है। लेकिन सोचिए, अगर वही जमीन लोगों के लिए डर की वजह बन जाए, तो क्या होगा? जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की अपकमिंग फिल्म 'काली खेती'का टीजर कुछ ऐसी ही रहस्यमयी दुनिया से रूबरू कराता है। फिल्म में खेती को सिर्फ रोजी-रोटी का साधन नहीं, बल्कि एक अनजानी और खौफनाक ताकत के रूप में दिखाया गया है। फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर में नजर आने वाला ग्रामीण माहौल, रहस्यमयी घटनाएं और डर पैदा करने वाले दृश्य दर्शकों के मन में कई सवाल खड़े करते हैं।

लाइफ Style



मेधा

सनकी में होंगी लीड एक्ट्रेस

अहान शेट्टी की फिल्म सनकी में मेधा राणा लीड एक्ट्रेस होंगी। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो गई है और यह 2027 में रिलीज होगी। अहान शेट्टी की अगली बड़ी फिल्म 'सनकी'जल्द ही फ्लोर पर आने वाली है।

मुंबई। इस बीच मेकर्स ने लीड एक्ट्रेस के नाम से भी पर्दे उठा उठा दिया है। टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बन रही इस एक्शन और रोमांस फिल्म में अहान के साथ एक्ट्रेस मेधा राणा की जोड़ी देखने को मिलेगी. मेधा फिल्म में अहान शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मेधा राणा के कामकाज की बात करें तो वह इससे पहले फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आई थीं। उनकी जोड़ी तब वरुण धवन के साथ बनी थी। अब 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद मेधा को उनकी नई फिल्म मिल गई है। सनकी एक ऐसी कहानी है जिसकी कहानी सुनते ही उन्होंने इसे हां कर दिया। मेधा पिछले दो महीनों से इस फिल्म के लिए लगातार तैयारी कर रही हैं। अपने किरदार को बेहतर तरीके से समझने और उसमें पूरी तरह ढलने के लिए उन्होंने कई वर्कशॉप में हिस्सा लिया है। इसके अलावा, किरदार की मांग के मुताबिक उन्होंने खास तैयारी भी की है। फिल्म की शूटिंग भोपाल में शुरू हो चुकी है और अब मेधा भी अहान शेट्टी और फिल्म की बाकी टीम के साथ शूटिंग में शामिल हो गई हैं। फिल्म में मेधा, अहान की प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। उनका यह किरदार रोमांस, गहरे जज्बात और जबरदस्त एक्शन से भरपूर होगा। मेधा हमेशा से ऐसे ही किरदार की तलाश में थीं, जिसमें उन्हें अभिनय के साथ-साथ एक्शन दिखाने का भी मौका मिले।

हॉलीवुड मसाला



विवियेने ने हटाया पिता का सरनेम

नई दिल्ली। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। उन्हें पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटाने की मंजूरी भले ही अभी मिली हो, लेकिन साल 2024 से विवियेने अपने नाम के पीछे जोली सरनेम का इस्तेमाल कर रही हैं।



अनजान लड़की पर इम्प्रेशन बना रहे थे रयान

लॉस एंजिल्स। सुपरहीरो फिल्म डेडपूल स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने अपनी लाइफ से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। हालांकि, इस घटना की वजह से उन्हें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ी। रयान ने किस्सा सुनाते हुए कहा, 'मैं इस लड़की का दीवाना था। वह असल में मेरे घर के दूसरी तरफ से बस लेती थी, और मैं बस में चढ़ जाता था, सिर्फ उसके करीब 45 मिनट तक बैठने के लिए। आप इसे पसंद करते हैं, जब आप छोटे होते हैं, यह बहुत क्यूट लगता है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो यह बस पीछा करने जैसा होता है, लेकिन मुझे याद है, मैं शायद 11 साल से ज्यादा का रहा होऊंगा, मुझे नहीं पता और मैं बस से उतरने ही वाला था, क्योंकि काफी देर हो गई थी। मैं सिएटल या ऐसी ही किसी जगह पर जाने वाला था।'



रोमांटिक फिल्म परवाना में नजर आएंगे आदित्य-तारा

नई दिल्ली। तारा सुतारिया और आदित्य रॉय कपूर, मिलाप जावेरी के अपकमिंग प्रोजेक्ट में एक साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये दोनों 'परवाना' नाम की एक दमदार म्यूजिकल लव स्टोरी में पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। 'परवाना' के जरिए तारा सुतारिया और मिलाप जावेरी 2019 की फिल्म 'मरजावां' के बाद फिर से साथ आ रहे हैं, वहीं, इस फिल्म में तारा सुतारिया पहली बार आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में, मिलाप ने बताया कि 'शूटआउट एट लोखंडवाला' के डायरेक्टर संजय गुप्ता के दुखद निधन से कुछ दिन पहले ही उनकी उनसे मुलाकात हुई थी। उन्होंने संजय गुप्ता के साथ अपनी नई फिल्म का टाइटल भी शेयर किया था। मिलाप ने कहा, 'हमारी मुलाकात 10 दिन पहले हुई थी और मैंने उन्हें अपनी अगली फिल्म का टाइटल बताया था।



बारिश में रोमांस करते दिखे आयुष्मान और शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' रिलीज से पहले ही चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने इसका नया गाना 'सावन आया है' रिलीज कर दिया है, जो अपने म्यूजिक और रोमांटिक अंदाज से सीधे 90 के दशक की याद दिलाता है। गाने में आयुष्मान और शरवरी की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले फिल्म का टाइटल ट्रैक और हिमेश रेशमिया का कंपोज किया हुआ एक अन्य गाना रिलीज किया जा चुका है। 'सावन आया है' गाने में आयुष्मान खुराना शरवरी को अपनी सुरीली आवाज से प्रभावित करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वहीं, शरवरी साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। गाने के कई हिस्सों में दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए नजर आते हैं। बारिश के बीच उनका डांस और रोमांटिक अंदाज गाने को एक अलग खूबसूरती देता है।

टीवी मसाला



38 साल पहले 'रिटायर्ड फौजी' ने बनाया था दूरदर्शन का कल्ट शो

नई दिल्ली। दूरदर्शन एक वक्त देशभर में मनोरंजन का प्रमुख साधन माना जाता था। डीडी नेशनल पर हर किस्म के टीवी शोज टेलीकास्ट किए जाते थे, जिनमें माइथोलॉजिकल, सुपरहीरो, ड्रामा-कॉमेडी और स्पाई थ्रिलर जैसे कई शोज शामिल थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 38 साल पहले दूरदर्शन पर एक ऐसा धारावाहिक आया था, जिसको भारतीय सेना के एक रिटायर्ड फौजी ने बनाया था। उस शो ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी किया था। इतना ही नहीं, सिनेमा जगत के एक बड़े फिल्मी कलाकार ने इस टीवी सीरियल से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस लेख में टीवी चैनल दूरदर्शन के जिस लोकप्रिय धारावाहिक के बारे में जिक्र किया जा रहा है, उसका निर्देशन इंडियन आर्मी के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल राज कुमार कपूर ने किया था। राज कुमार ने अपनी सर्विस लाइफ और एक फौजी की जीवनशैली कैसी होती है, उसको टीवी सीरियल के जरिए पेश किया था। दरअसल यहां बात धारावाहिक फौजी के बारे में की जा रही है। साल 1988 में फौजी को दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया था और इसमें सुपरस्टार शाह रुख खान ने लेफ्टिनेंट अभिमन्यु राय का अहम किरदार निभाया था।

पहली शादी टूटने के बाद फिर प्यार में रिमी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा और म्यूजिक इंडस्ट्री की मशहूर प्लेबैक सिंगर और टीवी होस्ट रिमी टॉमी की जिंदगी में एक बार फिर प्यार ने दस्तक दी है। पहली शादी टूटने के करीब छह साल बाद रिमी दूसरी बार शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। खास बात यह है कि इस खुशखबरी का खुलासा खुद सिंगर ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए व्लॉग के जरिए किया है। पहले वीडियो में उन्होंने अपनी जिंदगी में नए जीवनसाथी के आने की जानकारी दी थी, वहीं अब एक दूसरे वीडियो में उन्होंने अपने होने वाले पति का नाम और उनके बारे में भी बताया है। रिमी के इस ऐलान के बाद उनके फैंस उन्हें नई शुरुआत के लिए बधाइयां दे रहे हैं। रिमी टॉमी ने अपने व्लॉग में बताया कि वह हमेशा से अकेले घूमना और अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीना पसंद करती रही हैं। उनका परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा, लेकिन उन्हें कहीं न कहीं एक ऐसे साथी की कमी महसूस होती थी, जिसके साथ वह अपनी जिंदगी के सुख-दुख बांट सकें। सिंगर ने बताया कि साल 2026 में उनकी जिंदगी में एक खास शख्स की एंट्री हुई और कुछ ही समय में दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह समझने लगे। रिमी के मुताबिक, उन्हें इस रिश्ते में सबसे ज्यादा सुकून और मानसिक शांति महसूस हुई।



मायसा का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज, रश्मिका के रौद्र रूप ने जीता दिल

मुंबई। रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मायसा' का पहला गाना 'ओ मायसा रे' रिलीज हो गया है। इस गाने में उनके किरदार का रौद्र रूप देखने को मिलता है, जिसमें गुस्सा, साहस और नारीत्व की झलक एक साथ देखने को मिलती है। रश्मिका स्टारर 'मायसा' में एक्ट्रेस बिल्कुल नए और अनदेखे अवतार में नजर आएंगी। यह फिल्म भारत का पहला फीमेल-लेड पैन इंडिया सिनेमैटिक वेंचर होने वाली है। यह फिल्म जबरदस्त एक्शन के साथ बाप बेटी के अनोखे रिश्ते के साथ दर्शकों को कहानी से बांधे रखेगी, जो सिनेमाघरों में 27 नवंबर को रिलीज होगी। इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, 'ओ मायसा रे!! एक युद्ध-



घोष! दर्द और गुस्से की एक चीख! एक जागृति!! अब यह सब आपका है!' 'ओ मायसा रे' को जेक्स बिजॉय ने कंपोज किया है और इसे सिंधुजा श्रीनिवासन ने गाया है। इस गाने में दमदार बीट्स का इस्तेमाल किया गया है और पूरे समय इसका टेम्पो और एनर्जी बनी रहती है। 'मायसा' के पहले गाने के रिलीज होने के बाद से एक्ट्रेस का लुक हर तरफ जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म के ही में रिलीज हुए टीजर को देश भर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। दर्शकों से लेकर आलोचकों तक से फिल्म ने अपनी रॉ एनर्जी, ग्रैंड स्केल और इंटेंस एटमॉस्फियर के लिए खूब तारीफ अपने नाम की है। सबसे ज्यादा खास बात यह है कि इस चीज ने मायसा को एक अनोखे सिनेमैटिक कहानी में स्थापित कर दिया है। भारतीय सिनेमा में 'बाहुबली' और 'KGF' जैसी कई मास एक्शन फिल्मों में मां और बेटे के मजबूत रिश्ते को दिखाया गया है। हालांकि, 'मायसा' इस मामले में अलग है, क्योंकि फिल्म के मेकर्स इसमें एक नया और गहरा भावनात्मक पहलू पेश करने वाले हैं। दरअसल, फिल्म में आदिवासी भूमि की पृष्ठभूमि पर बाप और बेटी के बीच की मजबूत जोड़ी देखने मिलने वाली है।

रामायण के नए प्रोमो में 'माता सीता' के रूप में दिखीं साई

नई दिल्ली। 'रामायण' से साई पल्लवी के 'सीता' प्रोमो को ऑनलाइन काफी तारीफ मिल रही है। 5 नवंबर को फिल्म की रिलीज से पहले, प्रशंसक उनके शालीन, शांत स्वभाव और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी की खूब सराहना कर रहे हैं। 'रामायण' के नए प्रोमो में साई पल्लवी को सीता के रूप में दिखाया गया है, जिन्हें 'धरती की बेटी' और मिथिला की राजकुमारी भी कहा जाता है। नए प्रोमो में माता सीता के राजसी जीवन, भगवान राम के साथ उनके रिश्ते और फिर श्रीराम के साथ उनके वनवास की झलक देखने को मिलती है। प्रोमो के अंत में मां सीता को अपनी कुटिया में बैठे हुए दिखाया गया है और तभी जंगल में उनकी कुटिया के बाहर से एक आवाज आती है।



रवि को लक्ष्मण के रूप में किया गया पेश

साई पल्लवी के प्रोमो के साथ-साथ, मेकर्स ने रवि दुबे का एक सोलो कैरेक्टर पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें वे लक्ष्मण के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता एक योद्धा की मुद्रा में धनुष-बाण थामे हुए हैं। उनके हाव-भाव में भगवान राम के छोटे भाई से जुड़ी वीरता और दृढ़ संकल्प साफ झलक रहा है। इस पोस्टर का विजुअल स्टाइल, भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर के पहले जारी किए गए कैरेक्टर पोस्टर जैसा ही है। मेकर्स ने रवि को इन शब्दों के साथ पेश किया, 'एक समर्पित भाई। एक निडर योद्धा। राम की ढाल।'

गीता और रफी की आवाज में हुआ अमर

22 साल की मधुबाला के दिलकश अंदाज ने दिया था सुपरहिट सॉन्ग

नई दिल्ली। 22 साल की मधुबाला की मासूम अदाएं और गुरु दत्त के साथ उनकी कमाल की केमिस्ट्री ने इस गाने को अमर बना दिया। गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज में सजा यह गीत 71 साल बाद भी रोमांस का वही जादू बिखेरता है। हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर में कुछ गाने ऐसे बने, जिनका जादू आज भी कम नहीं हुआ है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है'। साल 1955 में आई फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' के इस गाने में मधुबाला और गुरु दत्त की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिली थी। उस वक्त मधुबाला महज 22 साल की थीं। उनकी चुलबुली अदाएं, चेहरे की मासूमियत और दिलकश अंदाज गाने को खास बना देते हैं। वहीं, गीता दत्त और मोहम्मद रफी की सुरीली आवाज ने इसे ऐसा रोमांटिक एहसास दिया, जो सात दशक बाद भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।



मधुबाला-गुरु दत्त की जोड़ी ने जीता था दिल

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' का निर्देशन और निर्माण गुरु दत्त ने किया था। इसमें मधुबाला ने अनीता वर्मा और गुरु दत्त ने प्रीतम कुमार का किरदार निभाया था। इनके अलावा ललिता पवार, जॉनी वॉकर, कुमकुम और यास्मीन भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी अनीता नाम की एक अमीर लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। उसके पिता की वसीयत के मुताबिक, उसे अपनी संपत्ति हासिल करने के लिए एक महीने के भीतर शादी करनी होती है। उसकी मौसी सीता देवी (ललिता पवार) इस शर्त को पूरा करने के लिए प्रीतम नाम के एक बेरोजगार कार्टूनिस्ट को शादी का प्रस्ताव देती हैं। उनकी योजना शादी के बाद दोनों का तलाक कराने की होती है। लेकिन, कहानी में तब दिलचस्प मोड़ आता है, जब अनीता और प्रीतम एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं।

ओपी नैयर के संगीत ने लगाया चार चांद

इस फिल्म के गानों की बात करें तो संगीतकार ओपी नैयर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी की जोड़ी ने शानदार काम किया था। 'उधर तुम हसीन हो' को गीता दत्त और मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी थी। गाने के बोलों में प्यार और रोमांस का खूबसूरत एहसास है। पर्दे पर मधुबाला और गुरु दत्त की अदायगी ने इस गीत को और यादगार बना दिया. फिल्म में 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी', 'ठंडी हवा काली घटा' और 'प्रीतम आन मिलो' जैसे गाने भी शामिल थे। इन गानों ने फिल्म के संगीत को खास पहचान दिलाई।

बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी फिल्म

11 फरवरी 1955 को रिलीज हुई 'मिस्टर एंड मिसेज 55' दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता हासिल की और मधुबाला के करियर की यादगार फिल्मों में अपनी जगह बनाई। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट के रिकॉर्ड में भी यह फिल्म दर्ज है। दिलचस्प बात यह है कि आज भी जब इस फिल्म का गाना 'उधर तुम हसीन हो, इधर दिल जवान है' बजता है, तो मधुबाला की खूबसूरती और रफी-गीता दत्त की आवाज का जादू एक बार फिर पुराने दौर की याद दिला देता है। यही वजह है कि 71 साल बाद भी यह गीत संगीत प्रेमियों के बीच अपनी खास जगह बनाए हुए है।

रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें, अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत



आज से भारत-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं।

ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है।



19 नवंबर को पहला टेस्ट मैच

टौरंगा में पांचवें और अंतिम वनडे के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो वनडे में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। वनडे श्रृंखला 15 नवंबर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच 19 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे।

हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा : गिल

गिल ने कहा, 'अगर वनडे श्रृंखला और टेस्ट श्रृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन वनडे और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाएंगे।' दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट श्रृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है।

ईडन पार्क की बाउंड्री बेहद छोटी

ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी हैं और उसकी दूरी केवल 55 मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक 201 विकेट लिए हैं। लेकिन 11 से 40 ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

न्यूजीलैंड टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज

भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी वनडे टीम की औसत आयु 34 से 35 के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने संकेत दिए कई खिलाड़ियों के लिए 2027 में होने वाला वनडे विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। इन खिलाड़ियों में वह भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग 34 या 35 के आसपास है। वनडे विश्व कप के बाद, सारा ध्यान फिर से टी20 क्रिकेट पर केंद्रित हो जाएगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है, लेकिन ऐसा हो सकता है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

खबर संक्षेप



चेक ओपन : सेंथिलकुमार ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रनो में खेले गए 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चेक ओपन का खिताब जीता। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन को चार गेम तक चले मैच में हराया। विश्व में 42वें नंबर के खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने लोब्बन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से पराजित करके अपना 12वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह उनका दूसरा कॉपर-स्तरीय खिताब है। इससे पहले उन्होंने अगस्त में बुडापेस्ट ओपन के रूप में अपना पहला कॉपर-स्तरीय खिताब जीता था।

विश्व चैंपियनशिपः भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक



दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता।

एक साल के लिए स्थगित एशियाई कप



कुआलालंपुर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और मेजबान सऊदी अरब में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2027 में होने वाले एशियाई कप को लगभग एक साल के लिए स्थगित कर दिया है। एएफसी ने कहा कि सऊदी अरब के आयोजकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया। पहले यह टूर्नामेंट अगले साल सात जनवरी से शुरू होना था लेकिन अब यह 23 दिसंबर 2027 से खेला जाएगा। एएफसी ने 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का फैसला किया है लेकिन इसे अभी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से मंजूरी मिलनी बाकी है।

नाबाद 155 रन की पारी से फॉर्म में लौटे यशस्वी

जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारी न्यूजीलैंड – ए के खिलाफ टेस्ट रहा ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच मंगलवार को ड्रॉ समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फॉर्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल 162 गेंदों में नाबाद 155 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके बाद दोनों कप्तान ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रॉ समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी 122 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में 346 रन जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने 424 रन बनाए थे।



राठौड़ ने जारी रखी अपनी शानदार फॉर्म

गेंद की उछाल एक समान होने के कारण शॉट लगाना आसान हो गया था। जायसवाल ने स्लॉग स्वीप शॉट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शॉट लगाए। पहले मैच में 44 और 66 रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है। उन्होंने चाय के विश्राम के बाद विदेशी धरती पर अपना पहला शतक पूरा किया।

आकर्षण का केंद्र रहे जायसवाल

हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गई थी, जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शॉट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में 5.35 के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग 44 ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में 17, पांच और शून्य रन बनाए थे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जिसमें वह खाता भी नहीं खोल पाए थे।

मैंने सिर्फ अनुशासन पर ध्यान दिया : जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि उन्होंने इस दौरान अपनी 'प्रक्रिया, दिनचर्या और अनुशासन' पर ध्यान केंद्रित किया। जायसवाल ने ड्रॉ समाप्त हुई दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने कहा कि यहां की ठंड ने उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश की। जायसवाल ने कहा, ' यहां बहुत ठंड है। गेंद शुरुआत में बहुत घूमती है और सीम मूवमेंट भी बहुत होता है। अच्छे गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंद को पिच कराते हैं। इसलिए हमें रन बनाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'जब विकेट बेहतर हो जाता है या गेंद पुरानी हो जाती है तो रन बनाना आसान हो जाता है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है, लेकिन आप अच्छे शॉट खेल सकते हैं। इसलिए बहुत मजा आया और यहां खेलना अच्छा लगता है। यह एक बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है।'

आईसीसी रैंकिंग

वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद वैष्णवी बॉलिंग रैंकिंग में 53 स्थान ऊपर चढ़कर 94वें नंबर पर पहुंच गई हैं। 20 वर्षीय स्पिनर ने तीसरे और आखिरी वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट हासिल किए, जिससे वह भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे वनडे में चार विकेट लेने के बाद, वैष्णवी ने सीरीज के आखिरी मैच में भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 39 रन देकर 5 विकेट लिए। यह वनडे फॉर्मेट में उनका तीसरा मैच था, जिसमें दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत ने सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' किया।

महिला टी20

प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड, 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▶▶| पुणे

भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया।

उत्तराखंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं।

गेंदबाजी में प्रेमा का जलवा

रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम 8 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।

मैक्सवेल ने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 14 साल के करियर का अंत हो गया है। सी मि त ओवरों की क्रिकेट के इस 38 वर्षीय धुरंधर खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल की शुरुआत में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान ओमान के खिलाफ खेला था। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए घरेलू क्रिकेट (50 ओवर के मैच और लाल गेंद से खेले जाने वाले चार दिवसीय क्रिकेट) से भी संन्यास ले रहा हूं।' उन्होंने कहा,



'ओलंपिक खेलों (2028 में) को देखते हुए मुझे लगता है कि अगले 12 से 24 महीनों में काफी बदलाव होने वाले हैं, ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि युवा खिलाड़ियों पर ध्यान दिया जाए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के दबाव का सामना करने का मौका मिले।'

कनकशन के कारण कॉनवे पहले वनडे से बाहर, सीफर्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अभ्यास सत्र के दौरान साथी खिलाड़ी मैट हेनरी से टकराने से सिर में चोट लगने (कनकशन) के कारण भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने मंगलवार को बताया कि टिम सीफर्ट उनकी जगह लेंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की कि कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल ले जाने के बाद 'कनकशन' का पता चला, जिसके कारण वह श्रृंखला के पहले मैच में



नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, 'कॉनवे को जांच के लिए अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन विभाग (ए एंड ई) में ले जाया गया, जहां 'कलकशन' की पुष्टि हुई। इस कारण वह कल भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे।''

यह टक्कर तब हुई जब दोनों खिलाड़ी श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व ऑकलैंड के ईडन पार्क में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान हवा में लहराते कैच को लेने की कोशिश कर रहे थे। सैंटनर ने पुष्टि की कि हेनरी ठीक हैं। उन्होंने मैच की कहा, 'मुझे लगता है मैट को सिर में चोट लगी थी। वह ठीक लग रहा है, लेकिन डेव (कॉनवे) को तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया है। वास्तव में वह टक्कर अच्छी नहीं लग रही थी।'

एथलीट सुधा सिंह हटीं चुनावी दौड़ से

आईओए एथलीट आयोग की निर्विरोध सदस्य चुनी गईं सिंधू-मीराबाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित 10 खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि 10 सीट के लिए केवल 10 उम्मीदवार ही रह गए थे।

निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने 5 पुरुष और 5 महिला सहित सभी 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।



आईओए एथलीट आयोग के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य

पीवी सिंधू, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत सिंह, सलीमा टेटे, स्वप्निल कुसाले, भवानी देवी, तजिंदरपाल सिंह तूर, बोम्बाल्या देवी, साजन प्रकाश और मंजीत सिंह।

आईएसएसएफ एथलीट समिति का चुनाव लड़ेगी मनु भाकर

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 2026-2030 के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) एथलीट समिति का चुनाव लड़ेंगी, जिन्हें पिस्टल वर्ग में नामित किया गया है। भाकर उन दस उम्मीदवारों में से हैं, जो पिस्टल श्रेणी में दो पदों के लिए दौड़ में होंगे। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा को बचाना और ओलंपिक कार्यक्रम में इसके दीर्घकालिक भविष्य को सुरक्षित करने के साथ आईएसएसएफ विश्व कप में बेहतर इनामी राशि के लिए जोर देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। भाकर ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर खेलने के बाद मुझे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के सामने आने वाली चुनौतियों और मौकों दोनों का अनुभव है। मेरा मानना है कि खिलाड़ियों को खेलों में भागीदारी के अलावा भविष्य को गढने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।'

जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग को मिलाकर नए राज्य का खाका तैयार करने की तैयारी

संसाधनों पर हक, विकास में हिस्सेदारी और क्षेत्रीय पहचान के मुद्दे पर बनेगी सहमति

भोपाल से अलग होगा पूर्वी प्रदेश? जबलपुर को राजधानी बनाने की उठेगी मांग!

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश के पूर्वी अंचल को अलग राज्य के रूप में गठित करने की मांग अब एक बड़े राजनीतिक मुद्दे का रूप ले सकती है। जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभागों को मिलाकर 'पूर्वी प्रदेश' के गठन की अवधारणा ने क्षेत्रीय विकास, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और प्रशासनिक विकेंद्रीकरण को लेकर नई बहस की जमीन तैयार कर दी है। सवाल है कि आखिर कब तक पूर्वी मध्यप्रदेश अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भोपाल की ओर देखता रहेगा?

महाकौशल, विंध्य और बुंदेलखंड के बड़े हिस्से में फैले इस क्षेत्र की पहचान प्राकृतिक संसाधनों, खनिज संपदा, वन संपदा, कृषि और सांस्कृतिक विरासत से है। इसके बावजूद समर्थकों का तर्क है कि क्षेत्र के अनेक जिलों में रोजगार, औद्योगिक निवेश, सिंचाई, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा की चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। ऐसे में अलग राज्य की मांग को क्षेत्रीय विकास की नई दिशा के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।



संसाधन पूर्वी अंचल के, फैसले कहीं और?

सिंगरौली का कोयला, सतना का सीमेंट उद्योग, बालाघाट की खनिज संपदा और महाकौशल के प्राकृतिक संसाधन इस क्षेत्र की आर्थिक ताकत हैं। इसके बावजूद सवाल उठता है कि स्थानीय युवाओं को पर्याप्त रोजगार क्यों नहीं मिल रहा? उद्योगों का विस्तार अपेक्षित गति से क्यों नहीं हो रहा? कई जिलों में पलायन और बुनियादी सुविधाओं की चुनौतियां क्यों कायम हैं? अलग राज्य के समर्थकों का मानना है कि स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बजट, उद्योग नीति और रोजगार योजनाएं तैयार करने के लिए अलग प्रशासनिक व्यवस्था उपयोगी हो सकती है। हालांकि क्षेत्रवार सरकारी निवेश के तुलनात्मक आंकड़ों के बिना यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि इस क्षेत्र के साथ बजट आवंटन में व्यवस्थित भेदभाव हुआ है।

जबलपुर क्यों हो राजधानी का दावेदार?

प्रस्तावित 'पूर्वी प्रदेश' की राजधानी को लेकर जबलपुर का नाम प्रमुखता से सामने आ सकता है। यहां उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ, सैन्य प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान और प्रमुख प्रशासनिक सुविधाएं मौजूद हैं। समर्थकों का तर्क है कि जबलपुर को राजधानी बनाने से महाकौशल के साथ विंध्य और बुंदेलखंड के प्रशासनिक संपर्क को भी मजबूती मिल सकती है। हालांकि राजधानी का अंतिम चयन किसी भी औपचारिक राज्य गठन प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

विधानसभा से संसद तक बदलेगा राजनीतिक गणित

जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभागों को मिलाकर राज्य बनाने पर विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों का निर्धारण संवैधानिक प्रक्रिया तथा लागू परिसीमन व्यवस्था के अनुसार करना होगा। मौजूदा क्षेत्रों की सीटों को जोड़कर प्रारंभिक राजनीतिक आकलन किया जा सकता है, लेकिन नए राज्य की सीटों की अंतिम संख्या अभी तय नहीं है।

सहमति के बिना नहीं बनेगा आंदोलन

'पूर्वी प्रदेश' की मांग को वास्तविक राजनीतिक ताकत बनाने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं, युवाओं और नागरिक समूहों के बीच सहमति आवश्यक होगी। इसके लिए विकास असंतुलन पर श्वेत पत्र, जिलेवार आर्थिक सर्वेक्षण, जनसंवाद और सर्वदलीय चर्चा जैसे कदम महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

हाईकोर्ट ने सरकार की स्टेटस रिपोर्ट पर सुनवाई के दौरान जताई व्यापक कार्ययोजना की जरूरत

बड़े शहर ही नहीं, गांवों तक फैला स्ट्रीट डॉग का आतंक, रोकथाम के लिए बनेगा मॉडल

जबलपुर। स्ट्रीट डॉग्स का आतंक अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव और कस्बों में भी डाग बाइट और रेबीज की घटनाएं चिंता का विषय बन रही हैं। इस समस्या के प्रभावी निराकरण के लिए हाई कोर्ट ने एक माडल तैयार करने की दिशा में पहल की है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सभी पक्षों की सहमति से माडल तैयार करने का निर्णय लिया। अगली सुनवाई में तय किया जाएगा कि इसके लिए किस शहर का चयन किया जाए। मंगलवार को स्ट्रीट डॉग्स से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के



दिशा-निर्देशों के पालन में किए गए कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई। इस पर कोर्ट मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रायन डिसल्वा और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनुराग गोहिल ने ध्यानाकर्षण कराया कि सरकार का ध्यान मुख्य रूप से बड़े शहरों तक सीमित है, जबकि समस्या गांवों और कस्बों में भी गंभीर रूप ले चुकी है। इसके लिए व्यापक और ठोस कार्ययोजना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं सख्त निर्देश

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग्स के हमलों और रेबीज की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सरकारी एवं निजी संस्थानों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों जैसे स्थानों को चिन्हित कर कुत्तों के टीकाकरण और नसबंदी के निर्देश दिए हैं। स्थानीय निकायों को इन स्थानों का नियमित निरीक्षण करने तथा यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि वहां आवारा कुत्ते डेरा न जमाएं। रेबीज से संक्रमित या संक्रमण की आशंका वाले कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को इस विषय पर स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई करने के निर्देश दिए थे।

भोपाल की घटना पर हाईकोर्ट ने लिया था संज्ञान

हाईकोर्ट भोपाल में स्ट्रीट डॉग के हमले में बच्ची के घायल होने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेकर पहले से जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रहा है। इसके अलावा स्ट्रीट डॉग्स की समस्या को लेकर अन्य याचिकाएं भी दायर की गई हैं।

नियमों की अनदेखी के आरोप, मूल रिकार्ड पेश करने सरकार को मोहलत

महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्तियों पर उठे सवाल

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्तियों में निर्धारित नियमों की अनदेखी किए जाने के आरोपों को गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने नियुक्तियों से संबंधित चयन प्रक्रिया का मूल रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से रिकार्ड प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया। कोर्ट ने आग्रह स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 18 नवंबर निर्धारित की है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के संयुक्त सचिव योगेश सोनी की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की वकालत का अनुभव अनिवार्य है। इसके बावजूद महाधिवक्ता कार्यालय में नियुक्त किए गए कई अधिवक्ताओं के पास निर्धारित अनुभव नहीं है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नियुक्तियों के दौरान निर्धारित अर्हताओं की अनदेखी कर अपात्र अधिवक्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का भी अभाव रहा। इसे मनमाना, पक्षपातपूर्ण और राजपत्र अधिसूचना के प्रावधानों के विपरीत बताते हुए चुनौती दी गई है। याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। साथ ही नियुक्तियों की प्रक्रिया से संबंधित संपूर्ण मूल रिकार्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को हुई सुनवाई में शासन की ओर से रिकॉर्ड पेश करने के लिए समय मांगा गया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पैरवी की।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एनजीटी में पेश किया जवाब, फूड ग्रेन की अनुमति पर सीमेंट की भी हो रही लोडिंग-अनलोडिंग, 50 हजार आबादी प्रभावित

कछपुरा मालगोदाम में धूल प्रदूषण की पुष्टि, रेलवे को नोटिस

जबलपुर। कछपुरा रेल साइडिंग मालगोदाम से फैल रहे धूल प्रदूषण को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में महत्वपूर्ण जवाब पेश किया है। बोर्ड ने स्वीकार किया है कि मालगोदाम में बड़े वाहनों की आवाजाही और लोडिंग-अनलोडिंग के कारण अत्यधिक धूल उत्सर्जित हो रही है। वायु प्रदूषण रोकने के लिए रेलवे ने कोई समुचित उपाय नहीं किए हैं। इतना ही नहीं, फूड ग्रेन की लोडिंग-अनलोडिंग की अनुमति के बावजूद यहां सीमेंट की भी लोडिंग-अनलोडिंग की जा रही है। मालगोदाम के चारों ओर धूल नियंत्रण के लिए पौधारोपण तक नहीं कराया गया है। बोर्ड ने इस संबंध में डीआरएम को नोटिस भी जारी किया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से अधिवक्ता पारुल भदोरिया ने 30 अक्टूबर 2026 को एनजीटी में यह जवाब प्रस्तुत किया। इसमें बताया गया कि बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने 20 अप्रैल 2026 को कछपुरा रेल साइडिंग का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान बड़े वाहनों की आवाजाही और माल की लोडिंग-अनलोडिंग से अत्यधिक धूल उत्सर्जन पाया गया। वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए रेलवे की ओर से आवश्यक इंतजाम नहीं किए गए थे। इससे आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण की समस्या निर्मित हो रही है। निरीक्षण में फूड ग्रेन के साथ सीमेंट की लोडिंग-अनलोडिंग भी सामने आई। डस्ट उत्सर्जन नियंत्रित करने के पर्याप्त उपाय नहीं मिले और रेल साइडिंग के चारों ओर पौधारोपण भी नहीं किया गया था।

उल्लेखनीय है कि डा. पीजी नाजपांडे और रजत भार्गव ने एनजीटी में अवमानना याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि कछपुरा मालगोदाम से उठने वाले धूल के गुबार ने आसपास रहने वाले करीब 50 हजार लोगों का जीवन दूभर कर दिया है। याचिका में बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 5 अप्रैल 2023 को केवल फूड ग्रेन की लोडिंग-अनलोडिंग की अनुमति दी थी, लेकिन इसके बावजूद सीमेंट और आयरन ओर की भी लोडिंग-अनलोडिंग की जा रही है। एनजीटी ने याचिका पर नोटिस जारी कर संबंधित पक्षों से जवाब मांगा था। अधिवक्ता प्रभात यादव के अनुसार, एनजीटी ने रेलवे सहित अन्य संबंधित पक्षों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी 2027 को निर्धारित की गई है।

हाईकोर्ट ने आरटीआइ के 15 साल पुराने मामले में सिंगल बेंच के आदेश में किया संशोधन

राजभवन के दस्तावेजों का पहले निरीक्षण, फिर मिलेगी प्रमाणित

जबलपुर। मध्य प्रदेश राजभवन से राज्यपाल द्वारा केंद्र सरकार को भेजी जाने वाली मासिक रिपोर्टों और केंद्रीय पत्राचार की जानकारी हासिल करने की 15 साल पुरानी कानूनी लड़ाई में हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां प्राप्त करने से पहले उनका निरीक्षण किया जा सकेगा। आवेदक निरीक्षण के बाद आवश्यक दस्तावेजों को चिन्हांकित कर उनकी प्रतियों के लिए आवेदन कर सकेगा।



भोपाल निवासी अजय दुबे ने 12 दिसंबर 2011 को राजभवन सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी के समक्ष आरटीआइ आवेदन प्रस्तुत किया था। इसमें एक जनवरी 2011 के बाद राज्यपाल द्वारा प्रदेश के शासन-प्रशासन और राजनीतिक स्थिति के संबंध में भारत सरकार को भेजी गई मासिक रिपोर्टों तथा इनके आधार पर केंद्र सरकार द्वारा राजभवन को भेजे गए पत्रों और निर्देशों की जानकारी मांगी गई थी। लोक सूचना अधिकारी ने 29 दिसंबर 2011 को आवेदन अस्पष्ट बताते हुए निरस्त कर दिया था। हालांकि, प्रथम अपीलीय अधिकारी ने 23 फरवरी 2012 को अभिलेखों के निरीक्षण और उसके बाद आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां मांगने की अनुमति दी थी। मामला राज्य सूचना आयोग पहुंचा, जिसने 17 अगस्त 2015 को प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश को प्रभावी बनाए रखा। इसके विरुद्ध रिट याचिक दायर हुई। सिंगल बेंच ने 17 अगस्त 2026 को आयोग और प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश निरस्त करते हुए आवेदक को दस्तावेजों का स्पष्ट विवरण देकर 15 दिन में नया आवेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी थी। इस आदेश के विरुद्ध अजय दुबे ने रिट अपील दायर की। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद कहा कि आवेदक पहले लोक सूचना अधिकारी के समक्ष अभिलेखों के निरीक्षण के लिए आवेदन कर सकता है। निरीक्षण के बाद आवश्यक दस्तावेजों को चिन्हांकित कर उनकी प्रमाणित प्रतियां मांग सकेगा। आवेदक की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार चंद ने पक्ष रखा, जबकि शासन की ओर से उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा उपस्थित हुए।

आरटीओ कार्यालय के पास बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जबलपुर। माढ़ोताल थाना क्षेत्र में आरटीओ कार्यालय के पास तेज रफ्तार बस की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बस चालक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के अनुसार कोल बस्ती आईटीआई निवासी 19 वर्षीय शिवम कोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 नवंबर को कार्तिक कोल ने फोन पर सूचना दी कि उसके चाचा का बेटा शुभम कोल आरटीओ कार्यालय के पास उदय ज्वेलर्स के सामने सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। सूचना मिलने पर शिवम अपने साथी गौरव के साथ मौके पर पहुंचा। वहां पता चला कि बस क्रमांक एमपी 70 जेडडी 8090 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से बस चलाते हुए शुभम की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में शुभम के पेट, कमर और दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान आज सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(ए) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

70 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा पार करने के बावजूद पद पर बने रहने का आरोप, शासन सहित अन्य को नोटिस

जेएनकेवि के कुलगुरु की नियुक्ति को हाईकोर्ट में चुनौती

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जेएनकेवि), जबलपुर के कुलगुरु डा. प्रमोद कुमार मिश्रा की नियुक्ति और पद पर बने रहने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों के तहत निर्धारित 70 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा पार करने के बावजूद कुलपति के पद पर बने रहने को अवैध बताया गया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश शासन सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी डा. सत्येंद्र यादव की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने अदालत को बताया कि यूजीसी के नियमों में कुलपति पद पर बने रहने के लिए अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष निर्धारित है। याचिका के अनुसार डा. प्रमोद कुमार मिश्रा की जन्मतिथि एक जुलाई 1956 है। उन्हें 17 नवंबर 2022 को विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया था। इस आधार पर उन्होंने 30 जून 2026 को 70 वर्ष की आयु पूरी कर ली है। इसके बावजूद पद पर बने रहना यूजीसी के निर्धारित नियमों के विपरीत है। याचिका में राज्यपाल कार्यालय द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु की नियुक्ति के दौरान 70 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा निर्धारित किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों प्रो. नरेंद्र सिंह भंडारी विरुद्ध रवींद्र जुगरान और पश्चिम बंगाल राज्य विरुद्ध अनिंद्य सुंदर दास का हवाला देते हुए यूजीसी के नियमों की अनिवार्यता का तर्क दिया गया है। याचिकाकर्ता ने 70 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद कुलपति के पद पर बने रहने को अवैध घोषित करने, डा. मिश्रा को पद से हटाने और राज्य शासन व राजभवन को नए कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश देने की मांग की है। अंतरिम राहत के रूप में उन्हें कुलपति के रूप में कार्य करने और किसी भी प्रकार के निर्णय लेने से रोकने का आग्रह भी किया गया है।

पुरानी रंजिश में पीट-पीटकर की थी हत्या, दंपति को आजीवन कारावास

अदालत ने दोनों पर लगाया छह-छह हजार रुपये का अर्थदंड

जबलपुर। सिहोरा के ग्राम मड़ोद में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की राड और डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने वाले दंपती को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कोल की अदालत ने आरोपी कन्छेदी गौड़ और उसकी पत्नी मीराबाई गौड़ को दोषी करार देते हुए छह-छह हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अभियोजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ग्राम मड़ोद निवासी सिम्मा उर्फ श्यामलाल चौधरी 13 अगस्त 2024 की सुबह करीब आठ बजे जितेंद्र ठाकुर की दुकान पर बीड़ी लेने गए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर कन्छेदी गौड़ ने उन पर रॉड से, जबकि उसकी पत्नी मीराबाई ने डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर श्यामलाल का बेटा राजेश चौधरी और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने उन पर भी हमला करने के लिए दौड़ लगाई, लेकिन ग्रामीणों के एकत्रित होने पर दोनों मौके से फरार हो गए। हमले में गंभीर चोटें आने के कारण श्यामलाल की मौत हो गई थी। पुलिस ने दंपति के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद चालान अदालत में पेश किया। विचारण के दौरान प्रस्तुत गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

छिंदवाड़ा में जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर पकड़ा

जबलपुर। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को छिंदवाड़ा के सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी कर्मचारी ने ठेकेदार से उसकी जमा ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) की राशि वापस कराने की प्रक्रिया पूरी करने के एवज में रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार, आवेदक सौरभ मिश्रा निवासी ग्राम अंबाड़ा, तहसील परासिया, जिला छिंदवाड़ा ने अपनी पंजीकृत फर्म के माध्यम से करीब छह माह पहले जुन्नारदेव विकासखंड की ग्राम पंचायत नवेगांव में छात्रावास की बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए निविदा भरी थी। इसके लिए उसने ऑनलाइन माध्यम से विभाग में लगभग 28 हजार रुपए ईएमडी जमा की थी। बाद में जनजातीय कार्य विभाग ने उसका टेंडर निरस्त कर दिया। इसके बाद सौरभ ने विभाग में पदस्थ भृत्य (पदेन बाबू एवं कंप्यूटर ऑपरेटर) ललित कुमार अहिरवार से ईएमडी की राशि वापस कराने के लिए संपर्क किया। आरोप है कि ललित अहिरवार ने राशि वापसी की प्रक्रिया पूरी करने के बदले 4 हजार रुपए रिश्वत की मांग की।

कार्यालय में रिश्वत लेते ही दबोचा

आवेदक की शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार 3 नवंबर को जाल बिछाया। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के कार्यालय में जैसे ही आरोपी ललित कुमार अहिरवार ने आवेदक से 4 हजार रुपए रिश्वत के रूप में लिए, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है। ट्रैप दल में डीएसपी एवं ट्रैपकर्ता रेखा प्रजापति, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया सहित जबलपुर लोकायुक्त इकाई के अन्य सदस्य शामिल रहे।

पिता-बेटी के पेट और सीने में घोंपे चाकू, 2 बेटे भी लहुलुहान

गोरखपुर में खूनी संघर्ष : एक ही परिवार के 4 लोगों पर चाकू से हमला

जबलपुर। शहर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि मामूली विवाद भी खूनी संघर्ष का रूप ले रहा है। गोरखपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर, गुप्तेश्वर के पास गाली-गलौज को लेकर हुए विवाद में तीन युवकों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में पिता, बेटी और उनके दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद के दौरान कृष राय, मनीष राय और अक्षय रजक ने कथित तौर पर चाकुओं से परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। हमले में बनारसी लाल गुप्ता के पेट में चाकू लगा, जबकि उनकी बेटी काजल गुप्ता के सीने पर चाकू से वार किया गया। वहीं, परिवार के दो अन्य



सदस्य मोहित गुप्ता के पैर और मनीष गुप्ता के हाथ में चाकू लगने से वे लहूलुहान हो गए। अचानक हुए इस हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से चारों घायलों को तत्काल उपचार के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों को गंभीर चोटें आने की जानकारी सामने आई है।

तीनों आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। सूचना मिलने पर गोरखपुर थाना पुलिस ने प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज कर कृष राय, मनीष राय और अक्षय रजक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। एक ही परिवार के चार लोगों पर चाकुओं से किए गए इस हमले ने क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। मामूली कहासुनी में इस तरह की हिंसक वारदात ने शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109(1), 296(बी), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ईएमडी की राशि लौटाने के एवज में मांगी 4 हजार की रिश्वत,

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240